आज का तापमान
| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 23°C | 7°C |

इनसाइड न्यूज
यूपी में मुद्दे लपकने की सपा और कांग्रेस में मची होड़
उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

शुक्रवार 13 दिसंबर, 2024 | पेज: 12 | मूल्य: ₹3.00/- | लखनऊ | वर्ष: 16, अंक: 62 | www.janexpresslive.com/epaper

सुप्रीम कोर्ट का आदेश, धार्मिक स्थलों पर नए... 12

# एक देश-एक चुनाव बिल कैबिनेट से मंजूर

- अगले हफ्ते संसद में लाया जाएगा, पास हुआ तो 2029 तक एक साथ देशभर में होंगे चुनाव

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय कैबिनेट से एक देश-एक चुनाव के प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है। न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से यह खबर दी है। इसमें कहा गया है कि अगले हफ्ते बिल को संसद में पेश किया जा सकता है। सरकार इस बिल पर आम सहमति बनाना चाहती है, लिहाजा संसद से बिल को चर्चा के लिए जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी के पास भेजा जाएगा। जेपीसी इस बिल पर सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा करेगी। इससे पहले सितंबर में केंद्रीय कैबिनेट ने वन नेशन-वन इलेक्शन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी। कैबिनेट मीटिंग के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा था कि पहले फेज में विधानसभा और लोकसभा चुनाव साथ होंगे। इसके बाद 100 दिन के भीतर दूसरे फेज में निकाय चुनाव साथ कराए जाएंगे। एक देश एक चुनाव (वन नेशन, वन इलेक्शन) एक ऐसा प्रस्ताव है, जिसके तहत भारत में लोकसभा और राज्य में होने वाले विधानसभा चुनावों को एक साथ कराने की बात की गई है। यह बीजेपी के मेनिफेस्टो के कुछ जरूरी लक्ष्यों में भी शामिल है। चुनावों को एक साथ कराने का प्रस्ताव रखने का यह कारण है कि इससे चुनावों में होने वाले खर्च में कमी हो सकती है। दरअसल, देश में 1951 से लेकर 1967 के बीच एक साथ ही चुनाव होते थे और लोग केंद्र सरकार और राज्य सरकार दोनों के लिए एक समय पर ही वोटिंग करते थे। बाद में, देश के कुछ पुराने प्रदेशों का वापस गठन होने के साथ-साथ बहुत से नए राज्यों की स्थापना भी हुई। इसके चलते 1968-69 में इस सिस्टम को रोक दिया गया था।



### पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद रिपोर्ट सौंप चुके

वन नेशन वन इलेक्शन पर विचार के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में 2 सितंबर 2023 को एक पैनल बनाया गया था। इस पैनल ने स्टेकहोल्डर्स-एक्सपर्ट्स से चर्चा के बाद 191 दिन की रिसर्च के बाद 14 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी।

### क्या है वन नेशन वन इलेक्शन

भारत में फिलहाल राज्यों के विधानसभा और देश के लोकसभा चुनाव अलग-अलग समय पर होते हैं। वन नेशन वन इलेक्शन का मतलब है कि पूरे देश में एकसाथ ही लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव हों। यानी मतदाता लोकसभा और राज्य के विधानसभाओं के सदस्यों को चुनने के लिए एक ही दिन, एक ही समय पर या चरणबद्ध तरीके से अपना वोट डालेंगे। आजादी के बाद 1952, 1957, 1962 और 1967 में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एकसाथ ही हुए थे, लेकिन 1968 और 1969 में कई विधानसभाएं समय से पहले ही भंग कर दी गईं। उसके बाद 1970 में लोकसभा भी भंग कर दी गई। इस वजह से एक देश-एक चुनाव की परंपरा टूट गई।

### चुनाव पर बनी समिति की सिफारिशें क्या थीं?

समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि एक साथ चुनाव की सिफारिशें को दो चरणों में कार्यान्वित किया जाएगा। पहले चरण में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ आयोजित किये जायेंगे। दूसरे चरण में आम चुनावों के 100 दिनों के भीतर स्थानीय निकाय चुनाव (पंचायत और नगर पालिका) किये जायेंगे। इसके तहत सभी चुनावों के लिए समान मतदाता सूची तैयार की जाएगी। इसके लिए पूरे देश में विस्तृत चर्चा शुरू की जाएगी। वहीं एक कार्यान्वयन समूह का भी गठन किया जाएगा। समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि एक साथ चुनाव की सिफारिशें को दो चरणों में कार्यान्वित किया जाएगा। पहले चरण में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ आयोजित किये जायेंगे।

### बिल पास हुआ तो 2029 तक वन नेशन-वन इलेक्शन

- कमेटी की रिपोर्ट के मुताबिक, एक देश-एक चुनाव लागू करने के लिए कई राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल घटेगा।
- जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव 2023 के आखिर में हुए हैं, उनका कार्यकाल बढ़ाया जा सकता है।
- विधि आयोग के प्रस्ताव पर सभी दल सहमत हुए तो यह 2029 से ही लागू होगा। इसके लिए दिसंबर 2026 तक 25 राज्यों में विधानसभा चुनाव कराने होंगे।

### कोविंद पैनल के 5 सुझाव...

1 सभी राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल अगले लोकसभा चुनाव यानी 2029 तक बढ़ाया जाए।

2 हंग असेंबली (किसी को बहुमत नहीं), नो कॉन्फिडेंस मोशन होने पर बाकी 5 साल के कार्यकाल के लिए नए सिरे से चुनाव कराए जा सकते हैं।

3 पहले फेज में लोकसभा-विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जा सकते हैं, उसके बाद दूसरे फेज में 100 दिनों के भीतर लोकल बॉडी के इलेक्शन कराए जा सकते हैं।

4 चुनाव आयोग लोकसभा, विधानसभा, स्थानीय निकाय चुनावों के लिए राज्य चुनाव अधिकारियों के परामर्श से सिंगल वोटर लिस्ट और वोटर आईडी कार्ड तैयार करेगा।

5 कोविंद पैनल ने एक साथ चुनाव कराने के लिए उपकरणों, जनशक्ति और सुरक्षा बलों की एडवांस प्लानिंग की सिफारिश की है।

### क्या है एक देश एक चुनाव की बहस?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2019 के स्वतंत्रता दिवस पर एक देश एक चुनाव का जिक्र किया था। तब से अब तक कई मौकों पर भाजपा की ओर एक देश एक चुनाव की बात की जाती रही है। ये विचार इस पर आधारित है कि देश में लोकसभा और सभी राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ हों। अभी लोकसभा यानी आम चुनाव और विधानसभा चुनाव पांच साल के अंतराल में होते हैं। इसकी व्यवस्था भारतीय संविधान में की गई है। अलग-अलग राज्यों की विधानसभा का कार्यकाल अलग-अलग समय पर पूरा होता है, उसी के हिसाब से उस राज्य में विधानसभा चुनाव होते हैं। हालांकि, कुछ राज्य ऐसे भी हैं जहां विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ होते हैं। इनमें अरुणाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम जैसे राज्य शामिल हैं।

### एक देश एक चुनाव की बहस की वजह क्या है?

दरअसल, एक देश एक चुनाव की बहस 2018 में विधि आयोग के एक मसौदा रिपोर्ट के बाद शुरू हुई थी। उस रिपोर्ट में आर्थिक वजहों को गिनाया गया था। आयोग का कहना था कि 2014 में लोकसभा चुनावों का खर्च और उसके बाद हुए विधानसभा चुनावों का खर्च लगभग समान रहा है। वहीं, साथ-साथ चुनाव होने पर यह खर्च 50:50 के अनुपात में बंट जाएगा। सरकार को सौंपी अपनी ड्राफ्ट रिपोर्ट में विधि आयोग का कहना था कि साल 1967 के बाद एक साथ चुनाव कराने की प्रक्रिया बाधित हो गई। आयोग का कहना था कि आजादी के शुरुआती सालों में देश में एक पार्टी का राज था और क्षेत्रीय दल कमजोर थे। धीरे-धीरे अन्य दल मजबूत हुए कई राज्यों की सत्ता में आए। वहीं, संविधान की धारा 356 के प्रयोग ने भी एक साथ चुनाव कराने की प्रक्रिया को बाधित किया। अब देश की राजनीति में बदलाव आ चुका है। कई राज्यों में क्षेत्रीय दलों की संख्या काफी बढ़ी है। वहीं, कई राज्यों में इनकी सरकार भी है।

# विशेष सचिव पशुधन का भ्रष्टाचार से रहा है पुराना नाता

- डॉ. नीरज ग्रुप्ता के भ्रष्टाचार मामले की जांच कमेटी के अध्यक्ष हैं देवेंद्र पांडेय

जन एक्सप्रेस फॉलोअप
**संतोष कुमार दीक्षित**

**राज्य मुख्यालय।** यूपीएलडीबी उत्तर प्रदेश लाइवस्टॉक डेवलपमेंट बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) डॉ. नीरज गुप्ता के भ्रष्टाचार मामलों की जांच कर रही तीन सदस्यीय जांच कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र पांडेय विशेष सचिव पशुधन का भ्रष्टाचार से पुराना नाता रहा है। पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह के जांच के आदेश के बावजूद भी डेढ़ महीने तक जांच शुरू ही नहीं कराई गई। जांच कमेटी में विशेष सचिव के अलावा वित्त नियंत्रण पशुपालन विभाग बृजेश कुमार और संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग के डॉ. संजय श्रीवास्तव शामिल हैं। वेटनरी डॉक्टर्स वेलफेयर सोसायटी के सदस्यों का आरोप है कि डॉ. नीरज गुप्ता के भ्रष्टाचार के आरोपों की जानबूझकर जांच शुरू नहीं कराई गई। मिलीभगत से सरकार को करोड़ों रुपये का चूना लगाने में कहीं न कहीं इनकी भी संलिप्तता हो सकती है। इससे पहले भी डीएम रहते इन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे और उस मामले में सस्पेंड किए गए थे।


डेढ़ माह पहले योग्य नहीं माना, नियमों को अनदेखा कर बढ़ाया भ्रष्ट सीईओ का कार्यकाल

### कंपोजिट ग्रांट घोटाले में हुए थे निलंबित

उन्नाव डीएम रहते साल 2020 में देवेंद्र कुमार पांडेय को कंपाजिट ग्रांट घोटाले में उत्तर प्रदेश पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने जांच में दोषी पाया था। जिसके बाद ईओडब्ल्यू ने देवेंद्र कुमार पांडेय के खिलाफ एक्शन लेने और एफआईआर दर्ज कराने की सिफारिश शासन से की थी। लखनऊ कमिश्नर की जांच में भी आईएएस देवेंद्र कुमार पांडेय को दोषी पाया गया था। जिसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्रवाई करते हुए 23 फरवरी 2020 को देवेंद्र कुमार पांडेय को सस्पेंड कर मामले की जांच ईओडब्ल्यू को सौंप दी थी।

### कीमत से ज्यादा सामान के बसूले थे दाम

आरोप था कि देवेंद्र कुमार ने मिलीभगत कर स्कूलों के लिए सामान खरीदे और सरकारी दस्तावेजों में कीमत बढ़ाकर दिखाई। फर्जी बिल बनाए गए। इस मामले की शिकायत समाजवादी पार्टी एमएलसी सुनील सिंह साजन ने मुख्यमंत्री और राज्यपाल के पास की थी। मुख्यमंत्री ने इस मामले का संज्ञान लिया और लखनऊ कमिश्नर को जांच की जिम्मेदारी सौंपी। जांच में इस बात का खुलासा हुआ कि जौनपुर की एक फर्म को ही ज्यादा ठेके दिए गए। इस फर्म का जीएसटी नंबर भी नहीं था।

### करीबियों को पहुंचाया था फायदा

तत्कालीन उन्नाव डीएम देवेंद्र कुमार पांडेय पर कंपोजिट ग्रांट के तहत जारी किए गए 9.73 करोड़ रुपए में धांधली के आरोप लगे थे। इस राशि के तहत उन्नाव जिले के 2,305 प्राइमरी और 832 जूनियर स्कूलों के लिए कुर्सी, मेज, टाट-पट्टी, शिलापट, चॉक, स्टेशनरी, बाल्टी, कूड़ेदान, मिड डे मील के बर्तन और खेल का सामान खरीदना था। डीएम रहते देवेंद्र कुमार पांडेय ने अपने करीबियों की फर्मों से सांठगांठ करके सरकार को करोड़ों रुपए का चूना लगाया था।


# इनकम टैक्स विभाग ने खंगाले केमिकल और मार्बल कारोबारियों के ठिकाने

## लखनऊ, हरदोई, मुरादाबाद समेत कई जिलों में केमिकल और मार्बल कारोबारियों के घरों और गोदामों पर सर्वे किया

- आयकर विभाग पिछले कुछ महीनों से इन व्यापारियों की निगरानी कर रहा था
- लखनऊ में एके जैन और डीके जैन मार्बल्स के यहां विभाग की टीम ने सर्वे किया

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

इनकम टैक्स विभाग ने टैक्स में हेराफेरी के संदिग्ध कारोबारियों के ठिकाने खंगाले। विभाग की टीमों ने लखनऊ, हरदोई, मुरादाबाद समेत कई जिलों में केमिकल और मार्बल कारोबारियों के घरों और गोदामों पर सर्वे किया। इन संभी कारोबारियों पर आरोप है कि वे अपने आयकर रिटर्न में गड़बड़ी कर रहे थे। आयकर विभाग पिछले कुछ महीनों से इन व्यापारियों की निगरानी कर रहा था। लखनऊ में एके जैन और डीके जैन मार्बल्स के यहां विभाग की टीम ने सर्वे किया।




### टर्नओवर के अनुसार आयकर नहीं दिया जा रहा

ऐशबाग के केमिकल व्यापारी विशाल स्वरूप हरदोई जिले के संडीला में दो फैक्ट्रियां, इंडियन पेस्टीसाइड लिमिटेड और स्वरूप केमिकल, चला रहे हैं। ये फैक्ट्रियां 2021 में स्थापित हुईं और अच्छा टर्नओवर कर रही हैं, लेकिन उसके अनुसार आयकर नहीं दिया जा रहा है। विभाग कई महीनों से इनकी गतिविधियों की निगरानी कर रहा था।

### आयकर रिटर्न दाखिल करने में गड़बड़ी करने का आरोप

आयकर विभाग के सूत्रों के अनुसार, स्वरूप के ऐशबाग आवास, इंदिरा नगर में रह रहे फैक्ट्री के निदेशक व संडीला आदि स्थानों पर टीमें सर्वे कर रही हैं। इसी तरह, इंदिरा नगर स्थित एचएएल के सामने एके जैन और डीके जैन मार्बल्स के यहां भी विभाग की टीमें जांच कर रही हैं। इन व्यापारियों पर भी आयकर रिटर्न दाखिल करने में गड़बड़ी करने का आरोप है।

JAN EXPRESS
National Hindi Daily

# तो क्यों न रहे चिराग़ तले अंधेरा...!

## जब उच्च अधिकारियों को गुमराह कर कुछ पुलिस के नुमाइंदे ही कर रहे स्पा सेंटर्स की दलाली!

- उच्च अधिकारियों के निर्देश पर पानी फेर रही थानों की पुलिस तो कैसे साफ होगी स्पा सेंटर्स में फैली गंदगी
- तीन दिन में एक भी दबिश या छापेमारी की नहीं मिली सूचना, हाथ पर हाथ रखकर बैठे हैं थानेदार

जन एक्सप्रेस फॉलोअप
**विश्वामित्र पांडेय**

**लखनऊ।** आखिर ऐसे किस काम में पूरे थाने की पुलिस व्यस्त रहती है कि उनकी नजरों से बचकर अपराधी अपराध करते रहते हैं और पुलिस को भनक भी नहीं लग पाती। राजधानी में स्पा सेंटर्स के नाम पर पनपे संगठित अपराध की इसी लखनऊ की पुलिस ने कभी कमर तोड़कर रख दी थी, लेकिन आज दौर मानों हाईटेक अपराधियों का होता जा रहा है। कभी पुलिस के नाम से कांपने वाले अपराधी आज पुलिस के साथ मेलजोल बढ़ा रहे हैं, जबकि पुलिस की आंख और कान बने लोकतंत्र के चौथे स्तंभ यानि पत्रकारों से पुलिस भागने लगी है। ऐसा लगता है कि दागी पुलिस अधिकारी और कर्मचारी अपना दागी दामन बचा रहे हों! स्पा सेंटर्स में हो रहे अनैतिक देह व्यापार की कई सूचनाओं के बाद जन एक्सप्रेस की टीम मैदान में उतरी तो ज्यादातर सेंटरों में अवैध कार्यों की पुष्टि हुई।


फाइल फोटो

### खबर का असर!

बीते दिनों स्पा सेंटर्स की खबरें प्रकाशित होने के बाद कई स्पा सेंटर्स के बोर्ड हटे नजर आए। वहीं सचिवालय के पास संचालित डॉल्फिन थाई यूनीसेक्स सैलून एंड स्पा का बड़ा बोर्ड भी हटा दिया गया है जबकि एक छोटा बोर्ड लटकाया गया है।

> जब जानकारी होती है तो ऐसे लोगों पर कारवाही होती है फिलहाल ऐसे किसी काम की जानकारी नहीं है बाकी हम दिखवा लेते हैं।
> – थाना प्रभारी, कृष्णा नगर

> ऐसे मामलों कि जांच चल रही है इनपर निगरानी रखी जा रही है, पकड़े जाने पर ऐसे कार्यों में संलिप्त लोगों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।
> – प्रभारी थानाध्यक्ष, आशियाना थाना

### कृष्णा नगर थाने के सामने ही चल रहे तीन स्पा सेंटर में होती है अय्याशी!

विशेष सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लखनऊ कमिश्नरेट के दक्षिणी जोन में आने वाले कानपुर रोड पर स्थित कृष्णा नगर कोतवाली के सामने तीन स्पा सेंटर्स संचालित हो रहे हैं जहां पर जिस्मफरोशी का कारोबार चलाया जा रहा है। वहीं इसी प्रकार अवैध कारोबार में संलिप्त दो स्पा सेंटर कानपुर रोड स्थित कृष्णा नगर मेट्रो स्टेशन के बगल में एक ही बिल्डिंग में संचालित हो रहे हैं। बृहस्पतिवार को इस संबंध में एसीपी कृष्णा नगर से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन उनका सीयूजी नंबर लगातार नेटवर्क क्षेत्र से बाहर जा रहा था।

### सूत्रों का दावा! दस- दस हजार में बिकी स्थानीय चौकी और कृष्णा नगर थाना

सूत्रों का दावा है कि जन एक्सप्रेस में स्पा सेंटर्स की आड़ में हो रहे अनैतिक व्यापार की खबर प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद स्पा सेंटर्स से जुड़े पुलिस के नुमाइंदे भी सक्रिय हो गए हैं, जो अखबार की खबरों के साथ ही पुलिस अधिकारियों द्वारा कार्यवाही के संबंध में दिए गए निर्देशों की सूचना स्पा सेंटर्स संचालकों को दे रहे हैं। सूत्रों ने इस बात का भी दावा किया है कि कृष्णा नगर स्थित प्रत्येक स्पा सेंटर्स से संबंधित चौकी के दीवान चौकी इंचार्ज के नाम पर दस हजार रुपए ले जाते हैं, जबकि कृष्णा नगर कोतवाल के कारखास भी प्रतिमाह दस हजार रुपए सुविधा शुल्क के नाम पर वसूलते हैं! हालांकि यह जांच का विषय है, किंतु ऐसी गतिविधियों के संचालन से पुलिस पर सवाल उठना लाजमी है।

# पीएम से पहले सीएम योगी ने लिया महाकुम्भ की तैयारियों का जायजा, कहा, ऑल ओके

- पीएम मोदी के कार्यक्रम के लिए की जा रही तैयारियों पर जताया संतोष, दिए आवश्यक निर्देश
- सीएम योगी ने संगम नोज पर पीएम मोदी के दर्शन और पूजन की तैयारियों का लिया जायजा
- महाकुम्भ के दौरान घाटों पर स्नानार्थियों की सुविधा और सुरक्षा का पूरा ध्यान रखने के निर्देश
- अस्थाई अस्पताल में नेचुरल वेंटिलेशन पर दिया जोर, तैयारियों पर जताया संतोष

**जन एक्सप्रेस । महाकुम्भनगर**

महाकुम्भ 2025 के लिए हजारों करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण करने शुक्रवार को प्रयागराज आ रहे पीएम मोदी के कार्यक्रमों की तैयारियों का जायजा लेने के लिए गुरुवार को सीएम योगी प्रयागराज पहुंचे। उन्होंने महाकुम्भ नगर में चल रही तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान वह संगम नोज भी पहुंचे जहां पीएम मोदी शुक्रवार को पूजन अर्चन करेंगे। उन्होंने यहां पीएम मोदी के भ्रमण की पूरी रूपरेखा को समझा और बिना बाधा कार्यक्रम संपन्न कराने के लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश प्रदान किए। यही नहीं, सीएम योगी ने मेला क्षेत्र में अस्थायी अस्पताल, अक्षय वट, सरस्वती कूप, लेटे हनुमान मंदिर पहुंचकर वहां भी तैयारियों का जायजा लिया। लेटे हनुमान मंदिर में सीएम ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन व दर्शन भी किया। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को पीएम मोदी प्रयागराज में उपस्थित रहेंगे और संगम नोज पर गंगा आरती व पूजन के साथ ही वह यहां जनसभा को भी संबोधित करेंगे।



### अस्थायी अस्पताल में वेंटिलेशन का दिया निर्देश

सीएम योगी सबसे पहले सेक्टर वन परेड में बनाए गए 100 बेड के अस्थायी अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंचे। महाकुम्भ 2025 को देखते हुए चिकित्सा परिवार कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा इस अस्थायी अस्पताल का निर्माण किया गया है। मुख्यमंत्री ने यहां इमरजेंसी वार्ड, इंटेंसिव केयर यूनिट (आईसीयू), ओपीडी के साथ ही वेटिंग एरिया, मुख्य वार्ड, फीमेल वार्ड, चिल्ड्रेन वार्ड और ऑपरेशन थिएटर का गहन निरीक्षण किया। वहां मौजूद डॉक्टरों ने उन्हें अस्पताल में दी जा रही सुविधाओं के विषय में जानकारी दी। आईसीयू में एआई कैमरों के इस्तेमाल के साथ ही हाईटेक एआई मैसेजिंग फ्लो सिस्टम के बारे में उन्हें पूरे विस्तार से बताया गया। इसके साथ ही, अस्पताल में स्थापित लैबोरेट्री के विषय में भी बताया गया, जिस पर मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु आएंगे। केंद्रीय अस्थायी अस्पताल के माध्यम से उन्हें हर संभव मदद मिलनी चाहिए। चिकित्सकों के साथ ही स्टाफ और दवाइयों की कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने अस्पताल में वेंटिलेशन के बेहतर इंतजाम किए जाने के भी निर्देश दिए। मालूम हो कि महाकुम्भ के लिए बनाए गए इस अस्थायी अस्पताल में कुल 100 बेड हैं, जिसमें 10 बेड का आईसीयू भी सम्मिलित है। इसमें कुल 381 डॉक्टर्स को तैनात किया गया है, जिसमें फिजीशियन, सर्जन, गायनेकोलॉजिस्ट, पीडियाट्रिक्स समेत अन्य शामिल हैं।

### सीएम ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हनुमान मंदिर में की पूजा

सीएम योगी ने यहां से संगम तट पर स्थित बड़े हनुमान मंदिर कॉरिडोर का रुख किया। प्रयागराज डेवलपमेंट अथॉरिटी (पीडीए) द्वारा यहां कॉरिडोर फेज-1 का कार्य किया जा रहा है। सीएम ने तैयारियों का जायजा लिया और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हनुमान जी की पूजा अर्चन कर आरती उतारी। यहां दर्शन पूजन कर उन्होंने समस्त नागरिकों की सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान उनके साथ मंदिर के महंत और श्रीमठ बाघंबरी के पीठाधीश्वर बलबीर गिरी महाराज भी मौजूद रहे। इस अवसर पर पीडीए वीसी ने उन्हें मंदिर कॉरिडोर का ले-आउट प्लान भी दिखाया। सीएम ने समस्त कार्यों में तेजी लाते हुए समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। यहां से सीएम सरस्वती कूप के दर्शन करने पहुंचे। यहां उन्होंने प्रांगण में स्थित सरस्वती जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए।

### सीएम ने देखा जियो ट्यूब तकनीक से शोधन का कार्य

सरस्वती कूप के दर्शन कर सीएम प्राधिकरण ऑफिस पहुंचे, जहां से सीएम ने सेक्टर 6 में एसटीपी सलोरी ड्रेन द्वारा जियो ट्यूब विधि से शोधन कार्य का निरीक्षण किया। जियो ट्यूब एक नई तकनीक है जिसके माध्यम से सीवर और नालों का पानी एसटीपी में भेजा जाता है। इन ट्यूब में ही 50 से 60 प्रतिशत बीओडी कम हो जाता है। शहर के जो 22 अनटैप्ड नाले थे, इसके माध्यम उनको ट्रीट करके नदी में छोड़ा जाएगा। इसका ट्रायल रन शुरू हो चुका है। एक जनवरी से यह पूरी क्षमता से कार्य करना शुरू कर दिया है। सीएम ने इसकी जानकारी लेने के बाद निर्देश दिए कि सीवर का पानी बिना ट्रीट किए हुए नदी में न छोड़ा जाए। मेले के दौरान एसटीपी पूरी क्षमता से कार्य करे, ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# झांसी मंडल रेल प्रबंधक ने स्टेशन का किया निरक्षण

■ निरीक्षण के दौरान गंदगी देखकर लगाई फटकार

जन एक्सप्रेस । उरई



झांसी मंडल के मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा ने स्टेशन का निरीक्षण किया। झांसी से अपने स्पेशल ट्रेन से आए मंडल रेल प्रबंधक में सबसे पहले झांसी की तरफ सिग्नल पॉइंट को चेक किया। इसके बाद उन्होंने पास में बनी पुराने माल गोदाम को तुड़वाने के लिए अधिकारियों से कहा। प्लेटफार्म नंबर एक पर पहुंचते ही उन्होंने गंदगी देख नाराजगी जताते हुए कहा कि इसको सही कराए। जिससे प्लेटफार्म गंधा न दिखे। वाटर बूथ में गंदगी को देखते हुए नाराज की जताई और कार्य दायीसंस्था से जुर्माना वसूलने की आदेश दिए। पुराने शौचालय तुड़वाने के लिए कहा। उसकी जगह में शौचालय का निर्माण कराया जाए। जिससे यात्रियों को परेशानी ना हो, उन्होंने सर्कुलेटिंग एरिया में जाकर रिजर्वेशन टिकट घर नई बिल्डिंग को देखा और 15 दिसंबर तक उसमें काम होने के लिए सीनियर डीसीएम अमन वर्मा को निर्देश दिए कि इसमें 15 तारीख से यात्रियों के टिकट और आरक्षण शुरू कराया जाए। सर्कुलेटिंग एरिया में बना पे एण्ड यूज शौचालय का जब तक ठेका नहीं हो जाता है, तब तक स्टेशन अधीक्षक एसके खरे को निर्देश दिए कि इसकी साफ सफाई का ध्यान रखें। स्टेशन के प्रवेश द्वार पर रात के समय अंधेरा रहता है इसके लिए उन्होंने संबंधित अधिकारी से लाइट लगाने के लिए कहा जिससे आने जाने वाले यात्रियों को परेशानी ना हो। आरक्षण कर रहे लाइन में लगे यात्रियों से परेशानी के बारे में पूछा यात्रियों ने कहा कि आरक्षण खिड़की पर डिस्प्ले बोर्ड नहीं है जिसकी वजह से कुछ जानकारी नहीं हो मिल पाती है। इसके लिए उन्होंने सीनियर डीसीएम से नई बिल्डिंग में या सुविधा मुहैया कराने के लिए कहा। द्वितीय श्रेणी प्रतीक्षालय में लगी बोतल क्रॉसिंग मशीन चलाकर देखा। फर्स्ट क्लास मीटिंग रूम सीसीटीवी रूम एक नंबर पर यात्रियों?केलिए लिफ्ट के निर्माणाधीन काम को जल्द करने के लिए कहा। इंदिरा नगर की ओर बाउंड्री वॉल बनाने के लिए मंडलीय अभियंता से कहा। जिससे कोई भी व्यक्ति रेलवे पैमाश ना आ जा सके। डिप्टी एसएस कक्ष में पहुंचकर ट्रेनों के मूवमेंट के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक अखिल शुक्ला वरिष्ठ मंडल अभियंता समन्वय आशुतोष चौरसिया वरिष्ठ मंडल सिग्नल टेलीकॉम अभियंता नरेंद्र सिंह व रश्मि गौतम वरिष्ठ मंडल विधुत अभियंता जर्नल नितिन गुप्ता मौजूद रहे।

## अनियंत्रित होकर दुकान में घुसा ट्रैक्टर, 50 हजार का नुक़सान

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोतवाली क्षेत्र में ऐर मार्ग पर ओवरब्रिज के नीचे देर शाम एक दुकान में तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने टक्कर मार दी। जिसे करीब 50 हजार रुपये का नुकसान हो गया। साथ ही एक बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई हैं।मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि मार्ग पर ट्रैक्टर चालक तेज गति से व लापरवाही पूर्वक तरीके से वाहन दौड़ा रहा था। वह नशे की हालत में था। दुकानदार बाबूराम ने बताया कि दुकान में रखा फ्रिज, कूलर सहित दुकान में रखा सामान करीब 50 हजार रूपये का नुकसान हुआ है। साथ ही दुकान के बाहर खड़ी सुशील कुमार की बाइक भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना मिलते ही डायल 112 व मंडी चौकी पुलिस मौके पर पहुंचकर ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर मंडी चौकी परिसर में खड़ा किया।

# डीएम ने कृषि उत्पादन मंडी समिति का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । उरई




जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने गुरुवार को कृषि उत्पादन मंडी समिति कदौरा का औचक निरीक्षण किया और किसानों द्वारा लाई जा रही उपज के विक्रय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने किसानों से संवाद कर उनकी समस्याओं को जाना। किसानों ने डीएम को बताया कि अगर मंडी में एक की जगह दो धर्म कांटे लगाए जाएं, तो उनकी उपज का तौल जल्दी हो सकेगा। जिससे किसानों को समय पर अपना उत्पाद बेचने में आसानी होगी। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आज ही दो धर्म कांटे स्थापित किए जाएं। ताकि किसानों की उपज का तौल समय पर किया जा सके। डीएम ने यह भी कहा कि किसानों द्वारा लाए गए उत्पाद को पूरी पारदर्शिता के साथ खरीदा जाए। उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए कि किसानों को उनकी उपज का पूरा मूल्य मिले और इसमें किसी भी प्रकार के दलाल सक्रिय न हों। अगर किसी प्रकार के बिचौलिए या दलाल सक्रिय न होने पाए यदि ऐसी कोई भी किसी प्रकार की सूचना मिलती है, तो संबंधित मंडी एवं पुलिस अधिकारियों को तुरंत कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सुशील सिंह, क्षेत्राधिकारी अवधेश सिंह, डीसी मनरेगा रामेन्द्र सिंह सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## पिकअप लोडर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** जालौन कोतवाली क्षेत्र में औरैया हाईवे पर तेज रफ्तार लोडर ने प्रतापपुरा मोड़ के पास बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें बाइक पर सवार युवक की मौत हो गई।जालौन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अकोढ़ी दुबे निवासी वैभव पाल 32 वर्ष जगनेवा के पास मलंगा नाले पर बनने वाले पुल में ट्रैक्टर किराए पर लगाए था। इसके अलावा वह खेती किसानी कर परिवार का भरण पोषण करता था। बुधवार की रात को वह पुल के पास ट्रैक्टर को खड़ा करके बाइक से गांव वापस आ रहा था। जैसे ही वह प्रतापपुरा मोड़ के पास पहुंचा। तभी पीछे से आ रही पिकअप ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गया। रात के समय जब वहां से गुजरे राहगीरों ने खून से लथपथ हालत में उसे पड़ा देखा और उन्होंने सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने सीएचसी पहुंचाया। जहां पर डाक्टरों ने जांच पड़ताल के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पहचान होने के बाद घटना की खबर उसके परिजनों को दी।

# इलाके में ठंड के साथ बढ़ी चोरों की दस्तक



जन एक्सप्रेस । राजापुर/चित्रकूट

नगर पंचायत के विस्तारित क्षेत्र वार्ड नंबर 5 आजाद नगर खटवारा में बीती रात अज्ञात शातिर चोरों द्वारा आटा चक्की के शटर का ताला तोड़कर चोरी की गई दुकानदार द्वारा राजापुर थाने में तहरीर दे दी गई है । खटवारा आजाद नगर निवासी रामेश्वर प्रसाद शुक्ला पुत्र हरगोविंद शुक्ला ने तहरीर देकर बताया कि मैं प्रतिदिन की भांति आटा चक्की बंद करके घर चला गया था कि बीती रात अज्ञात शातिर चोरों द्वारा दुकान का ताला तोड़कर दुकान पर रखा पिसाई के लिए करीब 15 कुंतल गेहूं, एक कुंटल सरसों,10किलो के दो और 20 किलो का एक बाट तथा गोलक पर रखें ?8000 नगद उठाकर चंपत हो गए हैं उन्होंने बताया कि गुरुवार की सुबह जब मैं दुकान गया तो दुकान के दोनों ताले टूटे पड़े हुए थे और अंदर जाकर देखा तो पिसाई का गेहूं व आटा, सरसों और गोलक पर रखा 8 हजार रुपया गायब था । उधर राजापुर पुलिस दुकान में हुई चोरी की सूचना पाकर मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल करते हुए जल्द खुलासा करने का भरोसा दिया है।

## मौरम से लदे डंपर ने टैक्टर में पीछे से मारी टक्कर, एक की मौत दूसरा रेफर

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कुठौंद थाना क्षेत्र के बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर मौरम से लदे डंपर ने पीछे से टैक्टर में टक्कर मार दी। जिसमें ट्रेक्टर सवार अधेड़ की मौत हो गई। जबकि दूसरे को गंभीर हालत में उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

कुठौंद थाना क्षेत्र में बुधवार की रात बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर किमी 195 के पास मौरंग लदे डंपर ने पीछे से ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। जिसमें ट्रेक्टर सवार अखिलेश कुमार 50 वर्ष निवासी पूरनपुर थाना ऊसराहार इटावा व 24 वर्षीय नीतेश निवासी भगवंतपुर थाना ऊसराहार इटावा सड़क पर गिर गए। जिसमें अखिलेश की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से ट्रैक्टर के सीधा कराया। साथ ही घायल नीतेश को तत्काल उपचार के के लिए सीएचसी पहुंचाया। जहां पर उसकी हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद उसे मेडिकल कालेज सैफई रेफर कर दिया।

# बरगढ़ व काली घाटी के लिए बनाएं कार्ययोजना- डीएम

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक गुरुवार को कलेक्टर सभागार में आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने आगामी महाकुंभ के दृष्टिगत सड़क व यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

बैठक में अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड ने डीएम को बताया कि जनपद में 14 ब्लैक स्पॉट है, जिनका रोड सेफ्टी के दृष्टिगत चिन्हाकन करा लिया गया है तथा अनुमति के लिए शासन को भेज दिया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के बरगढ़ व काली घाटी दो महत्वपूर्ण ब्लैक स्पॉट है, इसकी भी कार्य योजना बनाएं। डीएम ने शासन द्वारा मांगी गई एन एच प्रयागराज में रैपुरा थाना अंतर्गत हुए एक्सीडेंट के स्पाट की रिपोर्ट की प्रगति की जानकारी ली। कहा कि कुंभ मेले को देखते हुए जहां ब्लैक स्पॉट है, उनका चिन्हांकन कराकर डंबल ट्रिप संकेतक बोर्ड लगवाएं। लालापुर व वाल्मीकि आश्रम के पास जेब्रा क्रासिंग बनवाएं। अधिशासी अभियंता प्रान्तीय खंड को निर्देशित किया कि खोह स्थित रेलवे क्रॉसिंग पुल की टूटी हुई सड़क को महाकुंभ से पहले सही कराए। राजापुर में मोहरवा पुल के निर्माण की जानकारी ली। अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि पुराने बस स्टैंड को बैरिकेडिंग कर बंद कराते हुए नए बस स्टैंड को खुलवाएं। एआरटीओ को निर्देशित किया कि कुंभ मेला को देखते हुए तेज रफ्तार से चलने वाले ट्रक व बसों पर नियंत्रण कराएं। सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने क्षेत्र में पोर्टेबल बैरियर लगवाना सुनिश्चित करें। डीएम ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क दुर्घटना होने पर सम्बन्धित एसडीएम तत्काल घटना स्थल पर पहुंचकर व्यवस्था देखें।

इस मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकार ट्रैफिक अरविंद कुमार वर्मा, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग संतोष कुमार सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी विवेक कुमार शुक्ला, यात्री कर अधिकारी दीप्ति त्रिपाठी, अधिशासी अधिकारी कर्वी लालजी यादव, यातायात प्रभारी शैलेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को दिया गया अंतिम रूप

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट




राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में आगामी 14 दिसम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसे प्रभावी रूप से सफल बनाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने न्यायायिक अधिकारियों के साथ छठवें चरण की बैठक गुरुवार को की। बैठक में जनपद न्यायाधीश ने कहा कि आगामी 14 दिसम्बर को होने जा रही राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए सभी सभी न्यायिक अधिकारी ऐसे मामलों को चिन्हित कर लें, जिनको लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित कराया जा सकता है। साथ ही सम्बन्धित पक्षकारों को नोटिस और सम्मन भेंजे जाएं और युद्ध स्तर पर इन्हें तामील कराया जाए। प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में शमनीय आपराधिक वाद, धारा 138 एन.आई. एक्ट, मोटर दुर्घटना दावा, श्रम, बैंक वसूली, विद्युत अधिनियम, जल वाद, सेवा मामले, पारिवारिक वैवाहिक वाद, भूमि अधिग्रहण, राजस्व चकबन्दी वाद, किराएदारी, सुखाधिकार वाद, स्थायी निषेधाज्ञा, सिविल वाद, मोटर वाहन ई-चालान, लघु आपराधिक वाद आदि का निस्तारण किया जाएगा। इसके अलावा उपभोक्ता फोरम तथा आर्बिट्रेशन सम्बन्धित वादों का निस्तारण किया जाएगा। बैठक में लोक अदालत के नोडल अधिकारी अपर जिला जज राममणि पाठक, बैठक में अपर जिला जज प्रथम अनुराग कुरील, लोक अदालत के नोडल अधिकारी अपर जिला जज राममणि पाठक, विशेष न्यायाधीश पाक्सो रेनू मिश्रा, त्वरित न्यायालय के अपर जिला जज नीरज श्रीवास्तव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेन्द्र भारती, सिविल जज (सीनियर डिविजन) सचिन कुमार दीक्षित, सिविल जज (सीनियर डिविजन)/एफटीसी सोनम गुप्ता, सिविल जज (जूनियर डिविजन) सैफाली यादव सहित सम्बधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने कर्वी, सीतापुर, पहाड़ी, बरगढ़ व राजापुर में घोषित की कमेटी

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की जिला कार्य समिति की बैठक का आयोजन कर पदाधिकारियों की घोषणा की गई। समिति की बैठक में नगर कर्वी में धर्मचंद गुप्ता को अध्यक्ष, दीपक प्रजापति व धर्मेंद्र चैरसिया को महामंत्री, सीतापुर में बृजेश रावत को अध्यक्ष, अतुल व सुरेश गुप्ता को महामंत्री, राजापुर में प्रिंस केशरवानी को अध्यक्ष, नवनीत सोनी व मनीष विश्वकर्मा को महामंत्री, पहाड़ी में कमल गौतम को अध्यक्ष, अशोक अग्रहरि व शिव शंकर गुप्ता को महामंत्री, मऊ का अध्यक्ष सरयू केशरवानी, वीरेंद्र प्रताप जायसवाल व केशमन अग्रहरि को महामंत्री, मानिकपुर में सचिन अग्रवाल को अध्यक्ष, प्रकाश चंद गुप्ता व आशीष को महामंत्री, भरतकूप में विजय गुप्ता के अध्यक्ष, शरद व विपुल को महामंत्री, बरगढ़ में राजू केशरवानी को अध्यक्ष, धीरज कुमार जैन व अतुल को महमंत्री, युवा नगर कर्वी में कृष्णा गुप्ता को अध्यक्ष, रमन केशरवानी व शुभांशु केशरवानी को महामंत्री चुना गया।

# गौवंशो को ठंड एवं शीतलहर से रखे सुरक्षित

जन एक्सप्रेस । उरई



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने गुरुवार को चमारी गौशाला, अस्थायी कान्हा गौशाला कालपी, कान्हा गोशाला कदौरा का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में रात्रि में सर्दी का प्रकोप ज्यादा हो रहा है जो आने वाले समय में अपना भयंकर रूप दिखाने वाला है। ऐसे में आवश्यक है कि समय रहते गौवंशों को शीतलहर एवं ठण्ड के प्रकोप से सुरक्षित रखने के लिए व्यापक प्रबन्ध कर लिए जाएं। डीएम ने कहा कि गौवंशों को चारा-पानी की समुचित व्यवस्था रखी जाए। क्षेत्रीय पशु चिकित्साधिकारी रोस्टर तैयार कर बारी-बारी गौशालाओं का निरीक्षण कर गौवंशों के स्वास्थ्य का परीक्षण एवं देख-रेख करना सुनिश्चित करें। डीएम ने निरीक्षण के दौरान तेज हवाओं एवं ठण्ड से बचाव के लिए टिनशेड, तिरपाल आदि की समय से समुचित व्यवस्था करने के निर्देश देते हुए कहा कि जनपद में कहीं भी ठण्ड एवं शीतलहर से गौवंशों की क्षति नहीं होनी चाहिए। समस्त एसडीएम स्वयं भ्रमण कर गौशाओं की व्यवस्थाओं पर पैनी नजर रखें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गौवंशों के संरक्षण एवं सवर्धन के प्रति संवेदनशील है और मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा स्वयं गौ संरक्षण की मॉनिटरिंग की जाती है। ऐसे में शासन की प्राथमिकता वाले इस कार्य में हीलाहवाली छोड़ते हुए मानवीय संवेदना अपनाकर गौवंशों के ठण्ड एवं शीतलहर से बचाव की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सुशील सिंह, क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार, पशु चिकित्सा अधिकारी मनोज अवस्थी, नगर पालिका ईओ अवनीश कुमार शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे।

# ग्राम प्रधान एवं प्रधानाध्यापक के बीच समन्वय रखने पर दिया गया जोर

जन एक्सप्रेस । पहाड़ी, चित्रकूट

ग्राम प्रधान एवं प्रधान शिक्षकों की एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन गुरुवार को पहाड़ी में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ ब्लॉक प्रमुख पहाड़ी सुशील कुमार द्विवेदी ने माता सरस्वती का पूजन कर किया।

कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी ने कहा कि गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य ग्राम प्रधान एवं प्रधानाध्यापक के मध्य समन्वय स्थापित करना है, किन्तु ग्राम प्रधानों की कम उपस्थित खेदजनक है। उन्होंने ग्राम प्रधानों से अनुरोध किया कि आगामी बैठक में अपनी भूमिका के प्रति न्याय अवश्य करें। कहा कि खण्ड विकास अधिकारी पहाड़ी संजय कुमार पाण्डेय द्वारा कायाकल्प एवं बच्चों के लिए कल्याणकारी समस्त योजनाओं को खण्ड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से अवगत कराने पर निदान के लिए सम्यक प्रयास किया जायेगा। बाबूपुर के ग्राम प्रधान कुलदीप सिंह ने कहा कि बच्चों को स्कूल भेजनें के लिए सभी को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। एसआरजी हरिश्चन्द्र ने बालिका शिक्षा सामुदायिक सहयोग पर प्रकाश डाला, एआरपी शिवप्रेम यागिक ने डीबीटी, कायाकल्प, निपुण भारत मिशन सहित अन्य विभागीय कार्यक्रमों की जानकारी सभी शिक्षकों को दी, एआरपी पुष्पेंद्र सिँह, कन्धाई प्रसाद, प्रमोद शुक्ला ने आउट ऑफ स्कूल बच्चों के लिए कार्यक्रम की योजना रखी। कार्यक्रम को सफल बनाने में मनोज कुमार द्विवेदी, अमित कुमार पाण्डेय, रामभद्र त्रिपाठी, पुष्पराज सिंह, रामभूषण पाण्डेय, दीपक पाण्डेय, रामनारायण साहू आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। खण्ड शिक्षा अधिकारी पहाड़ी राजेश कुमार ने ब्लॉक के समस्त प्रधान एवं शिक्षकों व शिक्षिकाओं सहित उच्च प्राथमिक विद्यालय इटौंरा के प्रधानाध्यापक सुरेन्द्र सिंह एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय लक्ष्मीपुर के प्रधानाध्यापक कमलेश कुशवाहा एवं उनके बच्चों का आभार व्यक्त किया। कायाकल्प में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधान सालिकपुर रामबाबू शुक्ला ग्राम प्रधान गनीवा सतेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान प्रसिद्धपुर, ग्राम प्रधान गौहानी कला सूखेन्द्र सिँह, ग्राम प्रधान देवल विपिन पाण्डेय, ग्राम प्रधान भदेदू पुनीत उपाध्यय एवं ग्राम प्रधान भुजौली भोला सिंह को सम्मान प्रदान कर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अशोक त्रिपाठी ने किया।

## बाइकों की भिड़ंत में दम्पति घायल, पुलिस को दी तहरीर

**जन एक्सप्रेस/उरई।** डकोर कोतवाली क्षेत्र में ग्राम कहटा मोड़ पर बाइकों में भिड़ंत हो गई। जिसमें एक बाइक पर सवार दम्पति घायल हो गए। घायल दम्पति ने पुलिस को तहरीर दी। जिसमें गाली गलौज व मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया। कोटरा थाना क्षेत्र के बरसार गांव निवासी हरीशंकर ने गुरुवार को डकोर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया। जिसमें बताया कि वह अपनी पत्नी कपूरी देवी के साथ बाइक सवार होकर अपने घर बरसार गांव जा रहा था। तभी ग्राम कहटा मोड़ पर पीछे से बाइक लेकर आ रहे मोहाना गांव निवासी सागर निषाद ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे उसकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। जिसमें बाइक पर सवार दम्पति घायल हो गए। इस दौरान दम्पति के समझाने पर सागर व उसके साथ सवार साथी उग्र हो गए और गाली गलौज करते हुए मारपीट भी कर दी। बताया कि पत्नी के चिल्लाने पर पास में एक दुकानदार ने उन्हें ललकार लगाई, तब हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। इस संबंध में डकोर कोतवाली प्रभारी शशिकांत चौहान का कहना है कि प्रार्थना पत्र मिला है। मामले की जांच की जा रही और युवको के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी।

## अवैध शराब बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पहाड़ी थाना प्रभारी रीता सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण, बिक्री की रोकथाम के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पहाड़ी थाने के उपनिरीक्षक अभिनव सिंह व आरक्षी सचिन यादव ने सकरौली निवासी शिवकरण को 30 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है।

# तकनीकी क्षेत्र में छात्राओं को आगे आने के लिए किया प्रेरित



जन एक्सप्रेस । मानिकपुर, चित्रकूट

आदर्श इंटर कॉलिज मानिकपुर में गुरुवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर छात्राओं को तकनीकी क्षेत्र में भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया गया। बीबीएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन प्रयागराज के काउंसलर एसपी पाल एवं संदीप सिंह ने तकनीकी शिक्षा के महत्व के बारे में जानकारी दी। जिसमे इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, फार्मेसी, विधि विभाग एवं सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली शुल्क प्रतिपूर्ति व छात्रवृत्ति योजनाओं के बारे में भी विस्तृत जानकारी प्रदान की। 12वी के बाद रोजगार परक कोर्स करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने तकनीकी क्षेत्र में प्रदान की जाने वाले ग्रेजुएट कोर्स बीबीए, बीसीए, डी फार्मा, बी फार्मा कोर्स के बारे में प्रवेश के बारे में जानकारी मुहैया कराई गई।

इस मौके पर कॉलेज के प्रधानाचार्य राकेश प्रताप सिंह, शिक्षक नागेश त्रिपाठी, हरिओम त्रिपाठी, रवि शंकर पांडेय, वेद प्रकाश यादव आदि मौजूद रहे।

# निकाय सदस्यों एवं प्रधानाध्यापकों के लिए हुआ उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

उत्तर प्रदेश राज्य परियोजना निदेशक लखनऊ के निर्देशानुसार बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विकासखंड रामनगर के समस्त ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान, नगर क्षेत्र के वार्ड सभासद, स्थानीय निकाय के सदस्यों तथा समस्त प्रधानाध्यापकों के लिए उन्मुखीकरण कार्यशाला व एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन गोस्वामी इंटर कॉलिज छीबों में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मानिकपुर विधायक अविनाश चन्द्र द्विवेदी ने किया। गोष्ठी में डीबीटी के अंतर्गत प्राप्त होने वाली धनराशि से समस्त अभिभावकों द्वारा बच्चों को आवश्यक सामग्री क्रय कराने, निपुण भारत मिशन के अंतर्गत समस्त नामांकित छात्र-छात्राओं को प्रतिदिन स्कूल भेजने व अभिभावकों द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने, आउट ऑफ स्कूल बच्चों को चिन्हित कर विद्यालय में नामांकित कराने, बालिका शिक्षा एवं उन्हें अवसर की समानता प्रदान करने के लिए अभिभावकों को प्रोत्साहित करने तथा ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत समस्त विद्यालयों में विभाग द्वारा निर्धारित 19 पैरामीटर की अवस्थापना सुविधाएं सुनिश्चित करने के संबंध में विचार विमर्श करते हुए ग्राम प्रधानों से आग्रह किया गया।

मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी ने समस्त शिक्षकों को समय से स्कूल जाने व बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने तथा बच्चों को सभी विभागीय योजनाओं से लाभान्वित कराने की अपील की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राजापुर नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा ने सभी ग्राम प्रधानों को प्रधानाध्यापकों का सहयोग करने, गुणवत्तापूर्ण एमडीएम सुनिश्चित करने तथा सभी विद्यालयों को कायाकल्प से सुसज्जित करने का आग्रह किया। इस दौरान हुई कार्यशाला में शिक्षिकाओं द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग की योजनाओं पर आधारित रंगोली बनाई गई तथा निपुण भारत मिशन को लेकर विभिन्न प्रकार के टीएलएम का प्रदर्शन किया गया।



**संसद परिसर में मिमिक्री करना अपरिपक्वता...**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने संसद परिसर में मिमिक्री करने पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की आलोचना की। नड्डा ने कसते हुए कि उनका व्यवहार कॉलेज के लड़के जैसा था। राज्यसभा के नेता नड्डा ने कहा, भारत के उप राष्ट्रपति का पद... पढ़ें पेज 12 पर...

# यूपी में मुद्दे लपकने की सपा और कांग्रेस में मची होड़

- 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश में अपनी रणनीति में बदलाव किया है
- प्रदेश में जमने से जुड़े मुद्दों के सहारे पार्टी में नई जान फूंकने की कोशिश
- फिलहाल की परिस्थितियों में कांग्रेस इस रेस में सपा से आगे चल रही है



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

यूपी में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच मुद्दों को लपकने की होड़ मच गई है। कांग्रेस इस रेस में सपा से आगे चल रही है। दरअसल, 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश में अपनी रणनीति में बदलाव किया है। प्रदेश में जमने से जुड़े मुद्दों के सहारे पार्टी में नई जान फूंकने की कोशिश है। ऐसा इसलिए कहा जा रहा है, क्योंकि पिछले दिनों संभल हिंसा को लेकर समाजवादी पार्टी ने मुद्दे को जोरशोर से संसद में उठाया। जिसके बाद राहुल गांधी और प्रियंका गांधी संभल के लिए रवाना हो गए। हालांकि उन्हें गाजियाबाद बॉर्डर पर रोक लिया गया, लेकिन करीब डेढ़ घंटे तक राहुल गांधी और प्रियंका गांधी समर्थकों संग बॉर्डर पर डटे रहे और मीडिया में छाए रहे। इसके बाद दो दिन पहले ही संभल हिंसा में मारे गए लोगों के परिजनों ने दिल्ली में राहुल गांधी से मुलाक़ात की और मदद मांगी। राहुल गांधी ने उन्हें मदद का आश्वासन दिया। माना जा रहा है कि यहां पर राहुल गांधी ने अखिलेश से बाजी मार ली।

### सपा का दावा, राहुल से पहले संभल पीड़ितों से मिले

राहुल गांधी से संभल हिंसा पीड़ितों की मुलाक़ात के बाद तुरंत समाजवादी पार्टी की तरफ से भी प्रतिक्रिया आई। संभल सपा सांसद जिया उर्रहमान बर्क ने कहा कि राहुल गांधी से मुलाकात करने से पहले सभी परिवारों ने उनसे मुलाक़ात की थी। समाजवादी पार्टी ने मृतकों के परिवार को 5-5 लाख रुपए की आर्थिक मदद की है। साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सभी आरोपियों को कानूनी सहायता देने की बात कही है।

### कांग्रेस ने किसानों से मुलाक़ात कर बाजी मारी

दिल्ली बॉर्डर पर अनशन कर रहे किसानों से मुलाक़ात कर भी कांग्रेस ने बाजी मार ली। इसके बाद समाजवादी पार्टी की तरफ से गुरुवार को पार्टी के डेलीगेशन को भेजने का ऐलान कर दिया गया। बताया गया कि किसानों से मुलाकात के लिए सपा का 16 सदस्यीय डेलिगेशन गौतमबुद्धनगर जाएगा। इस डेलीगेशन में 3 सांसद, एक विधायक समेत 16 सदस्य होंगे जो किसानों से मुलाकात के साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों से भी बात करेगा।

### हाथरस रेप मर्डर काण्ड की पीड़िता के परिवार वालों से भी मिले राहुल

राहुल अचानक से गुरुवार को हाथरस पहुंच गए। 2020 में हाथरस रेप मर्डर काण्ड की पीड़िता के परिवार वालों से उन्होंने मुलाक़ात की। पीड़िता के परिजनों ने बताया कि उन्होंने पत्र लिखकर अपनी समस्या बताई थी और मदद मांगी थी। इस मामले में तीन आरोपी कोर्ट से बरी हो चुके हैं। यहां भी राहुल गांधी अखिलेश यादव से एक कदम आगे निकले।

### समाजवादी पार्टी को असहज कर सकती है कांग्रेस

दरअसल, कांग्रेस 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश में अपने मुद्दों को सेट कर अपने लिए जमीन तैयार कर रही है। यह स्थिति समाजवादी पार्टी को असहज करने वाली हो सकती है, क्योंकि दोनों ने लोकसभा का चुनाव मिलकर साथ लड़ा था। जिसकी वजह से कांग्रेस को 6 सीटें मिली तो वहीं सपा 37 सीट जीतने में कामयाब रही। हालांकि, उपचुनाव में सपा की तरफ से कांग्रेस को कोई सीट नहीं दी गई। दो सीटों का ऑफर दिया गया था, लेकिन कांग्रेस ने रणनीति के तहत चुनाव नहीं लड़ा। नतीजा रहा सपा महज दो सीट पर जीत दर्ज कर सकी।

# 'हर घर जल गांव' बसाएगी योगी सरकार

## 'जल मंदिर' का भी होगा निर्माण, देगा संदेश- जल जीवनदायी है, इसका संरक्षण करें

- महाकुम्भ-2025 में 40 हजार स्क्वायर फिट एरिया में शुरू हुई तैयारी
- बुंदेलखंड में हर घर तक नल से जल पहुंचाने की कहानी भी सुनाएगा जल जीवन मिशन
- महाकुम्भ में सुनाई जाएगी नए भारत के नए यूपी के नए गांवों की कहानी



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

योगी सरकार महाकुम्भ-2025 में हर घर जल गांव बसाएगी। पेयजल का समाधान, मेरे गांव की पहचान थीम पर यह गांव 40 हजार स्क्वायर फिट एरिया में बसेगा। इसमें एक तरफ जहां जल जीवन मिशन बुंदेलखंड में हर घर तक नल से जल पहुंचाने की कहानी सुनाई जाएगी, वहीं दूसरी तरफ महाकुम्भ में नए भारत के नए उत्तर प्रदेश के नए गांवों की सफलता की दास्तां से भी श्रद्धालु, पर्यटक व कल्पवासी परिचित होंगे। योगी सरकार के मार्गदर्शन में ग्रामीण जलापूर्ति व नमामि गंगे विभाग महाकुम्भ में इसकी तैयारी कर रहा है। ललितपुर से सटे मध्य प्रदेश के बॉर्डर के बाल विहट गांव में एक ही कुआं था। इसमें सांप रहते थे, इसके बावजूद यहां के लोग कभी उसी कुएं का पानी पीते थे। मोदी-योगी सरकार ने इस गांव के लोगों को भी शुद्ध पेयजल पहुंचाया। यहां के ग्रामीण भी बदलाव की गाथा बयां करेंगे। महाकुम्भ में देश के विभिन्न राज्यों व हिस्सों से श्रद्धालु, पर्यटक आएंगे। इसलिए प्रदर्शनी में हर जानकारी बहुआयामी भाषाओं में मिलेगी। यहां हिंदी, अंग्रेजी, बांग्ला, तेलगू व मराठी में लोग जल जीवन मिशन के माध्यम से बदले यूपी के बारे में अवगत हो सकेंगे। प्रदर्शनी में जल जीवन मिशन से विंध्य-बुंदेलखंड में आए बदलाव को लेकर सफलता की कहानी का भी संकलन पुस्तक के माध्यम से प्रदर्शित होगा।


### 51 दिन तक चलेगी प्रदर्शनी, होंगे अलग-अलग कार्यक्रम

कभी प्यासे रहे बुंदेलखंड में योगी सरकार के प्रयास से पेयजल की समस्या का समाधान हो गया है। सफलता की इस कहानी को लेकर पेयजल का समाधान, मेरे गांव की नई पहचान थीम पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी। प्रदर्शनी 5 जनवरी से 26 फरवरी तक चलेगी। 51 दिन तक चलने वाली प्रदर्शनी में अलग-अलग कार्यक्रम भी होंगे। प्रदर्शनी में बुंदेलखंड के ग्रामीण महिलाओं को मंच मुहैया कराया जाएगा, जिसमें वे बुंदेलखंड में बदलाव की कहानी बयां करेंगी। बांदा, झांसी, चित्रकूट के जिन गांवों में पानी न होने के कारण शादी नहीं हो पाती थी, वहां भी योगी सरकार ने ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल पहुंचाया। ललितपुर व महोबा के उन गांवों की महिलाएं, पानी ढोने के कारण जिनके सिर से बाल गायब हो गए थे। वे भी डबल इंजन सरकार के अतुलनीय कार्य को महाकुम्भ में शुद्ध पानी से जीवन में आए बदलाव की कहानी को बयां करेंगी।

### 'जल मंदिर' भी देगा संदेश-जल जीवनदायी है, इसका संरक्षण करें

ग्रामीण जलापूर्ति व नमामि गंगे विभाग की तरफ से महाकुम्भ में जल मंदिर भी बनाया जाएगा। जल मंदिर में भगवान शिव की जटा से गंगा धरती पर आएंगी। इसके जरिए संदेश दिया जाएगा कि जल प्रसाद है। जल जीवनदायी है। इसे बर्बाद न करें, बल्कि इसका संरक्षण करें। जल मंदिर में सुबह-शाम जल आरती भी होगी। इस आरती में जल जीवन मिशन की गाथा, जल संरक्षण का संदेश भी होगा।

# विरासत और दूरदर्शिता का जश्न: आईसीएआर-एनबीएफजीआर ने मत्स्य द्वादशी पर अपने स्थापना दिवस की 41वीं वर्षगांठ मनाई





**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

आईसीएआर-नेशनल ब्यूरो ऑफ फिश जेनेटिक रिसोर्सेज (आईसीएआर-एनबीएफजीआर) ने अपने स्थापना दिवस की 41वीं वर्षगांठ मत्स्य द्वादशी के साथ महत्वपूर्ण अवसर पर मनाई, जो गहन सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व का दिन भी है। इन दो घटनाओं का संगम भारत के अमूल्य जलीय आनुवंशिक संसाधनों के संरक्षण और स्थायी प्रबंधन के संस्थान के मिशन को रेखांकित करता है। दिन की शुरुआत विशिष्ट मुख्य अतिथि, डॉ. ए.के. सिंह, कुलपति, रानी लक्ष्मी बाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झाँसी; विशिष्ट अतिथि, एनएएएस के सचिव और आईसीएआर-एनबीएफजीआर और आईसीएआर-सीआईएफई के पूर्व निदेशक डॉ. डब्ल्यू.एस. लाकड़ा; सम्मानित अतिथिगण, डॉ. एस. डी. सिंह, पूर्व एडीजी (अंतर्देशीय मत्स्य पालन), डॉ. ए. के. सिंह, पूर्व निदेशक, आईसीएआर-डीसीएफआर; प्रो. आई. जे. सिंह, पूर्व डीन, मत्स्य पालन महाविद्यालय, जीबीपीयूएटी और अन्य संस्थानों के प्रतिष्ठित निदेशक, प्रो. रीना चक्रवर्ती, प्राणीशास्त्र विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय की उपस्थिति थी। समारोह में आईसीएआर-एनबीएफजीआर के पूर्व निदेशकों को जलीय आनुवंशिक संसाधन प्रबंधन के प्रति उनकी दृढ़ प्रतिबद्धता के लिए याद किया गया। सचिव, डेयर एवं महानिदेशक, आईसीएआर, डॉ. हिमांशु पाठक और उप महानिदेशक (मत्स्य विज्ञान), डॉ. जे.के. जेना को उनके नेतृत्व के प्रति रणनीतिक समर्थन के लिए उनका आभार व्यक्त किया गया। पुरस्कार विजेताओं, सम्मानित किसानों और अन्य विशिष्ट योगदानकर्ताओं को भी उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया, जो मत्स्य पालन समुदाय के भीतर उत्कृष्टता की व्यापकता को उजागर करता है। 1983 में अपनी स्थापना के बाद से, आईसीएआर-एनबीएफजीआर मछली आनुवंशिक संसाधन प्रबंधन में एक वैश्विक संस्थान के रूप में उभरा है। भारतीय जल में 3,246 से अधिक मछली प्रजातियों के साथ, संस्थान ने जलीय जैव विविधता को सूचीबद्ध करने, संरक्षित करने और सतत उपयोग करने की पहल की है। हाल की उपलब्धियों में ई-गवर्नेंस 2024 के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करना शामिल है। विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण के अनुरूप, संस्थान द्वारा अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों को एकीकृत करना, स्वदेशी प्रजातियों के संरक्षण को प्राथमिकता देना और जलवायु-लचीला जलीय कृषि प्रथाओं को बढ़ावा देना जारी है। आईसीएआर-एनबीएफजीआर के निदेशक डॉ. यू. के. सरकार, ने साझा प्रतिबद्धता के साथ, भावी पीढ़ियों को मात्स्यिकी से लाभान्वित करने की आकांक्षा व्यक्त की। इस अवसर पर, मछली संरक्षण के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए 500 से अधिक छात्रों के लिए एक ओपन हाउस रखा गया।

# आईसीएआर-एनबीएफजीआर ने मत्स्य द्वादशी पर मनाया स्थापना दिवस

- मछली की स्वदेशी प्रजातियों के संरक्षण को प्राथमिकता -डॉ सरकार

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

आईसीएआर-नेशनल ब्यूरो ऑफ फिश जेनेटिक रिसोर्सेज आईसीएआर-एनबीएफजीआर ने अपने स्थापना दिवस की 41वीं वर्षगांठ मत्स्य द्वादशी के साथ महत्वपूर्ण अवसर पर मनाई, जो गहन सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व का दिन भी है। इन दो घटनाओं का संगम भारत के अमूल्य जलीय आनुवंशिक संसाधनों के संरक्षण और स्थायी प्रबंधन के संस्थान के मिशन को रेखांकित करता है। दिन की शुरुआत विशिष्ट मुख्य अतिथि, डॉ. एके सिंह, कुलपति, रानी लक्ष्मी बाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झाँसी; विशिष्ट अतिथि, एनएएएस के सचिव और आईसीएआर-एनबीएफजीआर और आईसीएआर-सीआईएफई के पूर्व निदेशक डॉ. डब्ल्यू.एस. लाकड़ा; सम्मानित अतिथि, डॉ. एस. डी. सिंह, पूर्व एडीजी अंतर्देशीय मत्स्य पालन, डॉ. ए. के. सिंह, पूर्व निदेशक, आईसीएआर-डीसीएफआर; प्रो. आई. जे. सिंह, पूर्व डीन, मत्स्य पालन महाविद्यालय, जीबीपीयूएटी और अन्य संस्थानों के प्रतिष्ठित निदेशक, प्रो. रीना चक्रवर्ती, प्राणीशास्त्र विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय की उपस्थिति थी। समारोह में आईसीएआर-एनबीएफजीआर के पूर्व निदेशकों को जलीय आनुवंशिक संसाधन प्रबंधन के प्रति उनकी दृढ़ प्रतिबद्धता के लिए याद किया गया। सचिव, डेयर एवं महानिदेशक, आईसीएआर, डॉ. हिमांशु पाठक और उप महानिदेशक मत्स्य विज्ञान डॉ. जे.के. जेना को उनके नेतृत्व के प्रति रणनीतिक समर्थन के लिए उनका आभार व्यक्त किया गया। पुरस्कार विजेताओं, सम्मानित किसानों और अन्य विशिष्ट योगदानकर्ताओं को भी उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया, जो मत्स्य पालन समुदाय के भीतर उत्कृष्टता की व्यापकता को उजागर करता है। 1983 में अपनी स्थापना के बाद से, आईसीएआर-एनबीएफजीआर मछली आनुवंशिक संसाधन प्रबंधन में एक वैश्विक संस्थान के रूप में उभरा है। भारतीय जल में 3,246 से अधिक मछली प्रजातियों के साथ, संस्थान ने जलीय जैव विविधता को सूचीबद्ध करने, संरक्षित करने और सतत उपयोग करने की पहल की है। हाल की उपलब्धियों में ई-गवर्नेंस 2024 के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करना शामिल है। विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण के अनुरूप, संस्थान द्वारा अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों को एकीकृत करना, स्वदेशी प्रजातियों के संरक्षण को प्राथमिकता देना और जलवायु-लचीला जलीय कृषि प्रथाओं को बढ़ावा देना जारी है। आईसीएआर-एनबीएफजीआर के निदेशक डॉ. यूके सरकार, ने साझा प्रतिबद्धता के साथ, भावी पीढ़ियों को मात्स्यिकी से लाभान्वित करने की आकांक्षा व्यक्त की। इस अवसर पर, मछली संरक्षण के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए 500 से अधिक छात्रों के लिए एक ओपन हाउस रखा गया।


# महाकुंभ में पर्यटक ले सकेंगे विभिन्न क्षेत्रों के व्यंजनों का आनंद: जयवीर

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक समागम, महाकुंभ-2025 एक माह बाद शुरू होने वाला है। कुंभ मेले में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को विशिष्ट अनुभव मिले, इसके लिए विभिन्न योजनाओं को मूर्त रूप दिया जा रहा है। प्रयागराज सिविल लाइंस में सीएमपी डिग्री कॉलेज के सामने एक और फूड कोर्ट बनाया जाएगा। 25 हजार वर्ग फीट भूमि में फैले फूड कोर्ट में स्थानीय तथा विभिन्न प्रांतों के प्रसिद्ध शाकाहारी व्यंजन उपलब्ध रहेंगे। यह जानकारी उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी।पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि महाकुंभ-2025 की तैयारियां अंतिम चरण में है। सरकार इस आयोजन को भव्य और दिव्य रूप से संपन्न कराएगी। इसके लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। पर्यटकों के स्नान, ध्यान, भ्रमण, ठहरने आदि की व्यवस्था की जा रही है। बड़े पैमाने पर टेंट सिटी तैयारी की जा रही है। महाकुंभ क्षेत्र के अलावा प्रयागराज, अयोध्या, काशी, विंध्याचल सहित अन्य स्थलों पर भ्रमण के लिए विभिन्न पैकेज तैयार किए गए हैं। उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड श्रद्धालुओं के लिए पीपीपी मोड पर दो भव्य फूड कोर्ट की तैयारी कर रहा है। पहला फूड कोर्ट परेड ग्राउंड में बन रहा है, जबकि दूसरा सिविल लाइंस में सीएमपी डिग्री कॉलेज के सामने बनेगा। इसमें 15ग15 वर्ग फीट आकार की 25 दुकानें स्थापित की जाएगी, जिसमें गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध होंगे। यहां विभिन्न प्रांतों के भोजन मिलेंगे। गौरतलब है कि महाकुंभ मेले में विभिन्न प्रांतों और दुनियाभर से पर्यटक आएंगे। आगंतुकों को उनका पसंदीदा भोजन उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से विकास करने वाला राज्य है। अयोध्या, काशी, मथुरा सहित अन्य तीर्थ स्थलों पर बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। महाकुंभ- 2025 में देश-दुनिया से लगभग 40 से 50 करोड़ श्रद्धालुओं,पर्यटकों के आने की संभावना है। आगंतुकों को बेहतर अनुभव देने का प्रयास किया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री को राज्य सूचना आयुक्त ने भेंट किया अपना दूसरा काव्य संग्रह

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मंगलवार को 5, कालिदास मार्ग स्थित उनके आवास पर उत्तर प्रदेश के राज्य सूचना आयुक्त, कवि एवं गीतकार वीरेन्द्र सिंह वत्स ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री को अपने साहित्यिक योगदान से परिचित कराते हुए अपना दूसरा काव्य संग्रह अंत नहीं यह... सादर भेंट किया। वीरेन्द्र सिंह वत्स ने मुख्यमंत्री के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए अपनी पुस्तक के माध्यम से समाज और जीवन के विविध पहलुओं पर अपनी संवेदनशील सोच को साझा किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस भेंट को सराहते हुए साहित्य के क्षेत्र में उनके प्रयासों की प्रशंसा की और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। यह मुलाकात साहित्य और प्रशासन के संगम का प्रतीक बनी, जिसमें रचनात्मकता और उत्तरदायित्व के आदर्श दृष्टिगोचर हुए।

# 21 नवीन गो संरक्षण केन्द्रों के निर्माण हेतु 16 करोड़ 80 लाख स्वीकृत

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में निराश्रित गोवंश के संरक्षण के लिए 13 जनपदो के 21 नवीन गो संरक्षण केन्द्रों के निर्माण हेतु प्रथम किश्त के रूप में 80 लाख की दर से 16 करोड़ 80 लाख रूपये की धनराशि वर्तमान वित्तीय वर्ष में स्वीकृत की है। स्वीकृत धनराशि से बरेली के ग्राम जैनपुर कादराबाद, तहसील आँवला, हाथरस् के ग्राम नगला गढ़ू, तह सासनी, मिर्जापुर के खरिहटकला, तह लालगंज, लखीमपुर खीरी के समैसा, तह धौरहरा, कानपुर देहात के बम्हरौली घाट बांगर, तह भोगनीपुर, ललितपुर के हरदारी ग्रम सभा मादौन, तह ललितपुर, बिजनौर के चांगीपुर, तह चान्दपुर, बदायूँ के कोड़ा जयकरन, तह दातागंज, गदरौली, तह दातागंज, ताहिरपुर जाहिदपुर, तह सहसवान, गुठेला, तह बिसौली तथा गोण्डा के महादेवा, तह तरबगंज में निर्माण किया जायेगा। इसके साथ ही शाहजहाँपुर के केवल रामपुर चिलऊवा, तह जलालाबाद, अमेठी के ग्रा कठौरा, तह मुसाफिरखाना, रोहसी बुजुर्ग, तह गौरीगंज, तारापुर, तह अमेठी, पीढ़ी, तह तिलोई, जालौन के सिकरी व्यास, तह उरई, रतहरी, तह जालौन, रोमई मुस्तकिल, तह जालौन तथा झांसी के लारौनी, तह मऊरानीपुर में गो संरक्षण केन्द्रों की स्थापना की जायेगी। प्रत्येक केन्द्र हेतु 80 लाख रूपये की धनराशि का प्रावधान किया गया है। इस संबंध में पशुधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी करते हुए निदेशक, प्रशासन एवं विकास पशुपालन विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिये गये हैं। शासनादेश में कहा गया है कि गो संरक्षण केन्द्रों हेतु निर्गत की गयी धनराशियों के नियम संगत व्यय, व्यय विवरण उपयोगिता प्रमाण पत्र तथा भौतिक प्रगति तथा गुणवत्ता सुनिश्चित किये जाने का दायित्व निदेशक प्रशासन एवं विकास पशुपालन विभाग का होगा।

# आंगनबाड़ी केंद्रों को आधुनिक सुविधाओं से लैस कर रही योगी सरकार

- किराए के भवनों से निकल कर खुद के भवन में संचालित हो रहे हैं आंगनबाड़ी केंद्र
- प्रदेश में अब तक 13 हजार से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों का हो चुका है निर्माण
- केंद्रों में बच्चों के लिए पढ़ाई की सामग्री के साथ स्मार्ट टीवी और एसी की भी सुविधा




- 2019-20 में 2015 केंद्रों का निर्माण
- 2020-21 में 4042 केंद्रों का निर्माण
- 2021-22 में 1871 केंद्रों का निर्माण
- 2022-23 में 2329 केंद्रों का निर्माण
- 2023-24 में 1981 केंद्रों का निर्माण

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

योगी सरकार प्रदेश की महिलाओं बच्चों के समुचित विकास व स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए कई तरह की योजनाओं का संचालन कर रही है। इसके लिए प्रदेश में आंगनबाड़ी केंद्रों को और भी स्मार्ट और आधुनिक बनाया जा रहा है। इसके लिए योगी सरकार आंगनबाड़ी केंद्रों को किराए के भवनों से निकालकर खुद के भवनों में स्थापित करने का कार्य तेजी के साथ कर कर रही है। बीते छह वर्षों में प्रदेश में अब तक 13 हजार से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों का गुणवत्तापूर्ण निर्माण हो चुका है। जबकि 8 हजार से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण पर कार्य प्रगति पर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बच्चों और महिलाओं के विकास के प्रति प्रतिबद्धता ने आंगनबाड़ी केंद्रों को जनता के बीच एक नई पहचान दी है। महिला एवं बाल विकास विभाग और पंचायती राज विभाग के समन्वय से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी आंगनबाड़ी केंद्र गुणवत्तापूर्ण भवनों में संचालित हों। सरकार की योजना के तहत जो केंद्र अभी तक किराए के मकानों में चल रहे हैं, उनके लिए मनरेगा योजना के तहत भवन निर्माण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। बता दें कि मनरेगा योजना के अंतर्गत जहां बीते वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 1981 आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कराया गया, वहीं वर्तमान वित्तीय वर्ष में भी अब तक 1122 से ज्यादा आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। इस वर्ष अब तक योजनांतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों को बनाने में 13262.15 लाख की धनराशि व्यय भी की जा चुकी है। जबकि करीब 8 हजार से ज्यादा आंगनबाड़ी केन्द्रों पर कार्य प्रगतिशील है। योगी सरकार द्वारा पंचायत स्तर पर आंगनबाड़ी केंद्रों का पूरी पारदर्शिता एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्माण कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जा रहा है।

### केंद्रों में बच्चों के लिए पढ़ाई की सामग्री समेत स्मार्ट टीवी और एसी की भी सुविधा

योगी सरकार की योजना आंगनबाड़ी केंद्रों को न केवल भवनों तक सीमित रखने की है, बल्कि उन्हें प्री-प्राइमरी स्कूलों की तर्ज पर स्मार्ट सुविधाओं से लैस करने का भी है। बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा मिले और वे अपने प्रारंभिक वर्षों में बेहतर तरीके से विकास कर सकें, इसके लिए विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इन केंद्रों में बच्चों के लिए पढ़ाई की सामग्री, स्मार्ट टीवी, और गर्मियों में आराम के लिए एसी जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। बच्चों के खेलने के लिए भी विशेष इंतजाम किए गए हैं। केंद्र पर टेबल, कुर्सी, और चित्रयुक्त किताबों की व्यवस्था की जा रही है। साथ ही एलपीजी सिलेंडर, वाटर प्यूरी फायर, केंद्र के कमरे का विद्युतीकरण, शौचालय की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। इस प्रयास से आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की संख्या भी बढ़ रही है। सरकार ने 15 अगस्त 2025 तक प्रदेश के 75 हजार आंगनबाड़ी केंद्रों का कायाकल्प कर उन्हें आधुनिक बनाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए 18 मानक इंडिकेटर्स तय किए गए हैं। हर केंद्र को इन मानकों के अनुरूप विकसित किया जा रहा है।

# तथाकथित डाटा ऑपरेटर कर रहे सरकारी काम

- पूर्ति विभाग में काम, नौकरी हवा हवाई

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

पूर्ति विभाग के खाद्य एव रसद विभाग तहसील अमेठी मे डाटा ऑपरेटरों की तैनाती नहीं है। फिर भी तथाकथित डाटा ऑपरेटर काम कर रहे हैं।और तैनात ऑपरेटरों की जानकारी शासन प्रशासन को भी नहीं है।मजेदार बात यह है कि पूर्ति विभाग के निरीक्षक के ऊपर सब दारोमदार है।पूति बिभाग में आनलाइन काम दिनेश कुमार,सुशेन यादव सोनू पाल आदि तथाकथित डाटा ऑपरेटर का काम कार्यालय में आये दिन करते हैं।लेकिन इन तथाकथित डाटा ऑपरेटरों की तैनाती ना तो संविदा पर है।ना ही खाद्य एव रसद बिभाग से तैनाती है।डाटा ऑपरेटर दिनेश कुमार का कहना है कि काम करते



हैं।लेकिन बेतन और मानदेय नहीं मिलता है।तथाकथित डाटा ऑपरेटर सोनू पाल का कहना है कि इलाके के कोटेदारो का सहयोग करते हैं। बस उन्ही से मेरा भी काम बन जाता है।खाद्य एव रसद बिभाग तहसील अमेठी के पूर्ति निरीक्षक शुभम चौधरी अपने कार्यालय में ब्यस्त रहते हैं।तीन तथाकथित डाटा ऑपरेटरों से बात करते हैं।और उन्हे काम बताते है।कोटेदारो को भी इन तथाकथित डाटा ऑपरेटरों के काम का कोई बटवारा नहीं है।

पूर्ति निरीक्षक शुभम चौधरी का कहना है कि अब तो सभी काम आन लाईन है।काम की अधिकता है।अपने खर्च से लोगो से काम करवाते हैं।शासन से कोई तैनाती नही है।काम चाहिए।प्रशासन से अनुमति नहीं है।इस नाते इन ऑपरेटरों से कार्य किसी तरह चल रहा है।

## आबकारी टीम की दबिश में पकड़ी गई छियालिस लीटर कच्ची शराब

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी अमेठी एवं उप आबकारी आयुक्त अयोध्या प्रभार के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी अमेठी के पर्यवेक्षण में बृहस्पतिवार को जनपद में गठित टीम द्वारा ग्राम मठिया, पूरे साधन सिंह का पुरवा, सवनगी में आकस्मिक दबिश दी गयी।दबिश के दौरान क्षेत्र एक गौरीगंज में थाना जामो के अंतर्गत ग्राम मठिया से छियालिस लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई।एवं दो सौ किलो लहन मौके पर नष्ट किया गया।इस कार्यवाही में तीन अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किया गया।साथ ही ग्राम वासियो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के टोल फ्री नम्बर अथवा संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण,बेचने व रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई।इस कार्यवाही में प्रभारी आबकारी निरीक्षक सतीश चंद्र दीक्षित क्षेत्र एक व आबकारी स्टॉफ अजीत कुमार सिंह,पुष्पेंद्र कुमार, प्रीति पाल आबकारी सिपाही सम्मलित रहें।

# तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक को मारी टक्कर, दो घायल, एक की हालात नाजुक

### घायलों को डॉक्टरों ने जिला अस्पताल किया रेफर

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जनपद के संग्रामपुर थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार को सुबह तेज रफ्तार बोलेरो वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मारी।हादसा इतना भीषण था कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।और बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।बोलेरो वाहन चालक गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया।स्थानीय ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची 112 पीआरबी पुलिस द्वारा गंभीर हालत में दोनों युवकों को संग्रामपुर सीएचसी भर्ती कराया गया।दोनों युवकों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है।जहां एक कि हालत नाजुक बनी हुई है।जोकि अपनी जिंदगी की जंग लड़ रहा है।घटना संग्रामपुर थाना क्षेत्र के टीकरमाफी चौकी अंतर्गत मौहरिया भावलपुर गांव के पास की है।जहां बृहस्पतिवार सुबह करीब सात बजे अंतू थाना क्षेत्र के अंतर्गत लोहियानगर से रिश्तेदारी से घर वापस लौट रहे बाइक सवार युवक सब्बीर



अली पुत्र अनवर अली निवासी दुदवा थाना गोसाईगंज और शहंशाह पुत्र मोहम्मद अमीन निवासी बौधिकपुर थाना पीपरपुर को तेज रफ्तार बोलेरो वाहन ने टक्कर मार दी।बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार दोनों युवक बुरी तरह घायल हो गए।और बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।टक्कर इतनी जोरदार थी,कि बाइक सवार दोनों युवक बुरी तरह घायल हो गए और बाइक भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।बोलेरो चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया।वहीं मौके पर मौजूद स्थानीय निवासी चंचल तिवारी द्वारा घटना की जानकारी 112 पीआरबी पुलिस और 108 एंबुलेंस को दी गई।पुलिस वाहन चालक की तलाश कर कर रही है। एंबुलेंस को पहुंचने में देरी होता देख मौके पर पहुंची पीआरबी 112 पुलिस द्वारा दोनों घायल युवकों को संग्रामपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया।यहां पर प्राथमिक इलाज के बाद हालत गंभीर देख डॉक्टर ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।घायल युवक सब्बीर अली की हालत नाजुक बनी हुई है।वहीं थाना संग्रामपुर पुलिस अज्ञात बोलेरो वाहन की तलाश में जुट गई है।

## कृषि यंत्रों पर अनुदान हेतु किसान बीस तक करें आवेदन

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार ने बताया कि सीआरएम योजना के तहत समस्त किसानों के लिए पराली प्रबन्धन के कृषि यंत्रों एवं सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन योजना के आवेदन हेतु बुकिंग बीस दिसम्बर तक की जायेगी।इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि योजना के तहत किसानों द्वारा बुकिंग हेतु विभागीय पोर्टल 222. agriculture.up.gov.in पर कृषि यंत्र पर अनुदान हेतु टोकन निकाले लिंक पर क्लिक कर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।तथा फसल अवशेष प्रबन्धन वाले कृषि यंत्रों के आवेदन हेतु बुकिंग प्रक्रिया के तहत समस्त प्रकार के फसल अवशेष प्रबन्धन वाले कृषि यंत्रों पर अधिकतम पचास प्रतिशत एवं कस्टम हायरिंग सेन्टर पर अधिकतम अस्सी प्रतिशत अनुदान मिलेगा। उन्होंने बताया कि समस्त प्रकार के सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन वाले कृषि यंत्रों पर अधिकतम पचास प्रतिशत अनुदान मिलेगा।लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर लाभार्थी का चयन ई-लॉटरी के माध्यम से किया जायेगा ।आवेदन के समय ही किसान को यंन्त्रवार निर्धारित जमानत धनराशि ऑनलाइन जमा करनी होगी व लक्ष्य अवशेष न रहने पर एवं ई-लॉटरी में चयनित न होने वाले सम्बन्धित किसानों को जमानत धनराशि वापस कर दी जायेगी।उन्होंने बताया कि रू दस हजार एक रुपए से एक लाख तक अनुदान के कृषि यंन्त्रों हेतु जमानत धनराशि पच्चीस सौ रुपए तथा एक लाख से अधिक अनुदान के कृषि यंन्त्रों के लिए जमानत धनराशि पांच हजार होगी।

### नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा लोकसभा में पूछे गए सवाल से आईटीआई का सच आया सामने

# हजारों करोड़ के टर्नओवर वाली आईटीआई 20 करोड़ के व्यापार में सिमटी

### शहर और जिले की लाइफ लाइन मानी जाने वाली आईटीआई अपने अस्तित्व के संकट से जूझ रही है

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

शहर और जिले की लाइफ लाइन मानी जाने वाली आईटीआई अब अपने अस्तित्व के संकट से ही जूझ रही है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा लोकसभा में पूछे गए सवाल से आईटीआई का कड़वा सच सामने आया हैहर साल हजारों करोड़ रुपए के टर्नओवर वाली इंडियन टेलीफोन इंडस्ट्रीज की रायबरेली इकाई इस वित्त वर्ष में केवल 20 करोड़ रुपए का ही व्यापार कर पाई है। 51 साल पहले सार्वजनिक क्षेत्र में स्थापित हुई इस फैक्ट्री में अब तीन प्रतिशत ही स्थाई कर्मचारी बचे हैं। फैक्ट्री को केंद्र सरकार से न पर्याप्त आर्डर मिल रहे हैं और न रिवाइवल पैकेज ही मिल रहा है। आईटीआई की रायबरेली इकाई को वित्तीय सहायता के 300 करोड़ रुपए मिलने का आज भी इंतजार है आईटीआई की इस बदहाली का खुलासा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा लोकसभा में पूछे गए सवाल पर सरकार द्वारा दिए गए जवाब से हुआ है एक समय इस फैक्ट्री में 7000 स्थाई कर्मचारी हुआ करते थे। सांसद राहुल गांधी द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में सरकार ने बताया है कि आईटीआई की रायबरेली इकाई में वर्तमान में 322 कर्मचारी ही कार्यरत है। इसमें 173 स्थाई, 68 संविदा कर्मी और

- आईटीआई में स्थाई रूप से तीन प्रतिशत कर्मचारी ही बचे

83 अनौपचारिक कर्मचारी काम कर रहे हैं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सरकार से लोकसभा में पूछा कि कर्मचारियों को समय से वेतन प्रदान करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं? के जवाब में सरकार ने बताया है कि कर्मचारियों को समय से वेतन दिलाने के लिए जरूरी उपाय किए जा रहे हैं अब तक 4456 करोड़ रुपए की विधि सहायता को मंजूरी दी गई है विभिन्न बातों में 4157 करोड़ रुपए अवमुक्त किये जा चुके हैं। इस धनराशि का भी आधे से अधिक हिस्सा बकाए और वेतन में खर्च हो गया सरकार के जवाब से ही सामने आया है कि वित्तीय सहायता के करीब 300 करोड़ रुपए अभी भी बाकी हैं केंद्र सरकार वित्तीय सहायता की इस धनराशि को रिलीज करने में रुचि नहीं ले रही है आईटीआई की रायबरेली यूनिट 6 अक्तूबर 1973 को अपने प्रधानमंत्रित्व काल में स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी ने सार्वजनिक क्षेत्र की आईटीआई की रायबरेली इकाई स्थापित कराई थी प्रारंभ में यहां बेसिक फोन के एक्सचेंज के लिए क्रॉस बार यूनिट का उत्पादन होता था समय बदलने के साथ इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस सी डॉट का उत्पादन शुरू हुआ इस समय सी और रेलवे के लिए आईटीआई में ओएफसी केबल का उत्पादन हो रहा हैइंडियन टेलीफोन इंडस्ट्रीज की पालघाट, मनकापुर (गोंडा) रायबरेली, बेंगलुरुनैनी (प्रयागराज) और जम्मू में स्थापित हैं यूपीए शासनकाल में संसद के रूप में सोनिया गांधी ने 2009-10 में करीब 8000 करोड़ का रिवाइवल पैकेज आईटीआई की रायबरेली इकाई के लिए उपलब्ध कराया था। इस धनराशि का अधिकतर हिस्सा कर्मचारियों के वेतन और बकाया में ही खर्च हो गया था इसी से फैक्ट्री नई बाजार के हिसाब से अपडेट नहीं हो पाई।

# मातृभूमि सेवा मिशन इकाई और कौशल विकास संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में गीता जयंती का समापन किया गया

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

संस्थान के मुख्य प्रशिक्षक प्रबंधक श्री संजय वर्मा जी द्वारा कथा व्यास श्री गोपाल शरण महाराज को शॉल और श्रीफल भेंट किया गया इस अवसर पर संस्थान में उपस्थित युवाओं के समक्ष कथा व्यास श्री गोपालशरण जी ने भारतीय युवा पीढ़ी के समग्र विकास में श्रीमद् भागवत गीता का महत्व विषय पर अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने युवाओं को बताया कि दुर्योधन बलशाली होते हुए भी दुष्ट प्रवृत्ति का था, इस कारण महाभारत का युद्ध हुआ । इससे हमें यह सीख मिलती है की सामर्थ्यवान होने के बावजूद भी अगर हम अन्याय और अधर्म के पक्ष में होंगे तो हमारी पराजय निश्चित है उन्होंने गीता के श्लोक के माध्यम से युवाओं को बताया कि अगर आप निरंतर अपने कर्म में सच्चे मन से अपने कर्म को करते रहते हैं तो निश्चित ही जीवन में सफलता मिलेगी उन्होंने बताया कि गीता आपकी आध्यात्मिक मानसिक और सांस्कृतिक चेतना का विकास करती है। अगर आप गीता का अध्ययन करते हैं या सुनते हैं तो यह आपके जीवन के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। कार्यक्रम का संयोजन मातृभूमि सेवा मिशन रायबरेली इकाई के संयोजक श्री प्रदीप पांडेय जी द्वारा किया गया कार्यक्रम के



संचालन का दायित्व मातृभूमि सेवा संस्थान इकाई रायबरेली के योगाचार्य बृजमोहन ने संभाला उन्होंने गीतों, श्लोक और अपने भाषण के माध्यम से युवाओं को प्रेरित किया वेदांत मिश्रा जो कि कौशल विकास संस्थान में नियुक्त प्रधानाचार्य जी के होनहार बेटे है। कार्यक्रम में आपने अपने ओजस्वी भाषण से गीतों के माध्यम से पूरे गीता का सार ही समझा दिया संस्थान के प्रधानाचार्य श्री योगेंद्र मिश्रा ने कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन श्लोक के माध्यम से युवाओं को गीता का महत्व बताया और कहा कि यदि युवा निरंतर कर्मरत रहकर किसी विषय में दक्षता प्राप्त कर लेते हैं तो सफलता निश्चित ही उनके कदम चूमेगी। आभार ज्ञापित करने के दौरान कौशल विकास संस्थान रायबरेली के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अजेश मणि त्रिपाठी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि ÷ सांकृतिक विरासत को भुलाकर किसी भी देश का विकास संभव नहीं हो सकता। गीता हमारी सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है और इसके उपदेशों का पालन कर हम जीवन को उच्च शिखर तक पहुंचा सकते हैं।÷ ज्ञात हो कि तेल और गैस सेक्टर की महारत्न कंपनी गेल इंडिया लिमिटेड के नेतृत्व में संचालित कौशल विकास संस्थान रायबरेली न सिर्फ युवाओं को निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है बल्कि उनको रोजगार से जोड़ने के लिए सतत प्रयास कर रहा है संस्थान में पांच संकायों पाइप फिटर, इंडस्ट्रियल वेल्डर, इंडस्ट्रियल इलेक्ट्रिशियन, प्रोसेस इंस्ट्रूमेंटेशन तकनीशियन और डोमेस्टिक आईटी हेल्प डेस्क अटेंडेंट कोर्सेज में युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान कर उनको रोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है । जिससे रायबरेली आसपास के जिलों के युवा लाभान्वित हो रहे हैं

कार्यक्रम में शहर के कुछ वरिष्ठ समाज सेवी भी उपस्थित रहे जिनमें श्री रामराज गिरी, महेंद्र अग्रवाल , श्री राजेश सिंह , सन्त कुमार मिश्रा,श्री शैलेन्द्र अग्निहोत्री, श्रीमती रेनू सिंह,पूर्व प्रधानाचार्य इंद्रराज शुक्ला जी, श्री अंब्रिश पांडे जी, श्रीमती उर्मिला देवी, राघवेंद्र पांडे जी, राम सिंहासन पाण्डेय जी के साथ अन्य गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे और युवाओं को मार्गदर्शन दिया कार्यक्रम में संस्थान के युवाओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

# युवती का रायबरेली एसपी कार्यालय पर हाई वोल्टेज ड्रामा

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

रायबरेली पुलिस अधीक्षक कार्यालय में उस समय अफरा तफरी मच गई जब बुधवार को एक युवती न्याय के लिए पुलिस अधीक्षक डॉ0 यसवीर सिंह से मिलने कार्यालय पहुंची थी। युवती को एसपी से नहीं मिलने दिया गया जिससे नाराज युवती बाहर आने के बाद पुलिस के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करने लगी, इसी दौरान ड्यूटी पर तैनात महिला सिपाहियों ने उसे रोक तो वह और चिल्लाने लगी और किसी की एक नहीं सुनी सी ओ सिटी नगर अमित सिंह के समझाने के बाद भी युवती नहीं मानी, लगभग 20 मिनट तक वह कार्यालय के बाहर हाई वोल्टेज ड्रामा करती रही मामला गंभीर होने पर महिला पुलिस बल ने उसे जीप में महिला थाने ले गई और जांच शुरू कर दी युवती चिल्ला चिल्ला कर शहर कोतवाल पर 20 हजार रुपए लेने का गंभीर आरोप लगाया है बता दे की बुधवार को कोतवाली क्षेत्र के बस्तेपुर निवासी रचना मौर्य पुत्री स्व0 राम



चंद्र मौर्य पारिवारिक विवाद को लेकर एसपी डा0 यशवीर सिंह से मिलने कार्यालय पहुंची थी। युवती की बड़ी बहन नीतू मौर्य एलआईयू रायबरेली कार्यालय में तैनात है और छोटी बहन भी यूपी पुलिस में तैनात है। बीते दिनों मुहल्ले वासियों से किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था पुलिस की मौजूदगी में मुहल्ले वासियों ने उसे मारा था। जिसको लेकर वह न्याय को लेकर रायबरेली से लखनऊ तक चक्कर लगा चुकी है पर उसे न्याय नहीं मिल सका उसी को लेकर आज वह एसपी से मिलने पहुंची थी शहर कोतवाल राजेश सिंह का कहना है कि युवती बस्तेपुर की रहने वाली है उसके पता पिता का निधन हो चुका है यह चार बहन व दो भाई है प्रापर्टी को लेकर झगड़ा होता रहता है पुलिस पर लगाए गए आरोप निराधार है।

## संतोष सिंह को अमेरिकन काउंसिल ने प्रदान की डॉक्टरेट की उपाधि

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

लालगंज तहसील के अंतर्गत आने वाले लखन गांव के निवासी संतोष सिंह ने अपने गांव और जिले का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है।भारतीय सेना में पिछले 10 वर्षों से प्रशासनिक क्लर्क के रूप में कार्यरत संतोष जी को अमेरिकन काउंसिल द्वारा ÷प्रोडक्ट डिज़ाइन एंड मैनेजमेंट÷ के क्षेत्र में मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने अपने व्यस्त सैन्य जीवन और शैक्षणिक रुचियों के बीच संतुलन बनाते हुए यह बड़ी उपलब्धि हासिल की है गांव और जिले के पहले ऐसे व्यक्ति होने के नाते जिन्हें यह प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हुआ है उनकी उपलब्धि पर पूरे जिले में हर्ष का माहौल हैपरिवारदोस्तों रिश्तेदारों और ग्रामीणों ने संतोष जी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है उनकी इस सफलता ने यह साबित कर दिया कि कड़ी मेहनत और समर्पण से हर लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है यह सम्मान न केवलउनकेपरिवार के लिए गर्व का विषय है बल्कि जिले के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है।

# जिला कांग्रेस कमेटी विधि विभाग की बैठक संपन्न हुई

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिला कांग्रेस कमेटी विधि विभाग की एक बैठक कैंप कार्यालय लीगल सेल पुलिस लाइन तिराहा में विधि प्रकोष्ठ के अध्यक्ष की अध्यक्षता में अमरीश बाजपेई के द्वारा संपन्न हुई बैठक में निरंतर वर्तमान उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बिजली विभाग की निजी हाथों में देने का प्रयास किया जा रहा है बैठक में उपस्थित अधिवक्ता साथियों द्वारा विद्युत विभाग को निजी हाथों में देने का पुरजोर विरोध किया गया विधि प्रकोष्ठ के अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा की आजादी की लड़ाई के बाद स्वतंत्र भारत में यह व्यवस्था 70 के दशक में प्राइवेट कंपनी रोहतक एण्ड हिसार कंपनी के हाथ में थी जिसे तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने उत्तर प्रदेश सरकार के हाथ में ले ली थी तब से लेकर आज तक विद्युत विभाग उत्तर प्रदेश के सरकार के हाथ में है आज केंद्र में बैठी सरकार कुछ अपने पूंजीपति मित्रों को फायदा पहुंचाने के लिए बिजली



उपक्रम को उनके हाथों बेंच देना चाहती है जो उत्तर प्रदेश की जनता के लिए दमनकारी कदम है उत्तर प्रदेश सरकार के इस कदम का पूरा विरोध किया जाएगा और यदि सरकार अपने इस कदम को वापस नहीं लेती है तो लीगल सेल कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल से सिग्रही राज्यपाल से मिलेगा वह जनता के इस विरोध को उन्हें अवगत कराएगा वरिष्ठ अधिवक्ता शशिकांत पांडे ने कहा कि यह सरकार लगातार अमीरों को अमीर और गरीबों को गरीब बना ती जा रही है उनकी इस पूंजीवादी नीति के चलते देश एवं प्रदेश की जनता कुचली जा रही है वैसे ही बिजली को लेकर प्रदेश की जनता को रोज दो चार होना पड़ता है एवं बिजली विभाग को यदि निजी हाथों में दिया जाता है तो जनता और बुरी तरह से आर्थिक तंगी की ओर बढ़ेगी एवं पूंजी पतियों के खिलाफ कोई सुनने वाला भी नहीं होगा इसलिए उत्तर प्रदेश सरकार को सलाह दी जाती है कि यह निजीकरण किसी भी प्रकार से जनता पर न थोंपे नहीं तो एक आंदोलन विरोध में खड़ा किया जाएगा इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अजय शर्मा घनश्याम शुक्ला सुंदरलाल निर्मल रमेश सिंह दुर्गेश द्विवेदी ओम कुमार सिंह धर्मेंद्र शुक्ला प्रेम शंकर यादव सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

## अभिभावक परामर्श संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

डीह ब्लॉक संसाधन केंद्र डीह में समेकित शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों का तृतीय एक दिवसीयअभिभावकउन्मुखीकरण संगोष्ठी का प्रशिक्षणआयोजित हुआ प्रशिक्षक विशेष शिक्षक बृजेश यादव ने अभिभावकों को शासन स्तर से मिलने वाली सुविधाओं जैसे स्कार्ट एलाउंस, स्टाइपेंड निःशुल्क शिक्षा सहायक उपकरण, गंभीर रूप से दिव्यांग आन बेड बच्चों को मिलने वाली गृह आधारित शिक्षण व प्रशिक्षण, दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 दिव्यांग प्रमाण पत्र की उपयोगिता आदि पर विस्तार से चर्चा की मॉडल पर्सन के रूप में दृष्टिहीन दिव्यांग छात्र दीपक यादव जो दृष्टिहीन होने के बाद भी इंटर तक पढ़ाई कीऔरब्लाइंडक्रिकेटप्रतियोगिताओं में भी उपकप्तान की भी भूमिका निभाते है ए.आर.पी रंजीत कुमार ने कहा की दिव्यांगता अभिशाप नहीं बल्कि चुनौती है दिव्यांग बच्चे आज शिक्षा के साथ खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यों में भी बहुत निपुण हैं प्रधानाध्यापक चंद्रकांत श्रीवास्तव ने अभिभावकों को जागरूक करते हुए बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने हेतु प्रेरित किया इस प्रशिक्षण में 50 अभिभावकों ने प्रतिभाग किया यह प्रशिक्षण खंड शिक्षा अधिकारी तरुण कुमार की देखरेख में संपन्न हुआ इस अवसर पर पंकज अंजनी पाण्डेय राकेश कुमार आशीष नीरज श्रीवास्तव उषा अरुन कौशल्या सुनीता सीमा बब्लू सिंह, खैरुनिशा, मनबोध रंजीता सहित तमाम शिक्षक अभिभावक आदि उपस्थित रहे।



**पूरनपुर में अधिवक्ता की पिटाई के...**

देर रात सड़क हादसे के बाद कोतवाली में तहरीर देने गए अधिवक्ता के साथ मारपीट के विरोध में लामबंद हुए अधिवक्ताओं ने धरना प्रदर्शन कर हंगामा किया। वार्ता के लिए पहुंचे पुलिस क्षेत्राधिकार और उप जिलाधिकारी की मौजूदगी में इंस्पेक्टर के साथ जमकर नोक झोंक हुई। पढ़ें पेज 10 पर...

# एसीपी पर आईआईटी कानपुर में पढ़ने वाली छात्रा ने लगाया रेप का आरोप

- एसीपी कलेक्टर गंज पर रेप की धाराओं में मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कानपुर कमिश्नरेट पुलिस की वर्दी पर एक बार फिर से शर्मनाक कारनामा किए जाने के आरोप लगे हैं। आईआईटी की एक छात्रा ने एसीपी पर रेप का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता ने बताया कि एसीपी कलेक्टर गंज मोहसिन खान ईट से साइबर क्राइम और क्रिमिनोलॉजी की पढ़ाई कर रहे हैं। वह रिसर्च स्कॉलर से नजदीकी बढ़ गई। एसीपी साहब ने प्यार में पास कर उससे रेप की घिनौनी घटना को अंजाम दिया। आईआईटी की छात्रा द्वारा आप आरोप लगाए जाने के बाद पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के आदेश पर गुरुवार को डीसीपी साउथ अंकित शर्मा और एसीपी अर्चना सिंह सिविल ड्रेस में आईआईटी पहुंची।



डीजीपी ने एसीपी मोहसिन खान को इसी साल सिल्वर मेडल से पुरस्कृत किया था।



जहां पर उन्होंने पीड़िता से पूछताछ की। दोनों माल अधिकारियों ने बताया कि आप सही पाए गए। इसके बाद पुलिस कमिश्नर ने एसीपी के खिलाफ रेप समेत अन्य गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिया। साथ ही साथ एसीपी को पद से भी हटा दिया गया। मामले में डीसीपी अंकित शर्मा ने बताया कि आरोपी एसीपी को तत्काल प्रभाव से लखनऊ हेड क्वार्टर में अटैच कर दिया गया है। एसआईटी की तीन गठित की गई है। इस टीम को एडीसीपी ट्रैफिक अर्चना लीड कर रही है। टीम में एसीपी अभिषेक पांडे समेत पांच सदस्य शामिल है।

### पत्नी को तलाक देने की बात कह कर छात्रा को जाल में फांसा

घटना के आरोपी एसीपी ने इसी वर्ष जुलाई महीने में आईआईटी में एडमिशन लिया था। जिस छात्रा के साथ इस घिनौनी घटना को अंजाम दिया गया वह छात्रा फाइनल ईयर की स्टूडेंट है। सूत्रों के मुताबिक छात्र की उम्र 27 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि दोनों की आईआईटी कानपुर में पढ़ाई के दौरान मुलाकात हुई थी। दोनों के बीच लव अफेयर हो गया था। छात्रा को कुछ समय बाद पता चला कि एसीपी शादीशुदा है। तब दोनों के बीच झगड़ा होने लगा। एसीपी ने छात्रा को इस बात पर राजी किया कि वह अपनी पत्नी को तलाक दे देंगे। उन्होंने छात्रा को धैर्य बनाए कि तुम परेशान मत हो। लेकिन छात्रा ने उनकी एक बिना सुनी। जिसके बाद छात्र कल्याणपुर थाने पहुंची। थाने पहुंचने के बाद छात्र नहीं एसीपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर दिया।

### एसीपी 2013 बैच के पीपीएस अफसर है, डीजीपी से मिला है सिल्वर मेडल

मोहसिन खान 2013 बैच के पीपीएस अधिकारी हैं। मोहसिन खान का लखनऊ में घर बना हुआ है। 1 जुलाई 2015 को उन्होंने सर्विस ज्वाइन की थी। कानपुर में 12 दिसंबर 2023 से तैनात हैं। कानपुर में अपनी तैनाती के दौरान इसी साल एसीपी को 15 अगस्त के दिन डीजीपी से सिल्वर मेडल और प्रशांतपत भी प्राप्त हुआ था। कानपुर आने से पहले वह आगरा और अलीगढ़ में तीन-तीन वर्ष तैनात रह चुके हैं।

## एनएचएआई अधिकारी को थप्पड़ मारने के मामले में सपा विधायक ने कोर्ट में किया सरेंडर

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

एनएचएआई के परियोजना निदेशक से गाली गलौज और धमकी देने के मामले में गुरुवार को सपा विधायक ने एमपीएमएलए कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। विधायक पर वर्ष 2021 में कानपुर अलीगढ़ हाईवे चौड़ीकरण के दौरान मंधना में स्थित फैक्ट्री की जगह एनएचएआई द्वारा अधिग्रहित की गई थी। इसी मामले में सपा विधायक द्वारा एनएचएआई के अफसर को थप्पड़ मारने पर ?1 लाख रुपए की घोषणा की गई थी। मामले में बीते दिन दोपहर 12ः00 बजे से 4ः00 बजे तक विधायक कोर्ट में थे। सुनवाई के बाद कोर्ट ने जमानत की याचिका को मंजूर कर लिया। सपा विधायक अमिताभ बाजपेई ने कहा की फैक्ट्री समेत अन्य प्रतिष्ठानों का बगैर नोटिस व मुआवजा दिए कब्जा लिया गया था।



इस मामले में विधायक के द्वारा आंदोलन भी किया गया साथ ही साथ धरना प्रदर्शन भी हुआ था।

सूत्रों के मुताबिक कानपुर अलीगढ़ हाईवे चौड़ीकरण के दौरान भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने भूमि अधिग्रहण शुरू किया था। जिसमें सपा विधायक अमिताभ बाजपेई की मंधना स्थित फैक्ट्री की जगह को भी अधिग्रहित किया गया था। भूमि अधिग्रहण के बाद सपा विधायक अमिताभ बाजपेई ने खुले मंच से धरना प्रदर्शित के दौरान कहां गया था कि जो भी एनएचएआई के अधिकारी को थप्पड़ मारेगा उसे ?1 लाख रुपए का इनाम दिया जाएगा। इसके बाद तत्कालीन परियोजना निदेशक प्रशांत दुबे ने बिठूर थाने में 17 अगस्त 2021 को आईपीसी की धारा 504, 506, मुकदमा दर्ज कराया था।

### जमानत हुई मंजूर 7 जनवरी को होगी अग्रिम सुनवाई

इसी मामले में बीते दिन गुरुवार को एमपी एमएलए कोर्ट लोअर आनंदी सिंह की कोर्ट ने समन जारी किया था। जिसके लिए गुरुवार को सपा विधायक ने कोर्ट में सरेंडर कर जमानत के लिए प्रार्थना पत्र दाखिल किया। सनी के दौरान कोर्ट ने सपा विधायक की जमानत याचिका मंजूर करते हुए अग्रिम सुनवाई की तिथि 7 जनवरी सुनिश्चित की है।

## गीता जयंती पर जगह-जगह बनाई गई कानपुर में मानव श्रृंखला




**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

श्रीमद् भागवत गीता जयंती के अवसर पर श्रीमद् भागवत गीता न्यास के तत्वावधान में कानपुर में बीते दिन गुरुवार को गीता संदेश मानव श्रृंखला में लाल बंगला में कई संस्था विद्यालय सहयोग के साथ आनंद नगर विकास सेवा समिति, चैतन्य चबूतरा मॉर्निंग वॉकर समिति, वैदिक सनातन धर्म उत्थान सेवा समिति, श्री शिव शक्ति धाम मित्र मंडल ,उड़ान महिला उत्थान समिति , महाराजा मणि कुंडल इंटर कॉलेज,विज किड्स पब्लिक स्कूल,अवध सामाजिक सेवा संस्थान, लाल बंगला रामलीला कमेटी, लाल बंगला व्यापार मंडल, ओम जन सेवा संस्थान, विजन वेदांता पब्लिक स्कूल,ओमपुरवा,चंद्र नगर, जगई पुरवा व्यापार मंडल इसी श्रृंखला में कुछ कई विद्यालय जिनमें आर के मेमोरियल एकेडमी लाल बंगला, ऊषा कान्वेंट परदेवन पुरवा, फ्यूचर स्टार स्कूल,मनी कुंडल हायर सेकेंडरी स्कूल, शिव प्रसाद बालिका इंटर कॉलेज, टैगोर विद्या मंदिर ,न्यू विजन इंटर कॉलेज, नई आशा गर्ल्स इंटर कॉलेज ,न्यू जीनियस पब्लिक स्कूल ,अंतर ज्ञान विद्या मंदिर ,न्यू मार्डन हायर सेकेंडरी स्कूल, अंतर्ज्ञान एजुकेशन सेंटर, शिवा शिक्षा निकेतन, एंटी करप्शन फाउंडेशन आफ इंडिया कानपुर टीम आदि संस्थाओं ने विद्यालयों ने मानव श्रृंखला में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। गीता संदेश मानव श्रृंखला में सहयोग दिया मुख्य रूप से राजीव महाना, के के शुक्ला, दिलीप राजपूत , दिलीप मिश्रा, रमन भैया,बलराम सिह, जितेंद्र चौरसिया, सीता वर्मा, संकल्प गुप्ता, रमाशंकर साहू , श्रवण कुमार रजक,अरूण तिवारी, दिलीप कुमार मिश्रा,आनन्द अग्रहरि, अरविंद साहू, भगवान दीन वर्मा,पूनम अग्रवाल, रानी कश्यप , बलराम सिंह, भानु प्रकाश शुक्ला,सीमा अग्रहरि, गीता शर्मा,ए के श्रीवास्तव , राजू गुप्ता, आदि लोगो ने मानव श्रखला बनाने मे अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## दस वर्षों से नहीं आया रजबहे में पानी कृषक हुए परेशान

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

**शिवराजपुर।** शिवराजपुर ब्लॉक के जगतपुर रजबहे में बीते 10 वर्षों से पानी नहीं आया है। इसके चलते हेड से टेल तक पानी न पहुंचने से किसानों को रजबहे का कोई लाभ नहीं मिल सका है। किसानों का कहना है कि सिचाई विभाग के अधिकारी कुंभकर्णी नींद सोते रहते हैं। कई बार शिकायत करने के बाद भी अभी तक किसानों की कोई सुनवाई नहीं हुई है। सिंहपुर गांव निवासी सौरभ, मुकेश दुबे, राजन, घिन्नीपुरवा गांव निवासी श्रीकांत राठौर, टोडकापुर के हिमांशु मिश्रा, निवादा सुक्खा के निशू यादव, महाराज नगर के रजत अग्निहोत्री, गणेशगंज के गंगाप्रसाद, मुड़हर के चिंकी पांडेय, छोटी मनु के वैभव शुक्ला ने बताया कि लगभग बीते 10 वर्षों से रजबहे में पानी नहीं आ रहा है। रजबहों की सफाई का काम भी काफी देर से शुरू हुआ। अब सफाई तो हो गई लेकिन अभी अक पानी नहीं छोड़ा जा रहा ऐसे में किसान निजी नलकूपों से फसल की सिंचाई करने को मजबूर हैं। सिंचाई के अभाव में गेहूं, राई,



आलू, टमाटर, फूल आदि फासले सुखें का मार झेल रही है। इस वर्ष भी -सफाई न होने से पानी समय से मिलने से फसल - बर्बाद हो रही हैं। किसानों ने तो यहां तक कहा कि एक और जहां देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ जी किसानों के लिए विभिन्न योजनाएं चलाकर उन्हें लाभ पहुंचाने का काम कर रहे हैं वहीं सरकारी तंत्र में बैठे लोग अभी भी किसानों को लाभ पहुंचाने के बजाय उन्हें नुकसान पहुंचा रहे हैं। अब देखने वाली बात यह होगी कि सिंचाई विभाग के अधिकारी कब कुंभकर्णी नींद से जागते हैं।

## टोना टुटका का भय दिखाकर व्यक्ति के साथ पांच लाख के जेवर की लूट

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

**शिवराजपुर।** वैज्ञानिक युग में जहां टोना टोटका और अंधविश्वास को नहीं माना जाता है वही आज भी टोना टोटका का भय दिखाकर लोगों को लूट लिया जाता है ऐसा एक मामला बीते दिन गुरुवार को सामने आया जब शिवराजपुर थाना क्षेत्र स्थित राधन गांव निवासी उदयनरायण पुत्र त्रिमोहन बहेलिया को करीब दोपहर 2 बजे अपने घर से बिल्हौर स्थित सुनील कोल्ड स्टोर आलू लेने गए थे आलू लेकर वो वापस अपने घर लौट रहे थे कि तभी रास्ते में दो व्यक्तियों ने उन्हें रोक लिया और बोले हम ब्राह्मण है और हरिद्वार से आए है हरिद्वार से मेरे गुरु ने हमको आपके पास भेजा है और कहा है की आप पे बहुत बड़ा संकट आने वाला है इसके बाद उदयनारायण घबरा गया। उसकी घबराहट का फायदा उठाते हुए उन दोनो ने बताया कि आपके चार लड़के है और एक लड़की है वो भी बीमार रहती है ये बात उदय नारायण को सही लगी उसके बाद उदय नारायण ने उपाय पूछा तो उन दोनों ने कहा कि आप घर में जितनी भी सोने की चीजे हो उनको लेकर शिवराजपुर के पास बने खेतेश्वर मंदिर में जाकर चढ़ा देना और 100 रुपए का प्रसाद लेकर चढ़ा देना जेवर अपना वापस ले लेना ये सब नही करोगे तो आपके एक बेटे का कल एक्सीडेंट हो जाएगा और लड़की जो बीमार रहती है वो भी मार जायेगी?। ये सुन कर उदय नारायण घबरा गया और उनके कहने के अनुसार चलने लगा उसके बाद उन लोगो ने कहा हम आपके साथ चल रहे है उसके बाद वो दोनो गांव के बाहर ही रुक गए और उदय नारायण को जेवर लाने को भेज दिया उसके बाद तीनो लोग मंदिर जाने लगे तभी रास्ते में प्यारेपुर और मुंहपोछा गांव के बीच में काफी सुनसान जगह रहती है अनलोगो ने फिर उसी जगह गाड़ी खड़ी कर उदय नारायण को पीटने लगे वा उनके करीब पांच लाख के जेवर वा एक हजार रुपए और एक कीपैड मोबाइल लेके वहा से भाग निकले। उदय नारायण को जब पता चला की उनके साथ धोखा हो गया तो उसने तुरंत ही घर में खबर की तो घर वाले घबरा गए जिसके बाद वह तुरंत ही शिवराजपुर थाने पहुंचा। जहां पर उसने आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। तहरीर मिलते ही पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी शिवराजपुर पुलिस द्वारा बिल्हौर से शिवराजपुर के बीच लगे सीसीटीवी कैमरे चेक करना शुरू कर दिया है। मामले में शिवराजपुर थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिसोदिया ने बताया कि पीड़ित द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया है प्रार्थना पत्र दिए जाने के बाद से लगातार पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है साथ ही साथ रास्ते पर लगे हुए सीसीटीवी फुटेज भी खंगालें जा रहे हैं।

## नमस्ते इंडिया कंपनी के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा हुआ दर्ज

- दूध सप्लायर की आईडी का फर्जी इस्तेमाल कर कराया करोडो का लोन

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

फजलगंज थाने में एक दूध सप्लायर ने नमस्ते इंडिया कंपनी फूड प्राइवेट लिमिटेड और एचडीएफसी बैंक शाखा लखनऊ के खिलाफ धोखाधड़ी व जलसाजी के मामले में मुकदमा पंजीकृत करवाया है। सप्लायर ने आरोप लगाया है कि कंपनी ने फर्जी आईडी का प्रयोग कर बैंक से 7 करोड रुपए का लोन कर लिया था। यह लोन वर्ष 2021 में कराया गया था। पीड़ित में इस मामले में पुलिस से शिकायत भी की थी। कौन कोई सुनवाई न होने पर पीड़ित ने न्यायालय की शरण लेते हुए सिविल जज जूनियर डिवीजन एफटीसी के यहां मुकदमा दर्ज कराए जाने को लेकर न्याय की गुहार लगाते हुए प्रार्थना पत्र दिया था। कोर्ट ने मामले में मुकदमा दर्ज कराए जाने के आदेश भी किए थे। इसके बाद फजलगंज थाने में कोर्ट के आदेश को मानते हुए धोखाधड़ी और जालसाजी समेत सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर



लिया गया। सूत्रों के मुताबिक ग्राम तेंदुली तहसील बिंदकी फतेहपुर के रहने वाले विनय कुमार मिश्रा उम्र 40 वर्ष जो कि वर्तमान समय में दामोदर नगर बर्रा में रहते हैं। विनय कुमार ने बताया कि वह किसी और दूध का काम कर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। वर्ष 2014 में नमस्ते इंडिया फूट प्राइवेट लिमिटेड जिसका कार्यालय 119-21 ब्लॉक पी एनटी फजलगंज करती रोड पर है। जहां के मिल्क सेंटर पर विनय अपने ग्राम तेंदुली एवं आसपास के क्षेत्र से दूध का कलेक्शन करके सप्लाई का कार्य शुरू किया था। काम के दौरान उक्त कंपनी ने विनय के सारे अभिलेख जैसे आधार कार्ड पैन कार्ड फोटो आदि अपने पास संरक्षित कर लिया था। उसी आईडी का दुरुपयोग करने के कंपनी ने 14 जनवरी 2021 को 10617177 रुपए, 29 अप्रैल 2021 को 9819723 रुपए, 28 सितंबर 2021 को 9998409 रुपए, 4 अक्टूबर 2021 को 1671096 रुपए, 11 जनवरी 2022 को 19972851 को मिलाकर कुल 7,00,48,456 करोड़ रुपए विनय को बिना बताए और बिना उसकी अनुमति और हस्ताक्षर के कंपनी के मोबाइल नंबर का प्रयोग करते हुए एचडीएफसी बैंक की शाखा प्रणय टॉवर्स 38 दरबारी लाल शर्मा मार्ग लखनऊ के अधिकारियों के साथ मिली भगत करके साजिश के तहत फॉर्मर फाइनेंसिंग फैसिलिटी के नाम पर गुपचुप तरीके से लोन स्वीकृत कर लिया था। धनराज का प्रयोग कंपनी द्वारा निजी हित में किया गया। विनय के मुताबिक 18 नवंबर 2022 को एचडीएफसी बैंक ने एक पत्र भेजा तब उसे पूरी घटना का पता चला। विनय को बैंक का एक और पत्र मिला जिसमें लोन अमाउंट का रीपेमेंट भी कंपनी द्वारा आनन-फानन में कर दिया गया है। बैंक द्वारा पत्र मिल जाने के बाद विनय ने इस घटना को लेकर कंपनी के कर्मचारियों से लेकर पदाधिकारी तक से मिलकर कारण जानने का प्रयास किया मगर किसी की तरफ से कोई मदद नहीं मिली। इस घटना के बाद से वह डिप्रेशन में चला गया था इतना ही नहीं मानसिक रूप से अस्वस्थ भी हो गया था। इसी मामले में थाना प्रभारी फजलगंज सुनील कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर नमस्ते इंडिया फूड प्राइवेट लिमिटेड और एचडीएफसी के पदाधिकारी व कर्मचारी गणों के खिलाफ धोखाधड़ी कोर्ट रचित दस्तावेज बनाना और उनका प्रयोग करने की धाराओं में मुकदमा कोर्ट के आदेश पर दर्ज कर लिया गया है।

## शहर में चोरों का आतंक बरकरार 1 मिनट में मोटर साइकिल की पार

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। बर्रा थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक बुलेट चोरी होने का वीडियो सोशल मीडिया पर बीते दिन जमकर वायरल हुआ। बताया जा रहा है कि चोरों ने हूडी पहन रखी थी। चोरों ने चोरी की घटना को महज 1.27 सेकंड में अंजाम दिया है। हालांकि अभी तक पीड़ित परिवार की ओर से पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज निकलवा लिए हैं तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों के मुताबिक बर्रा थाना क्षेत्र के



विवेकानंद पब्लिक स्कूल के बगल में एक मकान में बाहर बुलेट मोटर साइकिल खड़ी हुई थी। वायरल वीडियो 12 दिसंबर की सुबह 4ः30 बजे का बताया जा रहा है। सीसीटीवी फुटेज में दो चोर हूडी पहने हुए टहलते हुए आते दिखाई दे रहे हैं। पहले तो वह दूर से बाइक को देखते रहते हैं इसके बाद चौराहे पर आकर दोनों रुक जाते हैं और चारों तरफ देखना शुरू करते हैं। इसके बाद बाइक पर बैठकर हैंडल तोड़ने का प्रयास करता है। हैंडल ना टूटने पर दूसरा कर बाइक को घसीटा हुआ दिखाई पड़ रहा है। इसके बाद चोर झटका देकर हैंडल लॉक तोड़ देता है। फिर बाइक को स्टैंड से उतर कर घसीटते हुए दूसरे रास्ते क्यों निकल जाते हैं। फिलहाल बुरा इंस्पेक्टर राजेश शर्मा ने बताया है कि पीड़ित परिवार की ओर से अभी कोई तैयारी नहीं मिली है तहरीर मिलने के बाद फुटेज के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## हार्ट अटैक से हेड कांस्टेबल की हुई मौत

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

घाटमपुर के साढ़ थाने में तैनात हेड कांस्टेबल की हार्ट अटैक से दर्दनाक मौत हो गई। साथी पुलिस कर्मियों ने आनन-फानन में हेड कांस्टेबल को भीतरगांव सीएचसी इलाज करने के लिए भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टरों ने हेड कांस्टेबल को मृत घोषित कर दिया। साथी पुलिस कर्मियों ने घटना की सूचना परिजनों को फोन के माध्यम से दी है। साढ़ पुलिस ने हेड कांस्टेबल के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सूत्रों के मुताबिक इटावा जिले के सैफई के रहने वाले अंबरीश कुमार घाटमपुर के साढ़ थाने



में हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात थे। घाटमपुर एसीपी रंजीत कुमार सिंह ने मुताबिक हेड कांस्टेबल को 27 नवंबर को हार्ट अटैक आया था। इसके बाद कार्डियोलॉजी में दिल का ऑपरेशन हुआ था। जिसमें हेड कांस्टेबल के एक स्टंट पड़ा था। यहां से डिस्चार्ज होने के बाद वह घर चला गया था। बीती 10 दिसंबर को उन्होंने साढ़ थाने पहुंचकर ड्यूटी ज्वाइन की थी। देर रात वह कमरे में सोनी चला गया था। सुबह जब दरवाजा नहीं खोला तो साथी पुलिसकर्मी ने दरवाजा खोलकर देखा तो हेड कांस्टेबल मृत अवस्था में पड़ा हुआ था। पुलिसकर्मी आनन-फानन मैं हेड कांस्टेबल को भीतरगांव सीएचसी इलाज कराए जाने को लेकर ले गए। जहां डॉक्टरों ने हेड कांस्टेबल को मृत घोषित कर दिया। साढ़ थाना प्रभारी केपी सिंह ने घटना की सूचना अधिकारियों को देने के साथ हेल्थ कांस्टेबल के परिजनों को दे दी है। साथ ही साथ हेड कांस्टेबल केशव को पोस्टमार्टम के लिए भी भेज दिया है। घटना के बाद से परिवार के सदस्यों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## ठंड में सांस उखड़ी, दो रोगियों की मौत, अस्थमा और सीओपीडी रोगियों को जटिलताएं बढ़ीं

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

माहौल में बढ़ी गलन ने सांस रोगियों की हालत खराब कर दी है। रोगियों के जटिलताएं उभर आई हैं। सीओपीडी के दो रोगियों की मौत हो गई। रोगियों को एंबुलेंस से हैलट इमरजेंसी लाया गया लेकिन बीच में ही सांसें थम गईं। इसके साथ डॉ. मुरारीलाल चेस्ट हॉस्पिटल में भर्ती होने वाले रोगियों की संख्या बढ़ गई है। इसके साथ ही हैलट इमरजेंसी में रोगियों को भर्ती किया जा रहा है।

## 20 सालों में सबसे ठंडी 12 दिसंबर की रात पारा 5.4 डिग्री पर, दो दिनों में ठंडक और बढ़ेगी



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

20 सालों में सबसे ठंडी 12 दिसंबर की रात रही है। हिमालय की बर्फबारी और बारिश तथा जेट स्ट्रीम की लाई नमी जब वातावरण में समाई तो न्यूनतम तापमान 24 घंटे में 3.4 डिग्री सेल्सियस नीचे गिर गया। इसके पहले वर्ष 2004 में 12 दिसंबर को न्यूनतम तापमान 4.1 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था। माहौल में नमी समाने से गलन बढ़ गई। सीएसए के मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले दो दिनों में ठंडक और बढ़ेगी। उत्तर पश्चिमी हवाओं की निरंतरता बनी हुई है। हवाएं बराबर नमी ला रही हैं। बादल अगर आए तो दिन का तापमान भी लुढ़केगा। समुद्री हवाएं जेट स्ट्रीम और हिमालय की पर्वतीय श्रंखलाओं पर हो रही बर्फबारी उत्तर पश्चिमी हवाओं में नमी बढ़ा रही है। इससे कानपुर परिक्षेत्र समेत पूरे प्रदेश में गलन बढ़ गई है। वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि उत्तर पश्चिमी हवाओं की निरंतरता के साथ जब तक जेट स्ट्रीम नीचे बनी रहेंगी। हवाओं में नमी और ठंड बढ़ती रहेगी। इसके साथ ही हिमालयी बर्फबारी से ठंड का प्रभाव मैदानी इलाकों में आएगा। इसकी वजह से रात का तापमान नीचे गिरा है। अभी इसके और नीचे आने की संभावना है। इसके अलावा बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बना है। इसके चक्रवाती घेरे के असर से हल्के बादल आएंगे। इनकी वजह से कानपुर परिक्षेत्र में बारिश तो नहीं होगी लेकिन बादल आ सकते हैं। इसकी वजह से धूप हल्की हो जाएगी और अधिकतम तापमान गिरेगा। गुरुवार को दिन में धूप निकलने पर अधिकतम तापमान सामान्य औसत के बराबर रहा है। लेकिन ठंडी हवाओं की वजह से माहौल में गलन बनी रही। इसके साथ ही क्षोभ मंडल में एक पश्चिमी विक्षोभ बना हुआ है। इसका भी हल्का असर आ रहा है। सीएसए के मौसम विभाग के तकनीकी अधिकारी अजय मिश्रा ने बताया कि हवाओं की निरंतरता की वजह से अभी ठंड और बढ़ने का अनुमान है। माहौल में धुंध कम हुई है। सुबह दृश्यता 1300 मीटर रही है। 24 घंटे में माहौल में नौ फीसदी बढ़ी है। नमी 92 फीसदी है। हवाओं की रफ्तार जितनी बढ़ेगी, ठंड उतनी तेज होगी।

## मानव तस्करी का आरोपी सरगना पप्पू यादव दिल्ली से गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

गोविंदनगर में फर्नीचर कारोबारी अंकित आनंद के ससुर को बच्चे बेचने वाले गुरुग्राम निवासी पप्पू यादव को पुलिस ने गुरुवार शाम दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम उसे लेकर कानपुर आ रही है। इससे पहले पुलिस ने फर्नीचर कारोबारी के ससुर के घर पर छापा मारा था। बड़े शहरों में नौकर उपलब्ध कराने वाली एजेंसियों के दलाल हर जिले में सक्रिय रहते हैं। ये दलाल मजदूर, मिस्त्री, इलेक्ट्रीशियन, प्लंबर, खाना बनाने वाली, घरों की सफाई करने वाली, बच्चे को खिलाने और देखरेख करने वाले लोगों को एजेंसी को उपलब्ध कराते हैं। पप्पू यादव ने पूछताछ में बताया कि उनके एजेंट गरीबों और ज्यादा बच्चे वाले माता-पिता से संपर्क करते हैं। मुखिया को 30 से 40 हजार का कमीशन दिया जाता है। परिवार वालों को समय-समय पर रुपया भेजने का वादा किया जाता है। किशोर, किशोरी, महिला या पुरुष को एजेंसी को सौंपने पर एजेंसी दलाल को मोटी रकम देती है।

## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# भाजपा के खिलाफ 27 में फिर बदलेगा सियासी समीकरण

**रिश्तों में खटास का ही नतीजा है कि सपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरणमय नंदा ने कहा कि ममता बनर्जी वरिष्ठ नेता हैं। पार्टी हाईकमान भी यही चाहता है कि इंडिया गठबंधन का नेतृत्व ममता बनर्जी करें। सपा के प्रमुख महासचिव प्रो. रामगोपाल भी कह चुके हैं कि वे राहुल गांधी को इंडिया गठबंधन का नेता नहीं मानते हैं। इंडिया गठबंधन की समन्वय समिति में शामिल सपा के एक नेता बताते हैं कि कांग्रेस गठबंधन को लेकर गंभीर नहीं है। उसके नेता चुनाव के वक्त ही सक्रिय होते हैं जिससे जनाधार नहीं बढ़ता। ऐसे में बेहतर होगा कि गठबंधन का नेतृत्व ममता बनर्जी करें। भाजपा को मात देने के लिए रणनीति के साथ जनता के बीच लगातार जुटे रहने की जरूरत है।**

*उत्तर प्रदेश में बीजेपी के खिलाफ एक बार फिर से सियासी समीकरण काफी तेजी के साथ बदल रहा हैं। प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी और योगी सरकार की विरोध की हांडी नहीं पक पाने के कारण प्रदेश में एक बार फिर से नए सियासी समीकरण उभरते नजर आ रहे हैं। इस नये समीकरण में तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी का अहम रोल हो सकता है। इसी वजह से समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन की कमान ममता बनर्जी को दिये जाने की मांग का भी समर्थन कर रहे हैं। हो सकता है 2027 के विधानसभा चुनाव के समय तक समाजवादी पार्टी कांग्रेसी पंजे से अपना हाथ छुड़ाकर ममता बनर्जी के कहने पर एक बार फिर से मायावती के सात बुआ भतीजे वाला रिश्ता निभाते नजर आए। ऐसा होता है तो यूपी में कांग्रेस को बड़ा झटका लग सकता है। यह संभावना है इसलिए बढ़ रही है क्योंकि पिछले कुछ दिनों या महीनों से कांग्रेस समाजवादी पार्टी के मुस्लिम वोट बैंक में सेंधमारी की कोशिश कर रही है। सपा-कांग्रेस के बीच दूरियां लगातार बढ़ने के साथ एक-दूसरे के खिलाफ सार्वजनिक मंचों से बयानबाजी भी हो रही है। महाराष्ट और हरियाणा के चुनाव में कांग्रेस की नाकामी भी इसमें एक अहम कड़ी समझा जा रहा है। यही दूरियां ही हैं कि संसद के अंदर भी सपा-कांग्रेस विभिन्न मुद्दों पर मजबूती से एक साथ नहीं दिख रहे हैं।सपा नेताओं का कहना है कि संभल मामले में उसके सांसद पर मुकदमे दर्ज किए जाने का कांग्रेस ने उस तरह विरोध नहीं किया जैसी उससे अपेक्षा थी। बताते हैं कि लोकसभा में फैजाबाद (अयोध्या) के सपा सांसद अवधेश प्रसाद की सीट पीछे होने पर भी दोनों दलों के रिश्तों में दरार आई है। सपा का मानना है कि सीटिंग प्लान पर बात के समय कांग्रेस ने उसे भरोसे में नहीं लिया। वहीं, कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि सदन में अदाणी मामले में उसे सपा का अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा है। हाल यह है कि जेल में बंद सपा के कद्दावर नेता और पूर्व मंत्री आजम खान ने भी इंडिया ब्लॉक को जेल से एक संदेश भेजा है। इसमें उन्होंने कहा है कि इंडिया ब्लॉक को मुसलमानों पर हो रहे हमलों पर अपनी नीति स्पष्ट करनी चाहिए। साथ ही उन्होंने समाजवादी पार्टी को भी लिखा कि संभल की घटना के जैसे ही रामपुर में हुए अत्याचार का मुद्दा भी संसद में उतनी ही मजबूती से उठाना चाहिए। कांग्रेस और सपा के बीच दूरियां तब और बढ़ गईं जब सपा कि तरफ से कहा जाने लगा कि इंडिया गठबंधन का नेतृत्व कांग्रेस की जगह तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी को दिए जाने पर सपा को एतराज नहीं है। बता दें लोकसभा चुनाव के बाद कई चुनावों में कांग्रेस की लगातार हार के बाद इंडिया गठबंधन में अंतर्विरोध बढ़ रहे हैं। उधर दूसरी तरफ चर्चा यह भी है कि यूपी की राजनीति एक बार फिर पलट सकती है। सपा और कांग्रेस के बीच आई दूरियों के बीच मायावती का रुख नई राजनीतिक समीकरणों को जन्म दे सकता है। बहराल, सपा नेताओं का कहना है कि संभल मामले में उसके सांसद पर मुकदमे दर्ज किए जाने का कांग्रेस ने उस तरह विरोध नहीं किया जैसी उससे अपेक्षा थी। बताते हैं कि लोकसभा में फैजाबाद (अयोध्या) के सपा सांसद अवधेश प्रसाद की सीट पीछे होने पर भी दोनों दलों के रिश्तों में असहजता पैदा हुई है। सपा का मानना है कि सीटिंग प्लान पर बात के समय कांग्रेस ने उसे भरोसे में नहीं लिया। वहीं, कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि सदन में अदाणी मामले में उसे सपा का अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**गठबंधन की मूल विचारधारा पर प्रश्न खड़े होने भी स्वाभाविक है। गठबंधन की सफलता के लिये नीति एवं नियत में एकजुटता जरूरी है। गठबंधन तभी सफलता से चलता है, जब सारे पक्ष थोड़ा-थोड़ा त्याग करें और किसी बड़े लक्ष्य को सामने रखे। क्षेत्रीय पार्टियों की बहुलता और अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग क्षेत्रीय पार्टियों की प्रधानता के चलते भी इस तरह के गठबंधन को लंबे समय तक चला पाना मुश्किल हो जाता है। चुनावी हार और सत्ता से बाहर होने की स्थिति में तो ऐसे गठबंधन को संभालना लगभग असंभव ही हो जाता है। ऐसी स्थितियों में क्या इंडिया गठबंधन के भविष्य पर धुंधलके छाने लगे है। क्या वह अंतिम सांसें गिन रहा है।**

# इंडिया गठबंधन में बढ़ती दरारें और मुश्किलें



ललित गर्ग

**इन दोनों राज्यों में भी विपक्षी गठबंधन इंडिया की जीत में क्षेत्रीय दलों की बड़ी भूमिका रही और कांग्रेस की कम। इसलिए अब विपक्षी गठबंधन के नेतृत्व को लेकर भी उसे चुनौतियां मिल रही हैं। आने वाले चुनाव विपक्षी गठबंधन के भविष्य के लिए भी अहम और निर्णायक होंगे।**

विपक्षी गठबंधन इंडिया की उलटी गिनती का क्रम रूकने का नाम नहीं ले रहे हैं। दिल्ली, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल से आ रही खबरों से साफ होता है कि इंडिया गठबंधन इंडिया में सब कुछ सही नहीं चल रहा। लगातार चुनावी नाकामियों से पैदा हुई बेचैनी गठजोड़ पर भारी पड़ रही है। एक-दूसरे के खिलाफ असंतोष, दोषारोपण और बयानबाजी विपक्ष एकता के लिए बिल्कुल भी शुभ संकेत नहीं, जो गठबंधन की मुश्किलें बढ़ाने का ही सबब है। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रभावी प्रदर्शन एवं परिणामों के कारण ही वह अधिकारपूर्वक इंडिया का नेतृत्व अपने हाथों में लेकर गठबंधन की अगुआई करने में सक्षम हो पायी। लेकिन कांग्रेस की ओर से ऐसी कोई मजबूत एवं प्रभावी पहल बाद में हुए हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखण्ड, जम्मू-कश्मीर आदि प्रांतों के चुनावों में देखने को नहीं मिली, राज्यों के विधानसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन का हिस्सा होते हुए भी पार्टियों ने अपनी क्षेत्रीय जरूरत को सर्वोपरि रखते हुए फैसले लिए जो गठबंधन की प्रतिबद्धताओं पर प्रश्न लगाती है। अडाणी मुद्दे को लेकर शीतकालीन संसद सत्र में इंडिया गठबंधन में दरार दिखने लगी है। अडानी के मुद्दे पर कांग्रेस और राहुल गांधी लगातार संसद में हंगामा कर रहे हैं, सदन की कार्यवाही नहीं चल पाई है। वहीं, अडानी के मुद्दे पर इंडिया गठबंधन के घटक दल समाजवादी पार्टी और टीएमसी कांग्रेस से अलग अपना रुख दिखाते हुए आम सहमति नहीं बना पा रहे हैं। वैसे भी ये दोनों दल ही 66 सांसदों के साथ गठबंधन के मजबूत आधार है। निश्चित रूप से कांग्रेस के मुद्दों से इंडिया गठबंधन के सहयोगी दल ही कांग्रेस से दूरी बना रहे हैं। भाजपा जब कांग्रेस से मुकाबले में होती है तब उसका प्रदर्शन सबसे अच्छा रहता है। जबकि क्षेत्रीय नेताओं के मुकाबले राहुल का जादू फीका पड़ता है। इसके उदाहरण हैं झारखंड के हेमंत सोरेन का शानदार प्रदर्शन और बंगाल की ममता बनर्जी जिन्होंने उपचुनाव में सारी सीटें जीत ली। हरियाणा विधानसभा चुनावों में हमने देखा कि इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन की बातचीत टूटने के बाद से कांग्रेस के जीत के सपनों को सेंध लगी थी और वहां भाजपा ने शानदार जीत हासिल करते हुए सरकार बनाने में कामयाब रही। महाराष्ट्र में भी



**विपक्ष की मजबूती उसके खुद के लिए ही नहीं, एक मजबूत लोकतंत्र के लिए भी जरूरी है। इंडिया गठबंधन का मूल उद्देश्य भाजपा एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कमजोर करना है, लेकिन इसके लिये कांग्रेस एवं गठबंधन प्रभावी मुद्दें प्रस्तुत करने में नाकाम रही है।**

इंडिया गठबंधन का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। आप ने तो कांग्रेस से दूरी बनायी ही है, अन्य दल भी दूरियां बना रहे हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले ही कांग्रेस एवं आप के बीच सहमति नहीं पायी है। आप ने समझ लिया है कि गठबंधन से कांग्रेस को ही फायदा अधिक होता है। इस तरह गठबंधन के टूटन से भाजपा की निराशा के बादल कुछ सीमा तक पहले भी छंटते हुए दिखाई दिये हैं और दिल्ली में ही ऐसा होता हुआ दिख रहा है। कांग्रेस, आप एवं भाजपा के त्रिकोणीय संघर्ष का फायदा भाजपा को ही मिला है और आगे भी ऐसा ही होने की संभावनाएं है। महाराष्ट्र चुनाव में भी विपक्षी गठबंधन इंडिया बिखरा हुआ ही प्रतीत हुआ, सपा ने शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट से नाराजगी की बात कहते हुए महाविकास अघाड़ी गुट से नाता तोड़ा, भले इससे राज्य की सियासत पर असर न पड़ा हो, लेकिन इसके गहरे राजनीतिक मायने हैं। इसी तरह, तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष और बंगाल की सीएम ममता बनर्जी का इंडिया को लीड करने की इच्छा जाहिर करना भी बहुत कुछ कहता है। इन दोनों की नाराजगी गठबंधन के नेतृत्व और इस तरह से सीधे कांग्रेस को लेकर है। विभिन्न राज्यों में जहां-जहां इंडिया गठबंधन दलों की सरकारें हैं, वे अडाणी जैसे मुद्दों से दूरी बनाना चाहते हैं। ममता बनर्जी ने जिस तरह यह कहा कि उनका दल कांग्रेस की ओर से उठाए गए किसी एक मुद्दे को प्राथमिकता नहीं देगा, उससे यही संकेत मिला कि वह नहीं चाहतीं कि अदाणी मामले को तूल दिया जाए। कांग्रेस को इसकी भी अनदेखी नहीं करनी चाहिए कि गत दिवस ही माकपा के नेतृत्व वाली केरल सरकार ने बंदरगाह के विकास के लिए अदाणी समूह के साथ एक पूरक समझौते को अंतिम रूप दिया। साफ है कि माकपा भी अदाणी मामले में कांग्रेस के रुख से सहमत नहीं। तेलंगाना सरकार ने अदाणी समूह के साथ एक समझौता कर रखा है और अतीत में राजस्थान की कांग्रेस सरकार ने भी राज्य में इस समूह के निवेश को हरी झंडी दी थी। आखिर राहुल गांधी इन स्थितियों को क्यों नहीं समझ एवं देख रहे हैं? विपक्ष गठबंधन इंडिया में सबसे ज्यादा कमी आम सहमति की दिखाई देती है। सीटों से लेकर मुद्दों तक, सहयोगी दलों के बीच कहीं एकजुटता एवं आम सहमति नहीं दिखती। इसी शीतकालीन सत्र में अदाणी मामले पर कांग्रेस और टीएमसी ने अलग राह पकड़ ली। दरअसल, यह टकराव राष्ट्रीय राजनीति में फिर से मजबूत होने की कोशिश कर रही कांग्रेस और अपनी खोयी राजनीतिक जमीन को पाने के लिए लड़ रहीं।

## एक्सप्रेस कविता

*दिलों में नफरत हाथों में खंज़र क्यों,*
*मेरे मौला ये खौफनाक मंज़र क्यों ।।*
*कौम का बटवारा खून से सना हुआ ,*
*लहु की धार नफरत का असर क्यों।*
*या खुदा तेरी रहमत या कुछ और है ,*
*आँखों में तल्खी,जुबाँ पे जहर क्यों ।।*

*कहीं घर उजड़ा है कही दुकांन लुटी,*
*अमन गायब बचा अस्थि पंजर क्योंंं*
*एक मिटटी से बनाया है हम सबको,*
*लाचार इंसान भला इतना जर्जर क्यों*
*आओ भूलो दंगे फसाद बनाएं नया संसार।*
*शांति अमन और चैन में संजीव कहर क्यों।।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

***जिंदगी में सबसे बड़ा धनवान वो इंसान होता है, जो दूसरों को अपनी मुस्कुराहट देकर उनका दिल जीत लेता है***



*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | त्रयोदशी 19:40 तक |
| नक्षत्र: | भरणी 07:49 तक |
| पक्ष: | शुक्ल |
| वार: | शुक्रवार |
| योग: | शिव, 11:47 |
| सूर्योदय: | 07:08 |
| सूर्यास्त: | 17:21 |
| चंद्रमा: | मेष राशि में |
| राहुकाल: | 10:58-12:14 |
| विक्रमी संवत्: | 2081 |
| शक सम्वत: | 1946 |
| मास: | मार्गशीर्ष |
| शुभ मुहूर्त: | 11:54-12:35 |

## जन एक्सप्रेस

### है मचा बवाल !

*लेकर के सुरक्षा को ।*
*है मचा बवाल ।।*
*मौसम है चुनावी ।*
*मचा है बवाल ।।*
*रस्साकस्सी चल रही ।*
*कौन जिम्मेदार ?*
*हर तरफ से हो रहे ।*
*शब्दों के प्रहार ।।*
*ना दो मुझे सुरक्षा ।*
*बात निकल कर आई ।।*
*हरकतों से ऐसी ।*
*होती जगहंसाई ।।*
*रहें सब महफ़ूज़ ।*
*हो काम इस प्रकार ।।*
*रहें सब सुरक्षित ।*
*जो सबका अधिकार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# स्वस्थ रहने के लिए जरूर अपनाएं आयुर्वेद में बताए खाने के नियम



**आयुर्वेद** में खानपान पर विशेष ध्यान दिया जाता है। कई स्वास्थ्य समस्याओं का इलाज भी खानपान में बदलाव करके किया जाता है। आयुर्वेद में माना जाता है कि अगर आप सूर्यास्त के बाद खाना खाते हैं, तो यह सेहत के लिए फायदेमंद नहीं होता है। इसी तरह अगर आप खाने में घी डालकर खाते हैं, तो इससे पाचन तंत्र भी स्वस्थ रहता है। आप खाना किस समय और कैसे खाते हैं यह भी ध्यान देना जरूरी होता है। अगर आप आयुर्वेद के नियम के अनुसार खाना खाते हैं, तो इससे पाचन तंत्र भी स्वस्थ रहता है। आयुर्वेद में बताए गए कुछ खास खाने के नियम पर बात करते हुए आयुर्वेदिक एक्सपर्ट डॉ चैताली राठौड़ ने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर किया है।

**खाते वक्त खाने पर ध्यान दें:** अधिकतर लोग खाना खाते वक्त मोबाइल या टीवी पर ध्यान देते हैं। लेकिन यह आदत आपकी सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकती है। इसके कारण आप कई बार ओवरईटिंग भी कर सकते हैं। इसलिए खाना खाते वक्त सिर्फ खाने पर ध्यान दें। खाना खत्म करने तक अगर आप किसी अन्य चीज पर ध्यान नहीं लगाते हैं, तो इससे आप माइंडफुल ईटिंग करते हैं।

**बहुत तेज या धीमे न खाएं:** कई बार हम बहुत जल्दी या धीरे खाना खा रहे होते हैं। लेकिन इस आदत से वात दोष इंबैलेंस हो सकता है। इसलिए धीरे-धीरे चबाकर ही खाना खाएं। कोशिश करें कि आप खाना ठंडा होने पर पहले तक खत्म कर लें। इससे पाचन अग्नी खाने को ठीक से पचा पाती है।

**खाने में हर चीज का स्वाद होना चाहिए:** खाना आपकी सेहत के लिए तभी फायदेमंद होगा जब उसमें सभी स्वाद मौजूद हो। आपके खाने की प्लेट में मीठा, खट्टा, तीखा, नमकीन और कड़वा सभी स्वाद होने चाहिए। अगर आप रोज ये आदत अपनाते हैं, तो आपकी सेहत को भी फायदे मिलेंगे। एक्सपर्ट के मुताबिक इस तरह से खाना खाने के लिए दोपहर का खाना सबसे बेहतर समय है।

**परेशान होने पर खाना न खाएं:** अगर आप परेशान या उदास है तो उस समय खाना न खाएं। क्योंकि ऐसी स्थिति में कुछ खाने से खाना शरीर को नहीं लगता है। इसके कारण आप ओवरईटिंग भी कर सकते हैं। साथ ही, आपको पाचन संबंधित समस्याएं भी हो सकती हैं। अगर आप उदास या परेशान होने पर कुछ खाते हैं, तो आप इमोशनल ईटिंग भी कर सकते हैं।

**भूख लगने पर ही खाना खाएं:** कई बार हम सिर्फ स्वाद के लिए खाना खाते हैं। लेकिन इसके कारण आप ओवरईटिंग कर सकते हैं। इसलिए जब आपको बहुत ज्यादा भूख लगती है तभी खाना खाएं। क्योंकि जब आप भूख लगने पर खाना खाते हैं, तो इससे शरीर को खाने से सभी पोषक तत्व मिलते हैं। अगर आप भी खाना खाते वक्त इन आयुर्वेदिक नियम को अपनाते हैं, तो इससे आपकी सेहत को कई फायदे मिलेंगे। लेख में दी गई जानकारी पसंद आई हो, तो शेयर करना न भूलें।

## एक्सप्रेस विशेष

# सनातन संस्कृति की ध्वजा विश्व में फहरा रही गीता प्रेस



हितानंद शर्मा

**गीता प्रेस इन अर्थों में भी विश्व का अनूठा प्रकाशन है क्योंकि यह अपनी पुस्तकों में मात्रात्मक, व्याकरणिक, शाब्दिक अथवा तथ्यात्मक त्रुटि बताने वाले को पुरस्कृत करता है हालाँकि पुस्तकों में ऐसी त्रुटियां मिलती नहीं हैं।**

**संस्थान का कार्यालय भी दर्शनीय है। इसके भव्य प्रवेश द्वार के स्तंभ एलोरा के प्राचीन गुफा-मंदिर के स्तंभों की शैली में निर्मित हैं। वहीं अर्जुन के रथ के सारथी बन श्रीकृष्ण गीता का उपदेश दे रहे हैं। प्रवेश द्वार का शिखर दक्षिण भारत के मीनाक्षी मंदिर के शिखर का स्मरण कराता है। इस प्रवेश द्वार का उद्घाटन 29 अप्रैल, 1955 को प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने किया था।**

**मानव** इतिहास में धर्म स्थापना के लिए हुए सबसे भीषण महायुद्ध के बीच भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिया गया गीता का ज्ञान आज भी अमृत रूप में प्रवाहित हो रहा है। श्रीमद्भगवत गीता केवल अर्जुन के लिए नहीं, सनातन समाज के लिए भी नहीं बल्कि विश्व मानवता के शुभ के लिए ईश्वरीय संदेश है। गीता के माध्यम से व्यक्ति स्वयं को जान सकता है और ईश्वरीय सत्ता का अनुभव भी कर सकता है। गीता जयंती मार्गशीर्ष माह के शुक्ल पक्ष की मोक्षदा एकादशी तिथि को मनाई जाती है। यह वही दिन है जब श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का ज्ञान दिया था। गीता के ईश्वरीय संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य गीता प्रेस गोरखपुर द्वारा पिछले 102 वर्षो से बिना रुके पूरे श्रद्धाभाव से किया जा रहा है। भारत के घर-घर में श्रीमद्भगवत गीता और रामायण की प्रति पहुंचाने का श्रेय गीता प्रेस को ही जाता है। गीता प्रेस अब तक श्रीमद्भगवत गीता की 16 करोड़ 21 लाख प्रतियां प्रकाशित कर श्रद्धालु पाठकों तक पहुंचा चुका है। अब तक 41 करोड़ 71 लाख पुस्तकें छापकर विश्व का सबसे बड़ा प्रकाशन संस्थान होने के बाद भी आश्चर्य की बात यह है कि गीता प्रेस न तो किसी से चंदा लेता है और न ही अपने प्रकाशनों में विज्ञापन ही स्वीकार करता है। जब वर्ष 2021 में गीता प्रेस को उसके उल्लेखनीय कार्यों के लिए भारत सरकार का गरिमामय महात्मा गांधी शांति पुरस्कार प्रदान किया गया तो संस्थान ने पुरस्कार को पूरे सम्मान के साथ ग्रहण किया, पर इसके साथ प्रदान की जाने वाली एक करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि सरकार वापस लौटा दी थी। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी इस संस्थान को देखने के लिए आए थे। लागत मूल्य से 50 से लेकर 90 प्रतिशत तक कम कीमत पर बहुमूल्य पुस्तकें पाठकों तक पहुंचाने वाला गीता प्रेस वास्तव में सामाजिक-धार्मिक जागरण का एक आंदोलन ही है। भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण की पावन धरा उत्तर प्रदेश का प्रवास तो मेरा पहले भी होता ही रहा है किन्तु इसी वर्ष संयोग से संगठन के कार्य से मुझे गोरक्ष प्रांत यानी गोरखपुर सहित आसपास के क्षेत्रों का प्रभार सौंपा गया। ऐसे में गोरखपुर में गोरक्ष पीठ सहित एक महत्वतपूर्ण तीर्थ गीता प्रेस के दर्शन का सौभाग्य भी मिला। प्रकाशन का केंद्रीय कार्यालय गोरखपुर में ही है। हिन्दू धर्म, अध्यात्म, दर्शन सहित मानव कल्याण के अनेक विषयों पर पुस्तकें प्रकाशित कर चुका गीता प्रेस आधुनिक समय का तीर्थ ही है। राजा भागीरथ के महान तप से पुण्य प्रवाहिनी मां गंगा का धरती पर अवतरण संभव हो सका था। इक्ष्वाकु वंश के राजा भागीरथ ने अपने पूर्वजों के उद्धार के लिए गंगा को धरती पर लाने का प्रण पूर्ण किया था। इसी प्रकार गीता प्रेस के संस्थापक, ब्रह्मलीन जयदयालजी गोयंदका के ऐसे ही महान तप का सुफल यह प्रकाशन है। वैसे तप तुलना का विषय नहीं है किन्तु धर्म, संस्कृति, अध्यात्म, भक्ति एवं मानवता के उद्धार के लिए गोयंदका जी द्वारा स्थापित गीता प्रेस आज भी पुण्य प्रवाहमयी ज्ञान सरिता है। गीता प्रेस के आदि संपादक हनुमान प्रसाद पोद्दार 'भाईजी' के उल्लेख के बिना गीता प्रेस की चर्चा पूर्ण नहीं होगी। भाईजी वीर सावरकर के निकट के क्रांतिकारी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। अपने मौसेरे भाई जयदयाल के अगाध गीता प्रेम एवं ज्ञान को देखते हुए भाईजी ने श्रीमद्भगवत गीता को लागत मूल्य से भी कम में जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस संकल्प की पूर्ति के लिए अपने एक प्रकाशन की आवश्यकता थी जो गोरखपुर में प्रारंभ हुआ। प्रचार-प्रसार से दूर एक अकिंचन सेवक और निष्काम कर्मयोगी की तरह भाईजी ने सनातन संस्कृति की मान्यताओं को घर-घर तक पहुँचाने में जो अतुलनीय योगदान दिया है, इतिहास में इसका उदाहरण मिलना कठिन है। गीता प्रेस का मुख्य उद्देश्य हिंदू धर्म के सिद्धांतों को गीता, रामायण, उपनिषद, पुराणों, प्रख्यात संतों के प्रवचन एवं चरित्र-निर्माण की अन्य पुस्तकें-पत्रिकाएं प्रकाशित कर इन्हें लागत मूल्य से भी कम कीमत में समाज में पहुंचाना है। गीता प्रेस मानव जीवन के उत्थायन और सभी की भलाई के लिए प्रयासरत है। इसका उद्देश्य शांति, आनंद और मानव जाति के अंतिम उत्थान के लिए गीता में प्रतिपादित जीवन जीने की कला को बढ़ावा देना है। संस्थान का संचालन कोलकाता के गोविंद भवन द्वारा किया जाता है। इसका प्रबंधन एक गवर्निंग काउंसिल ट्रस्ट बोर्ड करती है। गीता प्रेस में दिन की शुरुआत सुबह की प्रार्थना से होती है। एक व्यक्ति दिनभर घूम-घूम कर प्रत्येक कार्यकर्ता को कई बार भगवान का नाम स्?मरण कराता है। गीता प्रेस के अभिलेखागार में भगवद् गीता की 100 से अधिक व्याख्याओं सहित 3,500 से अधिक पांडुलिपियां रखी हैं।

# चार परिषदीय विद्यालयों का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी





गुरुवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने विकास क्षेत्र बेहजम के अंतर्गत यूपीएस गौरिया,पीएस खेरवा, पीएस और यूपीएस भूलनपुर का औचक निरीक्षण कर पठन-पाठन की गुणवत्ता, साफ-सफाई, छात्र-छात्राओं, शिक्षकों की उपस्थिति व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान डीपीआरओ विशाल सिंह,डीपीओ भारत प्रसाद, बीईओ बेहजम देवेश राय, बीडीओ नीरज दुबे मौजूद रहे। सर्वप्रथम डीएम उच्च प्राथमिक विद्यालय गौरिया पहुंची, जहां उन्होंने मिड डे मील के तहत तैयार किए गए दाल रोटी की गुणवत्ता परखी। बच्चों को गाढ़ी दाल परोसने के निर्देश दिए। उन्होंने कक्षा छह के छात्र सैफ से हिंदी की पुस्तक पढ़वाई। पुस्तक को धारा प्रवाह पढ़ने पर सराहना करते हुए तालियां बजवाई। डीएम ने शिक्षकों की उपस्थिति के सम्बंध में भी बच्चों से ही पूछताछ करने पर शिक्षकों ने विद्यालय में नामांकित बच्चों के सापेक्ष उपस्थित बताई। कक्षा में छात्रों से पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। उन्होंने स्कूल में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने परिवार व जिले का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद डीएम प्राथमिक विद्यालय खेरवा पहुंचीं, जहां उन्होंने सर्वप्रथम मिड डे मील की गुणवत्ता देखी। डीएम ने क्लास रूम में स्वयं ब्लैक बोर्ड पर बच्चों से जोड़-घटाव के सवाल भी पूछे। सही जवाब देने पर उनका उत्साह भी बढ़ाया। कक्षा तीन की क्लास में बालिका आराध्या ने धारा प्रवाह रीडिंग स्किल देख डीएम ने ताली बजवाई। अन्य बच्चों की भी रीडिंग स्किल बेहतर मिली। बच्चों के अधिगम स्तर को बेहतर देख डीएम ने प्रधानाध्यापक गौरव गुप्ता की सराहना की। खंड शिक्षा अधिकारी देवेश राय को शाबाशी देते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक गौरव गुप्ता को प्रशंसा पत्र निर्गत करने की बात भी कहीं। विद्यालय परिसर में ही संचालित आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों की एक्टिविटी को देख डीएम ने खुशी जाहिर की।

### सफाईकर्मी का विद्यालय ना आना पड़ा महंगा, डीएम ने किया निलंबित

इसके बाद डीएम प्राथमिक विद्यालय और उच्च प्राथमिक विद्यालय भूलनपुर पहुंचीं, जहां उन्होंने प्राथमिक विद्यालय में सफाई कर्मी द्वारा सप्ताह में एक दिन भी योगदान न दिए जाने को गंभीरता से लिया। तत्काल सफाईकर्मी कमला देवी को निलंबित करने का फरमान सुनाया। कक्षा पांच की छात्रा नजमा और प्रियांशी से झांसी की रानी पाठ पढ़वाकर देखा। निरीक्षण के दौरान बच्चों का अधिगम स्तर बेहतर मिला। इसके बाद डीएम उच्च प्राथमिक विद्यालय भूलनपुर पहुंचीं, जहां उन्होंने बच्चों के शैक्षिक स्तर को जांचा। डीएम के सवालों का बच्चों ने फटाफट जवाब दिया। मध्यान भोजन ग्रहण कर रहे बालक बालिकाओं को दुलारते हुए संवाद किया। भोजन में सोया बड़ी के महत्व को रेखांकित किया। बच्चों से कहा कि परोसे गए भोजन में सोया बड़ी को अनिवार्य रूप से ग्रहण करें यह आपके आहार को पौष्टिक और स्वादिष्ट बनाएगा। शौचालय के निरीक्षण के दौरान निर्माण में कमियां मिलने को गंभीरता से लिया और संबंधित ग्राम प्रधान को 95-जी का नोटिस जारी करने के निर्देश जारी किए। निरीक्षण के दौरान इसी गांव में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चे मौजूद न मिलने पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने गहरी नाराजगी जताई और दोनों आंगनबाड़ी वर्कर हजीरा खातून, मीना देवी का मानदेय बाधित करने के निर्देश दिए।

## लखीमपुर खीरी में संगठन निर्माण बैठक और सदस्यता अभियान घर घर तक चलाया जायेगा: अरुण वर्मा




जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

राज्यसभा सांसद एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी सांसद संजय सिंह जी की अनुमति से अयोध्या प्रान्त अध्यक्ष विनय पटेल द्वारा अजय सिंह को आम आदमी पार्टी का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया।छ्ट्रस्- प्रदेश अध्यक्ष अरुण वर्मा इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।आज पार्टी द्वारा सदस्यता अभियान भी चलाया गया जिसमें पचास से अधिक लोगों को आज आम आदमी पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। छ्ट्रस्- प्रदेश अध्यक्ष अरुण वर्मा ने कहा संगठन के ऊपर काम करने के साथ साथ छात्रों के मुद्दों की भी बात की और उन्होंने ये भी कहा कि वर्तमान सरकार जिस प्रकार से युवाओं के साथ पुलिस की मदद से युवाओं के ऊपर लाठी चार्ज करती है वह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है।आजकल के युवाओं छात्रों को सरकार सही रूप से छात्रवृत्ति नहीं दे पा रही है,और पूरा का पूरा बजट वापस चला जा रहा है इस बार छात्रों के साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा चाहे वह प्रवेश को लेकर के हो या फिर किसी भी परीक्षा से संबंधित हो या फिर बात छात्रवृत्ति की हो। आज इस बैठक में अजय सिंह जी ने नई जिम्मेदारी ली और उन्होंने भी कहा कि संगठन को बनाने के लिए मजबूत करने के लिए हम पूरी ताकत से काम करेंगे हम लोगों से मिलेंगे और उनको दिल्ली और पंजाब जैसी सरकारी सुविधा के बारे में बताएंगे और लोगों को आम आदमी पार्टी से जोड़ेंगे। इस अवसर पर छ्ट्रस्- जिलाध्यक्ष गगन खन्ना, नि.जिला उपाध्यक्ष हरीश आर्य,जिला उपाध्यक्ष शिव कुमार चौहान,अमरेंद्र कुमार,खुशी राम,कुसुमलता,निर्मल सिंह ,मनोज कुमार,उपेन्द्र, ज्ञान प्रकाश त्रिवेदी,संतोष शुक्ला,अमरदीप कई पार्टी सदस्य मौजूद रहे।

## रानी लक्ष्मी बाई इण्टर कॉलेज के बाल स्वास्थ्य शिविर में 115 बच्चों का हुआ निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी




जिला पंचायत सदस्य संदीप वर्मा के नेतृत्व में बचपन किड्स केयर के द्वारा रानी लक्ष्मी बाई इण्टर कॉलेज में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 115 छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण के बाद उन्हें निःशुल्क दवा दी गई। बचपन किड्स केयर डॉ नेहा गुप्ता व डॉ पवन वर्मा ने छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य समस्या सहित नियमित जांच कर 115 बच्चों को उचित स्वास्थ्य परामर्श दिया। साथ ही स्वास्थ्य जांच उपरांत मुफ्त दवा का भी वितरण किया गया। कैम्प में एच बी, आर बी एस, सी बी सी, जी बी पी, सी एफ टी एवं के एफ टी आदि जांचे आयोग्यम डेनोस्टिक सेंटर के सहयोग से मुफ्त की गई। बता दें कि कॉलेज द्वारा सर्दी से होने वाले स्वास्थ्य समस्या से इलाके के लोगों को निजात दिलाने को लेकर क्षेत्र के कॉलेज में स्वास्थ्य जांच सह परामर्श शिविर का आयोजन कर लोगों के स्वास्थ्य समस्या का निदान करने का प्रयास किया जा रहा है ताकि क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य समस्या से निजात मिल सके। इस अवसर पर डॉ.नेहा गुप्ता (एमबीबीएस,डीसीएच,डीएनबी)व डॉ. पवन वर्मा (एमबीबीएस, एमडी,डीएनबी), कॉलेज प्रबंधक संजय वर्मा, प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार वर्मा के अलावा संत सरन, अशोक वर्मा, अमित सिंह, भानु प्रताप सिंह,सुफियान आदि स्वास्थ्य कर्मी व अनुष्का शुक्ला,सलमान,अंकुल शर्मा, श्यामकिशोर, अभिषेक यादव, सुशील वर्मा, दिनेश,नियामत, राधा, चाँदनी,अंजली,नेहा, भूपेंद्र , सतेन्द्र, सौरभ राठौर, शिखा मिश्रा,प्रियंका मिश्रा,सरिता,प्राप्ती आदि शिक्षक / शिक्षिकाएं व छात्र - छात्राएं मरीज एवं उनके तीमारदार उपस्थित रहे।

## लखीमपुर मेडिकल कालेज में अब होगी नर्सिंग की भी पढ़ाई

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

लखीमपुर मेडिकल कालेज में डाक्टरी की पढ़ाई के साथ ही नर्सिंग की पढ़ाई कराने की तैयारी शुरू हो गयी है। इसके लिए सैदापुर देवकली में इसी साल से पढ़ाई को शुरू किया गया है। मेडिकल कैंपस में ही अब अलग से नर्सिंग की पढ़ाई कराने को भवन का निर्माण कराया जा रहा है। इसमें 60 सीटों पर प्रवेश कराने की तैयारी है। लखीमपुर मेडिकल कालेज में वर्ष 2024 में पहले बैच की एमबीएस पढ़ाई को सौ सीटों पर दो चरणों में काउंसलिंग कर दाखिला लिया गया। इसके साथ ही मेडिकल कालेज में नर्सिंग कोर्स कराने को लेकर नर्सिंग भवन बनाने को लेकर निर्माण का काम शुरू किया गया। इसका काम काफी तेजी से किया जा रहा है। मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा देश दीपक आर्य ने बताया कि लखीमपुर मेडिकल कालेज में डाक्टरी की पढाई के साथ ही नर्सिंग क्लास भी चलाने की तैयारी है। इसके लिए सैदापुर में बने मेडिकल कालेज कैंपस में ही अलग जगह पर नर्सिंग क्लास के लिए कैंपस तैयार किया जा रहा है। इसका काम काफी तेजी से चल रहा है। वर्ष 2025 दिसंबर में इसके पूरे होने की उम्मीद है। नर्सिंग फैकल्टी में एक बैच में 60 प्रशिक्षार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। जून जुलाई में इसके लिए प्रवेश प्रक्रिया को शुरू कराने की तैयारी है।

### तीन बच्चे पैदा करें हिंदू, प्रवीण तोगड़िया ने दिया बयान

**जन एक्सप्रेस/लखीमपुर खीरी।** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण भाई तोगड़िया बृहस्पतिवार को लखीमपुर खीरी पहुंचे। वह यहां संगठन के कार्यकर्ताओं से महाकुंभ की तैयारी और वहां संगठन की तरफ से निशुल्क व्यवस्थाएं कराने के लिए चर्चा करने और सहयोग के लिए पहुंचे। बैठक में उन्होंने एक बार फिर हिंदू खतरे में होने की बात दोहराते हुए हिंदुओं को तीन बच्चे पैदा करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि हर शनिवार को सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया जाए। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के लिए सरकार को कड़े कदम उठाने चाहिए।

## बेहजम, मितौली ब्लाक के गांवो में जा पहुंचे सीडीओ अभिषेक कुमार

- सीडीओ ने पीएम, सीएम आवास के लाभार्थियों से की मुलाकात, किया संवाद

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार ने ब्लाक मितौली और बेहजम क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायतो का स्थलीय भ्रमण करते हुए पीएम और सीएम आवास योजना के लाभार्थियों से संवाद किया। सीडीओ अभिषेक कुमार ने पीडी एसएन चौरसिया के साथ सर्वप्रथम ब्लाक मितौली की ग्राम पंचायत कैमहरा में पीएम और सीएम आवास योजना के लाभार्थियों कुंती, मनीषा और नीरज देवी से मुलाकात कर उनके कुशलता जानी। इस दौरान उन्होंने लाभार्थियों से उनकी जुबानी में आवास आवंटन से किस्त अंतरण और आवास बनने तक पूरी प्रकिया जानी। उन्होंने लाभार्थियों से जाना कि आवास बने में किसी प्रकार की सुविधा तो नहीं हुई।लाभार्थियों ने सीडीओ को बताया कि कभी सोचा नहीं था कि पक्का मकान बनेगा। उन्होंने पूछा कि आवास मिलने में किसी ने कोई अपेक्षा तो नहीं की। इसपर खुले मन से लाभार्थियों ने कहा साहब नहीं! इसके बाद सीडीओ अभिषेक कुमार का काफिला ब्लाक बेहजम के ग्राम कैमाबुजुर्ग पहुंचा, जहां उन्होंने दिव्यांग संजय कुमार नारद और अनिल पुत्र सीताराम के घर जाकर आवास की प्रगति देखी। लाभार्थियों से संवाद करते हुए जाना कि उन्हें अन्य किन-किन सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया है। उन्होंने निर्देश दिए कि गांव के सभी पात्र व्यक्तियों को उनकी पात्रता के हिसाब से योजनाओं से जोड़कर उनके जीवन समृद्ध और खुशहाल बनाया जाए।सीडीओ अभिषेक कुमार ने सभी फील्ड स्तरीय अधिकारी, कर्मचारियों को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना का क्रियान्वयन पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी से फील्ड में सुनिश्चित कराए। कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ लेने से वंचित न रहे और अपात्र व्यक्ति को लाभ न मिले इसे सुनिश्चित कराया जाए।इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

## अमर वीरांगना अहिल्याबाई होल्कर के त्रिशताब्दी जन्म जयन्ती वर्ष पर आयोजित की गई स्वरूप सज्जा प्रतियोगिता

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



शासन के निर्देशानुसार विद्यालय 'सनातन धर्म सरस्वती विद्या मन्दिर बालिका इंटर कॉलेज,मिश्राना, लखीमपुर खीरी में अमर वीरांगना अहिल्याबाई होल्कर का त्रिशताब्दी जन्मजयन्ती वर्ष समारोह मनाया जा रहा है। जिसमें माता अहिल्याबाई होल्कर के शासन, समाज सुधारों, विचारों तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्वों का समावेश हो। इसी उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रंखला के अन्तर्गत गुरुवार को विद्यालय की छात्राओं के मध्य ''स्वरूप सज्जा प्रतियोगिता'' का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्राओं द्वारा माता अहिल्याबाई होल्कर जी का स्वरूप धारण किया गया तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती शिप्रा बाजपेई जी ने माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वन्दना से किया। आयोजित प्रतियोगिता में कुल 28 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें कक्षा-8 की बहन आँचल केवट-प्रथम, कक्षा-7 की बहन माही गुप्ता-द्वितीय, कक्षा-8ब की बहन अनन्या बरनवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा-7 की बहन आर्या पाण्डेय ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। निर्णायक के रूप में विद्यालय मातृ भारती की सदस्य श्रीमती उमा राठौर एवं विद्यालय की आचार्या श्रीमती निधि सक्सेना उपस्थित रहीं।

## एक्सप्रेस खबरें...

### सेवायोजन कार्यालय में रोज़गार मेला आज

**जन एक्सप्रेस। बहराइच।** प्रदेश के अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय परिसर में 13 दिसंबर को प्रातः 11 बजे से एक दिवसीय रोज़गार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें निजी क्षेत्र के पांच नियोजकों द्वारा रोजगार प्रदान किये जाने हेतु इच्छुक बेरोज़गार युवक-युवतियों के पंजीकरण की कार्यवाही की जाएगी। यह जानकारी देते हुए जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि रोज़गार मेले में क्वैशकार्प लिमिटेड, पीपल ट्री आनलाइन, एल.आई.सी.,ब्राइट फ्यूचर आर्गेनिक व न्यू जीवनदीप इंटर प्राइजेज द्वारा अभ्यर्थियों की योग्यता के अनुसार अनुकूल पदों पर उचित वेतनमान पर साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जायेगा। श्री कुमार ने बताया कि एक दिवसीय रोजगार मेले में उ.प्र. कौशन विकास मिशन व आईटीआई प्रशिक्षित युवा एवं रोज़गार संगम पोर्टल में पंजीकृत/नान पंजीकृत अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं।

### 40 ग्राम पंचायत सचिवों का दिसंबर माह का वेतन बाधित, दो बीडीओ को जारी हुई कारण बताओ नोटिस

**जन एक्सप्रेस। बहराइच।** शासन की मंशा के अनुरूप विकास कार्यो को त्वरित गति से सम्पादित कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर वर्तमान वित्तीय वर्ष के साथ-साथ विगत वर्षों में अवमुक्त की गई धनराशि के सापेक्ष से निर्मित शौचालयों का भौतिक सत्यापन जिले के 71 जनपद स्तरीय अधिकारियों से कराया गया। सत्यापन कर्ता अधिकारियों की ओर से प्राप्त हुई आख्या के अनुसार 262 शौचालय अपूर्ण पाये जाने पर सम्बन्धित सचिवों का उत्तरदायित्व तय करते हुए 14 विकास खण्डों के 40 ग्राम पंचायत सचिवों का माह दिसम्बर, 2024 का वेतन बाधित किया गया है। यह जानकारी मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने दी। उन्होंने बताया कि सोमवार को सम्पन्न हुई विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में खण्ड विकास अधिकारी-रिसिया सुरेश प्रसाद गौतम का कार्य संतोषजनक न पाये जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी की गयी है।

### जिले के विद्युत उपभोक्ताओं का दो सौ करोड़ रुपए बकाया, 15 दिसंबर से शुरू होगी वसूली

**जन एक्सप्रेस। बहराइच।** जिले के विद्युत उपभोक्ताओं का 200 करोड़ रुपए बिजली का बिल बकाया है। इसकी वसूली के लिए कर्मचारियों को जागरूक कर रहे हैं, लेकिन सफलता नहीं मिल रही है। ऐसे में एकमुश्त समाधान योजना के तहत विभाग बकाया जमा करवाने में लग गया है। इसकी शुरुआत 15 दिसंबर से जिले में होगी। जिले के शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में 4:50 लाख बिजली उपभोक्ता है। यह कुल आबादी चौथाई भी नहीं है। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के बिजली उपभोक्ता बिजली का उपयोग कर रहे हैं, लेकिन बकाया जमा करने में सहयोग नहीं कर रहे हैं। जिसके चलते बिजली विभाग का उपभोक्ताओं पर 200 करोड़ रुपये से अधिक का बकाया हो गया है। इसमें आम लोगों के प्राइवेट ऑफिस भी शामिल हैं। अधीक्षण अभियंता विद्युत सत्य प्रकाश ने बताया कि बिजली उपभोक्ताओं का काफी बकाया हो गया है। इसको जमा करवाने के लिए सभी कर्मचारियों और अधिकारियों से वार्ता की गई है। बिजली उपभोक्ताओं को एकमुश्त समाधान योजना का लाभ देकर अधिक से अधिक बकाया जमा करवाया जाएगा।

## निर्विरोध निर्वाचित सभासद को मिला जीत का प्रमाण पत्र

जन एक्सप्रेस। बहराइच

- सभासद के निधन से रिक्त सीट पर हुए उपचुनाव में दिवंगत सभासद की पत्नी के सिर बंधा जीत का सेहरा

कानूननगोपुरा उत्तरी से भाजपा सभासद अखिलेन्द्र श्रीवास्तव गप्पू के निधन के पश्चात रिक्त हुई सीट पर पुनः उपचुनाव कराया गया। जिसमें भारतीय जनता पार्टी ने स्वर्गीय गप्पू की धर्मपत्नी उमा श्रीवास्तव को अपना प्रत्याशी घोषित किया। कई अन्य निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी अपना नामांकन कराया। इस उपचुनाव में नामांकन के पश्चात भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेश पाण्डेय ने अपनी रणनीति एवं नेतृत्व के बल पर पार्टी प्रत्याशी उमा श्रीवास्तव को कानूनगोपुरा उत्तरी का निर्विरोध सभासद निर्वाचित करवाया। इससे पहले गन्ना समिति के चुनाव में भी सभी गन्ना समितियों में उनके नेतृत्व और रणनीति के बल पर पहली बार पार्टी के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए। इस तरह से अगर देखा जाए तो एक के बाद एक नई उपलब्धि जिला अध्यक्ष श्री पाण्डेय के खाते में दर्ज होती हो रही है। नामांकन वापसी के पश्चात तहसील कार्यालय में निर्विरोध विजय प्रमाण पत्र प्राप्ति के समय जिलाध्यक्ष के साथ पूर्व मंत्री सदर विधायक अनुपमा जायसवाल भी उपस्थित रही। उमा श्रीवास्तव के निर्विरोध सभासद निर्वाचित होने पर सभी पार्टी कार्यकर्ताओं में हर्ष एवं उल्लास देखने को मिला। सभी ने एक सुर में कहा कि उमा श्रीवास्तव के निर्विरोध सभासद चुने जाने से सभी को हर्ष की अनुभूति हो रही है और यह ऐतिहासिक कार्य जिला अध्यक्ष बृजेश पाण्डेय के नेतृत्व एवं कर्मठता के बल पर ही संभव हो पाया है। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद बहराइच के अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम करन टेकड़ीवाल,जिला महामंत्री राघवेंद्र सिंह, जितेंद्र त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, सुरेश गुप्ता, जिला मंत्री हेमा निगम, सुनील श्रीवास्तव,रंजीता श्रीवास्तव, अखिलेश यादव, संजय जायसवाल, देवेंद्र मिश्रा, नगर अध्यक्ष अमित शर्मा, अजय सिंह, सभासद हर्षित श्रीवास्तव, पुष्पनाथ अनूप श्रीवास्तव,पुनीत, मनोज वाल्मीकि आशीष सिंह पंकज केवट राजेश वाल्मीक प्रेम वाल्मीक संदीप वाल्मीक आशीष त्रिवेदी रामकृपाल मिश्र गणेश वाल्मीक सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दो छात्रों ने शिक्षक पर किया चाकू से हमला घायल शिक्षक मेडिकल कॉलेज रेफर

- क्लास में मोबाइल चलाने से रोकने पर नाराज़ छात्रों ने योजनाबद्ध तरीके से किया हमला

जन एक्सप्रेस। बहराइच

कक्षा ग्यारह में मोबाइल फोन देख रहे दो छात्रों को शिक्षक ने रोका और उनसे मोबाइल छीन लिया तो नाराज छात्रों ने योजनाबद्ध तरीके से कॉलेज में ही चाकू से हमला कर शिक्षक को गम्भीर रूप से घायल कर दिया। घायल शिक्षक को क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर इन्हें बहराइच मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मिहींपुरवा नगर क्षेत्र में संचालित नवयुग इंटर कॉलेज में कक्षा ग्यारह के दो छात्र कक्षा में मोबाइल चला रहे थे । कक्षा में शिक्षक राजेंद्र कुमार वर्मा ने देखा तो छात्रों को क्लास में मोबाइल चलाने से मना किया और मोबाइल छीन लिया। इससे दोनों छात्र नाराज हो गए और गुरुवार को शिक्षक के क्लास में पहुंचते ही इन छात्रों ने उन पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे शिक्षक श्री वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया। अन्य छात्रों और शिक्षकों की मदद से इन्हें सीएचसी पहुंचाया गया। यहां हालत गंभीर होने पर श्रीवर्मा को मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक दोनों छात्र नाबालिग हैं। घायल शिक्षक के परिवारीजनों ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## हिंदू मुस्लिम के बीच नफरत फैलाकर सत्ता में बने रहना चाहती है भाजपा: पांडेय

जन एक्सप्रेस। बहराइच



उत्तर प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे ने कहा कि वर्ष 1991 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव ने नियम बनाया था कि राम जन्म भूमि विवाद के बाद अब धार्मिक स्थल को लेकर कोई विवाद नहीं किया जा सकता है, उसके बाद भी भाजपा नियम को बदल रही है। यदि भाजपा के नेता हिंदू मुस्लिम नहीं करेगी तो उनकी सत्ता नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि हिंदू मुस्लिम के बीच नफरत फैला कर भाजपा सत्ता में बने रहना चाहती है। उन्होंने कहा कि पहले बहराइच और अब संभल जाने से उन्हें रोका गया। लेकिन मामला शांत होने पर वह महाराजगंज के लोगों से मिलने के लिए जा रहे हैं। श्री पाण्डेय गुरुवार को बहराइच पहुंचे और लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस में संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य के बारे में वह कुछ नहीं कहना चाहते हैं। उन्होंने अलग पार्टी बना रखी है। प्रदेश में हो रहे बवाल के मामले में बोलते हुए उन्होंने कहा कि सम्भल में सरकार ने बवाल करवाया। नेता प्रतिपक्ष श्री पांडेय ने कहा कि 1991 तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिंह राव ने धार्मिक स्थल का विवाद न उठाने का नियम बना दिया था। उसके बावजूद फिर किसी धार्मिक स्थल को क्यों बदला जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा हिन्दू मुस्लिम करके सत्ता हासिल करना चाहती है। वह विकास पर कोई ध्यान नहीं दे रही है। माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि कमियां छिपाने के लिए उन्हें बहराइच के महराजगंज जाने से रोका गया था। इसी तरह सम्भल जाने से रोक दिया गया। उन्होंने कहा कि वह प्रदेश में दौरा कर मौके की स्थिति देख रहे हैं। इसके बाद विधान सभा सत्र में मुद्दा उठाएंगे। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव, पूर्व कैबिनेट मंत्री यासर शाह, विधायक आनंद कुमार यादव समेत अन्य मौजूद रहे।

### जनपद में धारा 163 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू

**बहराइच।** वर्तमान समय में राज्य सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन्स का पालन कराते हुए क्रिसमस डे/आंग्ल नव वर्ष, मकर संक्राति पोंगल, मौनी अमावस्या, बसन्त पंचमी आदि आगामी त्यौहारों/कार्यक्रमों व उत्तर प्रदेश सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारम्भिक परीक्षा 2024 को सकुशल एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न के मद्देनज़र जनपद बहराइच के समस्त सीमा क्षेत्र में विधि व्यवस्था एवं लोक परिशान्ति सहित लोक व्यवस्था व जनसुरक्षा कायम रखने के उद्देश्य से अपर जिला मजिस्टेªट गौरव रंजन श्रीवास्तव द्वारा भा.ना.सु.संहिता 2023 की धारा-163 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू कर दी गयी है। जनपद बहराइच के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में निवास करने वाले तथा जनपद की सीमा में प्रवेश करने वाले समस्त व्यक्तियों पर प्रभावी रहेगा।

## चिलवरिया चीनी मिल के पास अनियंत्रित ट्रक गुमटी तोडकर होटल में घुसा

जन एक्सप्रेस। बहराइच

गोण्डा से आ रही एक तेज रफ्तार अनियंत्रित डीसीएम चिलवरिया चीनी मिल के पास सड़क के किनारे रखी गुमटी को तोड़ती हुई एक होटल में भिडी गई। इस हादसे में एक किसान की मौत हो गई तथा चार अन्य घायल हो गए। डीसीएम को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। एक डीसीएम धान का ब्रान बहराइच में उतार कर वापस जा रही थी । रास्ते में चिलवरिया चीनी मिल के पास खरगूपुर थाना क्षेत्र के इच्छापुर निवासी डीसीएम चालक शिव कुमार उर्फ अरविंद के नियंत्रण से गाडी बाहर हो गई । डीसीएम सड़क के किनारे एक पान की दुकान को तोड़ते हुए होटल में जा भिडी।इस हादसे में ट्रैक्टर ट्रॉली से गन्ना लेकर चीनी मिल आए हुजूरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ागांव निवासी आरिफ पुत्र मुबारक खा की मौत हो गई। डीसीएम चालक, पान गुमटी संचालक कोतवाली देहात के सुहापारा गांव निवासी रामजी समेत चार लोग घायल हो गए।घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। होटल मालिक दरगाह थाना क्षेत्र के माफी गांव निवासी गोमती प्रसाद वर्मा ने बताया कि दुकान का सामान तहस नहस हो गया। जिससे भारी नुकसान हुआ है। कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक परमानंद तिवारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु बैठक संपन्न

जन एक्सप्रेस/कुशीनगर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुशील कुमार शशि की अध्यक्षता में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत शनिवार को जनपद दीवानी न्यायालय के पडरौना व वाह्य न्यायालय, कसया, कुशीनगर के प्रांगण में आयोजित की जायेगी । उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण हेतु जजशिप कुशीनगर के सभी न्यायिक अधिकारियो द्वारा अबतक की गई तैयारियों की समीक्षा हेतु जिला जज के विश्राम कक्ष में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपस्थित सभी न्यायिक अधिकारीगण से 14 दिसंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित होने वाले मामलों के बारे में विस्तार से चर्चा किया गया। मोहम्मद रिजवान अहमद अपर जिला जज, नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत ने भी लोक अदालत को सफल बनाने हेतु सभी न्यायिक अधिकारीगण से विमर्श किया। राष्ट्रीय लोक अदालत में पीटी आफेन्सेस, एनआई एक्ट, पारिवारिक वाद, विद्युत वाद, सक्शेसन वाद इत्यादि की निस्तारण पर जोर दिया गया।

# उम्मीदों के इस गुलिस्तां पर हक हमारा भी तो है

■ विधान से समाधान कार्यक्रम के तहत महिलाओं को विधिक अधिकारों के प्रति किया जागरूक

जन एक्सप्रेस । देवरिया

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राष्ट्रीय महिला आयोग नई दिल्ली के संयुक्त निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवेन्द्र सिंह के निर्देशन में ''विधान से समाधान'' कार्यक्रम के अंतर्गत ब्लाक रामपुर कारखाना में महिलाओं के विधिक अधिकारों हेतु विधिक जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी द्वारा मॉ सरस्वती प्रतिमा का माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सचिव,अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी द्वारा विधान से समाधान कार्यक्रम के अन्तर्गत महिलाओं के हितार्थ महिलाओं के कानूनी अधिकार एवं महिलाओं का कार्य स्थल पर लैगिंग उत्पीड़न निवारण एवं लिंग चयन और लिंग निर्धारण के निषेध पर जन जागरुकता तथा लैंगिक समानता हेतु प्रावधानों का प्रचार प्रसार एवं थर्ड जेंडर के मौलिक अधिकार तथा आपदा पीड़ित का अधिकार एवं समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976 तथा महिलाओं की सुरक्षा और कल्याण से सम्बन्धित कानूनों के बारे में विस्तार से अवगत कराते हुए उपस्थित महिलाओं को नालसा द्वारा निर्मित विड़ियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से भी जागरूक किया गया। उन्होने कहा कि संविधान के द्वारा ही महिलाओं को अपने अधिकार प्राप्त हो रहें है।




### महिलाओं को महिला आयोग द्वारा किए जा रहे सहयोग की दी गई जानकारी

सचिव ने कहा कि संविधान द्वारा निर्मित इस गुलिस्तां पर हक आपका भी है। सचिव ने राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा पूरे देश भर में की जा रही कार्यवाहियों को केस स्टडी के माध्यम से उपस्थित महिलाओं को अवगत कराया। जिससे महिलाएं जान सकें कि राष्ट्रीय महिला आयोग किस प्रकार महिलाओं की मदद करती है। तत्पश्चात कार्यक्रम को सम्बोधित करते जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया की ओर से नामित रिर्सोस पर्सन जय प्रकाश तिवारी, संरक्षण अधिकारी बाल संरक्षण इकाई देवरिया एवं रिर्सोस पर्सन विभा पाण्डेय, प्रशिक्षिका, कौशल विकास जन शिक्षण संस्थान,देवरिया द्वारा महिलाओं से संबंधित कानून, एसिड अटैक, दुष्कर्म, अपहरण, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न, घरेलू हिंसा के बारे में , कानूनों के तहत प्रदान किए गए बुनियादी कानूनी अधिकारों और उपायों के बारे में व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना, जिससे उन्हें वास्तविक जीवन स्थितियों में चुनौतियों का सामना करने के लिए उपयुक्त बनाया जा सके।

### शिकायत निवारण के विभिन्न माध्यमों की दी गई जानकारी

महिलाओं को उनकी शिकायतों के निवारण के लिए उपलब्ध विभिन्न चैनलों यानी एनसीडब्ल्यूए नालसा, पुलिस, कार्यपालिका, न्यायपालिका और गैर सरकारी संगठनों से संपर्क करने और उनका उपयोग करने की प्रक्रिया तथा विभिन्न विभागों के टोल-फ्री नम्बर के बारें में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। खण्ड विकास अधिकारी, राजीव मोहन त्रिपाठी द्वारा कौशल विकास के साथ-साथ वित्तीय स्वतंत्रता तथा महिला सशक्तिकरण के अन्तर्गत विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में महिलाओं को जागरूक करना के सम्बन्ध में भी चर्चा किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर खण्ड विकास अधिकारी, राजीव मोहन त्रिपाठी द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस दौरान जयप्रकाश तिवारी संरक्षण अधिकारी, जिला बाल संरक्षण, इकाई , विभा पाण्डेय, प्रशिक्षिका, कौशल विकास जन शिक्षण संस्थान,एवं सम्बन्धित कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# गोरखपुर महोत्सव 2025 को बनाया जाएगा यादगार : जिलाधिकारी



जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश संबंधित अधिकारियों संग बैठक में गोरखपुर महोत्सव 2025 को भव्य बनाने के लिए काफी उत्साहित दिखे। महोत्सव में होर्डिंग बैनर पर उनके नाम देखे जा सकें और शहर वासी मनोरंजन, कला और सांस्कृतिक धरोहर के अद्वितीय अनुभव ले सके गोरखपुर महोत्सव 10 से 12 जनवरी तक रामगढ़ताल के चंपा देवी पार्क और नुमाइश ग्राउंड में होने वाला यह महोत्सव न सिर्फ शहर की पहचान बनेगा, बल्कि देशभर के पर्यटकों को भी आकर्षित करेगा।

### कला , संस्कृति का होगा अद्भुत संगम

कला, संस्कृति और खेल का महाकुंभ इस महोत्सव में कला, संस्कृति और खेल के विभिन्न रंग बिखरेंगे। प्रतियोगिताओं में स्कूली बच्चों से लेकर युवा कलाकारों और खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। यहां उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को न सिर्फ सम्मानित किया जाएगा, बल्कि उन्हें मंच पर अपनी कला और हुनर को प्रदर्शित करने का भी विशेष अवसर मिलेगा।इस महोत्सव में पारंपरिक खेलकूद के साथ-साथ आधुनिक खेलों का भी आयोजन होगा, जिससे खेल प्रेमियों के लिए रोमांचक पल तैयार किए गए हैं।

### बालीवुड से लेकर भोजपुरी सिने सितारे बिखेरेंगे जलवा

महोत्सव की सबसे खास बात यह होगी कि यहां बॉलीवुड और भोजपुरी के नामी सितारे अपने जलवों से नाइट्स को सजाएंगे। इन खास रातों में दर्शकों को अपने पसंदीदा सितारों का लाइव परफॉर्मेंस देखने का मौका मिलेगा, जो महोत्सव की रौनक में चार चांद लगा देगा। इसके साथ ही स्थानीय कलाकारों को भी प्रमुख मंच पर अपनी कला का प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा, जिससे गोरखपुर के टैलेंट को भी एक नया आयाम मिलेगा।

### डीएम ने किया जनसहयोग की अपील

गोरखपुर महोत्सव को सकुशल संपन्न कराने के लिए जन सहयोग से महोत्सव को यादगार बनाया जाएगा जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने संबंधित के साथ बैठक कर महोत्सव के सफल आयोजन के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना बनाई महोत्सव में स्वेच्छा से अपनी अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का बीड़ा उठाया जिससे गोरखपुर महोत्सव को सकुशल संपन्न कराया जा सके । बैठक में प्रमुख रूप से सीडीओ संजय कुमार मीना जिला पर्यटन अधिकारी रविंद्र मिश्रा सहित संबंधित मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता ई-प्रॉसिक्यूशन फीडिंग कार्यों की हुई समीक्षा

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर




जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में अभियोजन/ई-प्रॉसिक्यूशन पोर्टल पर की गई फीडिंग कार्यों से संबंधित समीक्षा बैठक कल सायंकाल कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

बैठक के दौरान विगत माह के अंतर्गत विभिन्न न्यायालयों में निस्तारित होने वाले मामलों की समीक्षा एक-एक कर की गई,तथा खराब प्रगति वाले अधिवक्ताओं को अपेक्षित सुधार लाये जाने सहित शासन द्वारा दिये गए निर्देश के क्रम में तीव्र गति से लंबित पत्रावलियों में पैरवी करने के निर्देश दिए गए, इसके अतिरिक्त महिलाओं से संबंधित अपराध/गैंगस्टर सहित संवेदनशील मामलों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

समीक्षा के दौरान विगत माह में कुल विभिन्न अधिनियमों अंतर्गत 376 मामलों में निर्णय लिया गया, 330 को सजा दिलाई गई, 15 को रिहा किया गया। लंबित मामलों के संदर्भ में द्वारा बताया गया कि अधीनस्थ न्यायालय अंतर्गत भादवि के 32142 मामले,अन्य अधिनियम के 14074 मामले,। इसी प्रकार सत्र न्यायालय अभियोजन, सत्र न्यायालय डीजीसी0/एडीजी के कुल लंबित मामलों की जानकारी दी गई।

जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान 14 दिसंबर को आयोजित होने वाले लोक अदालत की तैयारियों के संबंध में जानकारी ली और अधिक से अधिक मामलों में पैरवी कर निस्तारण कराए जाने का निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार ,जेडी वेद प्रकाश उमराव,जगदीश प्रसाद आर्य ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी,धर्मनाथ बिंद अभियोजन अधिकारी, सहित सभी सहायक अभियोजन अधिकारी, एडीजीसी के साथ विशेष लोक अभियोजक व अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## देवरिया में आज होगा रोजगार मेले का आयोजन

जन एक्सप्रेस । देवरिया

जिला सेवायोजन कार्यालय एवं मॉडल कैरियर सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में 13 दिसंबर को एक दिवसीय निःशुल्क रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मेला जिला सेवायोजन कार्यालय, जी.आई.टी.आई. कैंपस, देवरिया में पूर्वाह्न 10 बजे से शुरू होगा।

जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि इस रोजगार मेले में विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी। इच्छुक अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टल (rojgaarsangam.up.gov.in) या एनसीएस पोर्टल पर आवेदन कर मेले में शामिल हो सकते हैं।

मेले में भाग लेने वाले अभ्यर्थी अपने सभी आवश्यक दस्तावेज, जैसे शैक्षणिक प्रमाणपत्र, पहचान पत्र, बायोडाटा आदि, साथ लेकर आएं। यह मेला पूरी तरह से निःशुल्क है और इसमें सम्मिलित होने के लिए कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

# संगठन चुनाव को लेकर भाजपा की बैठक हुई सम्पन्न



जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

कसया देहात मण्डल के संगठन चुनाव पर्व को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की एक बैठक कुशीनगर विधायक पीएन पाठक के कैम्प कार्यालय पर सम्पन्न हुआ बैठक के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मदन गोबिंद राव ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन को चुनाव को एक पर्व के तरह सभी कार्यकर्ताओं को एक साथ बैठक कर उनसे विचार विमर्श करने के बाद ही संगठन को गति प्रदान किया जाएगा भारतीय जनता पार्टी ने संगठन चुनाव को लेकर जगह बैठक किया जा रहा है और सभी कार्यकर्ताओं से रूबरू हो कर ही आगे का निर्णय लिया जाएगा । इस दौरान देहात मंडल अध्यक्ष रामायण कुशवाहा, पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी , , विधायक प्रतिनिधि रुद्र प्रताप सिंह डॉ टी एन राव , महामंत्री शम्भु गुप्ता , मोनू सिंह, शिवाकांत सिंह, जयप्रकाश दुबे, संजय सिंह कौशिक, सुदर्शन शर्मा, विनय ठाकुर, रामलोचन शर्मा, अमित पांडे, अशोक कनौजिया, सतीश चंद्र शर्मा, धीरेंद्र सिंह सैंगर, अमित पांडे, आईटी संयोजक रत्नेश श्रीवास्तव, बृज किशोर शर्मा, राम नगीना सिंह, राम गोविंद सिंह, विभूति कुशवाहा, आद्या पांडेय, दिनेश गुप्ता, सत्यनारायण निषाद आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पीयूसी नहीं तो बनवा लीजिए, वरना भरना पड़ेगा 10 हजार रुपये का जुर्माना

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

शहर की सड़कों पर दौड़ रहे तमाम वाहनों का पीयूसी(प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र )सर्टिफिकेट बनवाने में लापरवाही बरती जा रही है। वाहनों की चेकिंग के दौरान तमाम वाहनों का पीयूसी नहीं मिल पा रहा है। लोगों की लापरवाही को देखते हुए यातायात पुलिस सख्ती बरतने की तैयारी है। पुलिस की ओर से अभियान चलाकर जांच की जाएगी। यदि पीयूसी नहीं मिला तो चालान काटकर जुर्माना वसूल किया जाएगा। एसपी ट्रैफिक संजय कुमार ने बताया कि वाहनों की जांच करके कार्रवाई की जाएगी। यातायात पुलिसकर्मियों का कहना है कि प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (पीयूसी) एक ऐसा प्रमाण पत्र है, जिससे यह प्रमाणित होता है कि किसी वाहन से निकलने वाला धुआं और प्रदूषक तत्व भारत सरकार के मानकों के मुताबिक है। यह प्रमाण पत्र जांच के बाद जारी किया जाता है। यह सभी वाहनों के लिए आवश्यक है। इसका नवीनीकरण कराया जाना जरुरी होता है। नई कार, बाइक सहित अन्य कार खरीदने के दौरान पीयूसी जारी किया जाता है।



वाहनों की जांच के दौरान पीयूसी को भी चेक किया जाता है। आगे अभियान चलाकर इस प्रमाण पत्र की जांच की जाएगी। शासन से निर्धारित जुर्माना वसूल किया जाएगा।

**संजय कुमार, एसपी ट्रैफिक**

### छह माह में 568 का चालान

यातायात पुलिस ने शहर में अभियान चलाकर छह माह के भीतर कुल 568 वाहनों का चालान काटकर 97 हजार रुपये का जुर्माना वसूल किया है।मई से लेकर अक्टूबर माह तक के अभियान में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस का कहना है कि 10 हजार रुपये का जुर्माना है। इसमें मौके पर पीयूसी नहीं दिखाने पर चालान किया जाता है। लेकिन बाद में प्रमाण पत्र देने पर जुर्माना राशि में राहत दी जाती है।

### इन बातों का रखें ध्यान

- पीयूसी नहीं होने पर 10 हजार रुपये जुर्माना है निर्धारित
- नए वाहन का पहली बार में एक साल और पुराने वाहनों का छह - छह माह पर बनाया जाता है पीयूसी
- शहर में पीयूसी जारी करने के कुल 45 सेंटर बनाए गए हैं।
- बाइक के लिए 60 रुपये निर्धारित है फीस, पेट्रोल चालित कार के लिए 80और डीजल वाहनों के लिए 110 रुपये है फीस

# वित्त विहीन प्रबंधक संघ ने एसडीएम को सौंपा पत्रक

जन एक्सप्रेस । गोला गोरखपुर



उत्तर प्रदेश वित्त विहीन विद्यालय प्रबंधक कल्याण समिति जूनियर एंव माध्यमिक संघ के ब्लाक अध्यक्ष हरेंद्र यादव के नेतृत्व में सदस्यों ने विद्यालयों के संचालन के संबंध में आ रही कठिनाइयों से अवगत कराते हुए उपजिलाधिकारी गोला राजू कुमार को एक पत्रक सौंपा तथा समाधान की मांग किया।

पत्रक में लिखा है कि जूनियर एंव माध्यमिक स्कूलों की मान्यता हेतु वर्तमान में मानक अत्यंत कठिन कर दिए गए हैं।जबकि पुराने मानक के आधार पर बहुत से विद्यालयों ने स्कूलों का निर्माण कार्य पूर्ण करा लिया है।इसलिए पुराने नियमों को कुछ दिनों के लिए बहाल किया जाए। अस्थायी मान्यता की जगह स्थाई मान्यता प्रदान किया जाए।विभाग द्वारा आवश्यक पत्रावली साइट पर अपलोड कराकर करेक्शन करने का अधिकार विद्यालयों को दिया जाए।पत्रक सौंपने वालों में वाचस्पति दुबे ,संजय मौर्य ,अशीष सोनकर ,सुनील श्रीवास्तव ,अखिलेश मोर्या, सुग्रीव चौरसिया, जितेंद्र रावत ,अरुण मिश्रा, तारकेश्वर पांडेय सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## एसडीओ ने एक मुक्त समाधान योजना के बारे में दी ग्रामीणों को जानकारी

जन एक्सप्रेस/पनियरा (महराजगंज)। विद्युत उपकेंद्र पनियरा के विद्युत कर्मियों द्वारा बृहस्पतिवार को डोर टू डोर जाकर ग्राहक सेवा केंद्र, ग्राम प्रधानों और निजी संस्थानों पर पहुंच कर ओटीएस (एक मुफ्त समाधान योजना )के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। उपखंड अधिकारी शाहिद अंसारी ने बताया कि घरेलू किसनें, वाणिज्यिक निजी संस्थान, लघु एवं मध्यम औद्योगिक श्रेणी के उपभोक्ताओं को बकाए विद्युत बिल पर अधिभार में छूट दिया जाएगा। यह योजना 15 दिसंबर से 31 दिसंबर तक लागू रहेगा ।समस्त उपभोक्ता विद्युत बिल बकाया एक मुश्त जमा करता है तो उसे सरचार्ज में ज्यादा से ज्यादा छूट मिल सकता है। इस मौके पर अवर अभियंता सुनील कुमार गुप्ता ,सुभाष वर्मा, वीरेंद्र यादव, राकेश सिंह, अजय शर्मा, अंकुर श्रीवास्तव ,बुधीराम, अमरनाथ आदि लोग मौजूद रहे।

# जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण हुआ संपन्न

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

■ जागरूक युवा एड्स के प्रति सोच का समाज में लाएं बदलाव - सीडीओ

उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियत्रण सोसाइटी के सहयोग से मेन स्ट्रीमिंग कार्यक्रम के तहत विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय अधिकारियों का एचआईवी/एड्स संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य केवल लोगों को जागरूक करना ही नहीं, बल्कि एचआईवी/एड्स से जुड़े मिथकों को भी दूर करना है। हमारा प्रयास है कि युवा जागरूक होकर समाज में बदलाव लाएं। उन्होंने एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों के साथ बिना भेद भाव व्यवहार एवं सरकारी योजनाओ का लाभ नियमानुसार देने का निर्देश दिया, उन्होंने कहा कि एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों के शिकायत पर एचआईवी एड्स एक्ट के तहत कार्यवाही भी की जाएगी।

मुख्य चिकत्साधिकारी सुरेश पटारिया द्वारा एचआईवी एड्स पर जनपद की सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने इस अवसर पर कहा कि जिला चिकित्सालय संबंध मेडिकल कालेज में स्थित एआर टी सेंटर पर 3200 मरीजों को नि- शुल्क दवा एवं जांच की सुविधा दी जा रही है। जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि एचआईवी एड्स जागरूकता के तहत जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में तथा स्कूल कॉलेजों में स्वास्थ्य शिविर जागरूकता और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रचार प्रसार समय समय पर किया जाता है। एचआईवी टीवी समन्वयक चंद्रशेखर यादव ने बताया कि पांच ब्लाको में तीन दिवसीय कार्यशाला पंचायती राज विभाग, आंगन वाडी, शिक्षा विभाग, एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से ब्लाक सभागार में हाटा ,तमकुहीराज, सेवरही, कप्तानगंज,सुकरौली में किया जाएगा। उक्त कार्यशाला में जिला विकास अधिकारी,जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, श्रामायुक्त, जिला युवा कल्याण अधिकारी, जिला प्रोवेशन अधिकारी, जिला वेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी,अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, क्षेत्राधिकारी पुलिस,दिशा टीम देवरिया, सवेरा,सृष्टि सेवा संस्थान, केयर सपोर्ट सेंटर,एचआईवी एड्स के कर्मचारी अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# चौरी चौरा के सिंहपुर में तीन-दिवसीय जागरूकता सह-पंजीकरण शिविर आयोजित

जन एक्सप्रेस । चौरी चौरा, गोरखपुर




विकास खंड ब्रह्मपुर के ग्राम पंचायत सिंहपुर के पंचायत भवन पर दातोपंत ठेंगड़ी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा तीन-दिवसीय जागरूकता सह-पंजीकरण शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर सामाजिक संस्था श्रवण कुमार वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में आयोजित हुआ। शिविर में भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे कई महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में ग्रामवासियों को जानकारी दी गई। इन योजनाओं में प्रधानमंत्री ई श्रम योगी, ई श्रम कार्ड, नेशनल करियर सर्विस, आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा आईडी), अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना आदि शामिल हैं। कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों का विभिन्न सरकारी योजनाओं में निःशुल्क पंजीकरण किया गया। इस मौके पर प्रमोद कुमार (शिक्षा अधिकारी), देवेंद्र यादव (ग्राम प्रधान प्रतिनिधि), विश्वजीत जायसवाल (संस्था सचिव), उदितनारायण यादव (सामाजिक कार्यकर्ता) और अन्य स्थानीय पदाधिकारी तथा आम जनता मौजूद थे। आयोजन से ग्रामवासियों में सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ी और उन्हें सरकारी लाभ उठाने का अवसर मिला।

**नशीला पदार्थ देकर बनाया अश्लील वीडियो, फिर करने लगा ब्लैकमेल**

# गोरखपुर में महिला सशक्तिकरण की मिसाल : कैब ड्राइवर ने युवती से किया रेप

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

गोरखपुर में युवती के साथ ओला कैब ड्राइवर ने रेप किया। युवती का आरोप है कि उसने अपनी बीमार मां के इलाज के लिए कैब बुक की थी, लेकिन ड्राइवर ने विश्वास तोड़ते हुए उसके साथ यह घिनौना काम किया। रास्ते में उसने युवती को नशीला पदार्थ खिला दिया और रेप किया। इतना ही नहीं कैब ड्राइवर ने युवती का अश्लील वीडियो भी बना लिया और फिर उसे ब्लैकमेल करने लगा।

### पुलिस से लगाई न्याय की गुहार

घटना शहर के गोरखनाथ इलाके की रहने वाली एक युवती के साथ हुई है। थक-हारकर युवती ने इसकी शिकायत पुलिस से की। युवती की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी कैब ड्राइवर मनोज जायसवाल के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### मां को डॉक्टर के वहां ले जाने के लिए बुलाई थी कैब

युवती के अनुसार, उसकी मां की तबीयत खराब रहती थी, और उन्हें डॉक्टर के पास ले जाने के लिए वह नियमित रूप से ओला कैब बुक करती थी। इस दौरान मनोज जायसवाल से जान-पहचान हो गई। आरोपी ने इस भरोसे का फायदा उठाते हुए एक दिन उसे नशीला पदार्थ खिलाया और दुष्कर्म किया। यही नहीं, उसने इस घटना का वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया।

### शादी तय होते ही करने लगा साजिश

युवती ने बताया कि हाल ही में उसकी सगाई हुई और शादी तय हो गई। लेकिन यह जानकर आरोपी और ज्यादा हिंसक हो गया। वह लगातार धमकी भरे मैसेज भेज रहा है और युवती के भाइयों को जान से मारने की बात कर रहा है। इतना ही नहीं, आरोपी ने युवती के मंगेतर को भी नुकसान पहुंचाने की धमकी दी है। गोरखनाथ थाने में युवती की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम बनाई गई है।



### विडियो वायरल की धमकी देकर डाला वरमाला

युवती ने बताया कि आरोपी ने धमकी दी कि वीडियो वायरल कर देगा और समाज में उसकी बदनामी कर देगा। उसने उसे लेहड़ा मंदिर ले जाकर जबरन गले में वरमाला डाल दी और कहा, 卐अब तुम मेरी पत्नी हो।卐 लोकलाज और डर के चलते वह यह सब सहती रही।

# मानवाधिकारों के दायरे में अनुशासन के साथ बंदियों की सेवा सराहनीय : स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज

■ जन सेवा हेतु अलीगढ शिविर में सहयोग को आगे आएं शहर के लोग: ब्रजेन्द्र सिंह

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ**



गत 10 दिसम्बर विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर बंदियों के सुधार एवं पुनर्वास हेतु कृत संकल्पित सुविख्यात तिनका तिनका फाउण्डेशन द्वारा जिला कारागार लखनऊ में आयोजित एक भव्य समारोह में अलीगढ के वरिष्ठ जेल अधीक्षक श्री बृजेन्द्र सिंह यादव जी को श्री मनोज कुमार सिंह मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश सरकार की उपस्थिति में फाउंडेशन की अध्यक्ष डा.वर्तिका नंदा द्वारा तिनका तिनका इंडिया अवार्ड दिए जाने पर वैदिक ज्योतिष संस्थान के पदाधिकारियों ने सम्मानित किया।

गुरुवार को प्रातः वैदिक ज्योतिष संस्थान के प्रमुख स्वामी श्री पूर्णानंदपुरी जी महाराज ने श्री ब्रजेन्द्र सिंह यादव को जिला कारागार में पटका ओढ़ाकर शुभकामनायें और आशीर्वाद दिया,साथ ही संस्थान के अन्य सदस्यों द्वारा फूल माला पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर स्वामी श्री पूर्णानंदपुरी जी महाराज ने उनकी प्रशंसा में वक्तव्य देते हुए कहा कि अलीगढ जनपद के लिए अत्यंत हर्ष का विषय है कि कर्मठ और ईमानदार एवं कर्त्तव्यनिष्ठ व्यक्तित्व के साथ अनुशासन पूर्वक एक ओर जहाँ ब्रजेन्द्र सिंह अपने पद का दृढता पूर्वक निर्वहन कर रहे हैं वहीं मानवाधिकारों को ध्यान में रखकर कैदियों के लिए जेल में भी विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताओं द्वारा मार्गदर्शन करते हुए आ रहे हैं।यह गुण एक सुलझे हुए अधिकारी की कसौटी पर खरा उतरता है। अलीगढ जनपद का नाम रोशन करना धन्यवाद और साधुवाद के पात्र भी हैं।

संस्थान के सचिव आचार्य गौरव शास्त्री ने इस अवसर पर सनातन प्रचार प्रसार एवं आमजन की सेवार्थ एवं महाकुम्भ 2025 में अलीगढ का प्रतिनिधित्व करने वाले जनपद का एक मात्र शिविर के उद्देश्यों को उनके समक्ष रखा जिससे प्रभावित होकर उन्होंने कहा कि जनपद के लोगों की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करने और राष्ट्रीय पटल पर शहर की पहचान समाज सेवा एवं धार्मिक आयोजनों के माध्यम से करवाना स्वागत योग्य निर्णय है, इस नेक कार्य में अलीगढ की समस्त जनता को अवश्य सहयोग करना चाहिए,क्योंकि अपनी सामर्थ्य के अनुसार एक छोटे से सहयोग द्वारा महाकुम्भ में संगम स्नान को जाने वाले व्यक्तियों के लिए उचित आवास,एवं भोजन की व्यवस्था का कार्य सुचारु रूप से चल सकेगा। उक्त शिविर में श्रीमान अधीक्षक द्वारा वैयक्तिक रूप से आर्थिक सहयोग भी किया गया। इस अवसर पर जितेन्द्र गोविल,रजनीश बार्ष्णेय,अनिल तिवारी,तेजवीर सिंह जादौन, सहित संस्थान के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# अंतर जनपदीय गैंग का खुलासा, 03 गिरफ्तार, लूटी गयी सम्पत्ति शत प्रतिशत बरामद

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के कोतवाली नगर तथा कोतवाली उतरौला पुलिस ने गुरुवार अलग-अलग लूट की घटनाओं का खुलासा करते हुए तीन शातिर लुटेरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

जानकारी के अनुसार 12 दिसंबर को पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा थाना कोतवाली उतरौला अन्तर्गत हुई महिला से लूट की घटना में संलिप्त अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु दिए गए निर्देश के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार दुबे थाना को0 उतरौला के कुशल नेतृत्व में घटना का सफल अनावरण किया गया । अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव ने प्रेस वार्ता में बताया कि थाना को0 उतरौला पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत लूट मुकदमा से संबंधित प्रकाश में आए अभियुक्त आजाद पुत्र कमाल, मो0 नफीस पुत्र मुसई निवासीगण खम्हौवा विशनापुर थाना को0 देहात जनपद बलरामपुर को उतरौला महुवाधनी से मोहनजोत की तरफ जाने वाली पक्की सड़क के पास से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूट के जेवरात बरामद किये गये । साथ ही घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल भी बरामद की गयी । अभियुक्तों द्वारा थाना गैड़ास बुजुर्ग क्षेत्र में 08 दिसंबर 24 की घटना व थाना छपिया जनपद गोण्डा की दिनांक 12 नवंबर 2024 की घटना करना भी स्वीकार किया गया । घटना से संबंधित जेवरात की बरामदगी की गयी । अभियुक्तों द्वारा कुछ सामान अनिल कुमार पुत्र स्व0 राम निवास निवासी मेजर चौराहा नई बाजार थाना को0 नगर जनपद बलरामपुर को बेचा गया । सोनार को लूटी गयी सम्पत्ति को खरीदने के अपराध में संलिप्त पाते हुए गिरफ्तार किया गया तथा सामान बरामद किया गया । अभियुक्त मो0 नफीस व आजाद ने पूछताछ मे स्वीकार किया कि वह दोनों घूम-घूम कर गाँवों में टाफी बेचने का काम करते है, जिससे उन्हें देहात के सारे रास्ते पता है । इसके साथ साथ वह दोनों अकेले सूनसान में देहात क्षेत्र में महिलाओं को अकेला पाकर उनसे जेवरात छीन लेते है । अभियुक्तों द्वारा 10 नवंबर 2024 को उतरौला में, 12 नवंबर 2024 को छपिया गोण्डा तथा 08 दिसंबर 2024 को गैड़ास बुजुर्ग थाना क्षेत्र में लूट की घटना को अंजाम दिया तथा अनिल कुमार सोनी को जेवरात बेच दिया। अभियुक्तों के नाम अलग-अलग स्थान में कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

# गीता जयंती पर विशेष: 5161 वर्ष पूर्व इसी दिन श्री कृष्ण ने अर्जुन को दिया था उपदेश

**जन एक्सप्रेस । खुर्जा**



श्रीभगवत गीता जीवन जीने की एक प्रेरणा है। गीता पलायन करने से रोक कर कर्म करने को प्रेरित करती है। इंसान यदि अपने कर्मों को गीता की प्रेरणा के अनुसार करे तो उसके यही कर्म जीवन का आनंद बन जाते हैं। इसी लिए यह जरूरी है कि इंसान गीता के कर्मयोग की तरह अपने कर्मों को करता चले। यह विचार नगर के विख्यात समाजसेवी और श्री भक्त हनुमान सेवा समिति ट्रस्ट के जिलाध्यक्ष डीसी गुप्ता ने गीता जयंती के अवसर पर दैनिक टीएनएफ टुडे से एक विशेष भेंट वार्ता में व्यक्त किए। विख्यात समाजसेवी और श्री भक्त हनुमान सेवा समिति ट्रस्ट के जिलाध्यक्ष डीसी गुप्ता ने कहा कि धर्म ग्रंथों के अनुसार आज ही के दिन करीब 5161 वर्ष पूर्व द्वापर युग में मार्ग शीर्ष के शुक्ल पक्ष की एकादशी को श्रीभगवत गीता दुनिया के सामने आई थी। गीता का संदेश स्वयं ईश्वर का दिया संदेश है। उन्होंने बताया कि आज ही के दिन जब कुरुक्षेत्र के रणक्षेत्र में दोनों पक्षों की सेनाएं आमने-सामने खड़ी थी। युद्ध शुरु होने वाला था और रणभेरी, नगाड़े और शंख बज चुके थे तो मोहपाश में बंधा अर्जुन अपनों के सामने सकुचाया और भ्रमित था। उसने अपने ही बंधु-बांधवों पर तीर चलाने से मना कर दिया था। ऐसे समय में कुंती पुत्र के सारथी बने भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया था। श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा था कि अर्जुन तुमको ऐसे विषम स्थल में यह नैराश्य किस हेतु प्राप्त हुआ। यह तो अकार्यों जैसा है। यह अकीर्तिकारी और स्वर्ग प्राप्ति के विपरीत है। अर्जुन तुम इस नैराश्य से बाहर निकलो और युद्ध करने का निश्चय करो। इसके बाद ही अर्जुन भ्रम पाशों से बाहर निकल कर युद्ध करने के लिए तैयार हुआ था। भगवान श्री कृष्ण का अर्जुन को दिया गीता का यह उपदेश मोह का क्षय करने वाला है। इसी लिए मार्ग शीर्ष शुक्ल पक्ष की एकादसी को मोक्षदा एकादसी भी कहा जाता है। उन्होंने बताया कि 720 श्लोकों का यह काव्य ग्रंथ अध्यात्मिक मूल्यों का संकलन ही नहीं, वैदिक परंपरा का सार भी है। उन्होंने बताया कि अकर्म में असक्ति रहे या न रहे, लेकिन कर्म तो स्वाभाविक धर्म है। कर्म किए बिना इंसान एक पल भी नहीं रह सकता। महाभारत के युद्ध में सर्वाधिक सक्रिय होकर भी श्रीकृष्ण अनासक्त रहे। उन्होंने लोगों से भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गाए गए गीता के इस गीत को आत्मसात करने का आग्रह किया।

# पिकअप की टक्कर से हुई छात्र की मौत

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

जनपद के जलालपुर थाना क्षेत्र में कोचिंग जा रहे छात्र को एक अज्ञात पिकअप टक्कर मारकर फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल छात्र को अस्पताल ले जाया गया जहा चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेते हुए पोस्ट मार्टम हेतु भेज दिया। घटना जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के अकबरपुर रोड स्थित नवानगर के पास घटित हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली अन्तर्गत पट्टी मुईयन निवासी सुरेंद्र पाल जलालपुर नगर क्षेत्र स्थित नरेंद्र देव इंटर कॉलेज में कक्षा 12 का छात्र था।प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली अन्तर्गत पट्टी मुईयन निवासी सुरेंद्र पाल जलालपुर नगर क्षेत्र स्थित नरेंद्र देव इंटर कॉलेज में कक्षा 12 का छात्र था। जो सुबह लगभग साढ़े पांच बजे सुरहुरपुर रोड स्थित प्राइवेट कोचिंग सेंटर में साइकिल से कोचिंग पढ़ने के लिए जा रहा था। इसी बीच नवानगर के पास एक अज्ञात पिकअप जो जलालपुर से अकबरपुर की तरफ जा रही थी ने टक्कर मार दी। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। इसी दौरान पीछे से आ रहे अन्य छात्रों और राहगीरों द्वारा घायल छात्र के मदद के लिए डायल 112 और 108 पर फोन करने का प्रयास किया गया लेकिन छात्र के गंभीर स्थित को देखते हुए मौजूद लोगों द्वारा मोटरसाइकिल से प्राथमिक उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगपुर ले जाया गया । जहां चिकित्सकों ने छात्र को मृतक घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहरा मच गया इस संबंध में जलालपुर थाना प्रभारी ने बताया कि शव का पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# आगरा नगर निगम के मुख्य अभियंता एके राम निलंबित

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

अलीगढ़ आए अजय कुमार राम की नगर निगम में तैनाती हुई थी। पूरे कार्यकाल में करीब छह बार निविदा को बिना किसी गंभीर कारण के निरस्त किया गया। नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने उन्हें निलंबित कर दिया है।

अलीगढ़ नगर निगम में सफाई व्यवस्था के लिए निकाले गए टेंडर बार-बार निरस्त करने के मामले में शासन स्तर से कार्रवाई हुई है। जांच में नगर निगम अलीगढ़ के पूर्व मुख्य अभियंता अजय कुमार राम दोषी पाए गए हैं। नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने उन्हें निलंबित कर दिया है। वर्तमान में वह आगरा के संपत्ति कर विभाग में मुख्य अभियंता के पद पर कार्यरत हैं।

करीब डेढ़ साल पहले वाराणसी से स्थानांतरित होकर अलीगढ़ आए अजय कुमार राम की नगर निगम में तैनाती हुई थी। वे नगर स्वास्थ्य अधिकारी के पद पर थे। उनके द्वारा नगर निगम के जोन-2 और जोन-4 में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए साल भर निविदा निकाली गईं थीं, लेकिन इसे फाइनल नहीं किया गया। पूरे कार्यकाल में करीब छह बार निविदा को बिना किसी गंभीर कारण के निरस्त किया गया।

शासन में शिकायत के बाद इसकी जांच शुरू हो गई।

## विवाहिता की हत्या में पति, जेठ व सास दोषी करार, आजीवन कारावास

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

मायके वालों को जानकारी मिली कि पति, जेठ, सास आदि ने विवाहिता को जलाया है। रीतू पर उस समय डेढ़ माह की बच्ची मानसी भी थी। युवती ने मृत्यु पूर्व बयान भी दिया। 26 मई को उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई।

अलीगढ़ के थाना गभाना क्षेत्र में दहेज के लिए विवाहिता की हत्या के मामले में अदालत ने मृतका के पति, जेठ व सास को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। एडीजे फास्ट ट्रैक प्रथम अंजू राजपूत की अदालत ने तीन साल पुराने इस मामले में 50-50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

नरेंद्र सिंह ने मामले में थाना गभाना में मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने बताया कि बेटी रीतू की शादी 10 मार्च 2018 को गांव पिपलौठ के मनोज कुमार से की थी। शादी में करीब दस लाख रुपये खर्च कर जेवरात, बाइक आदि सामान दहेज में दिया गया। लेकिन ससुराल वाले शादी के बाद से ही दहेज के लिए बेटी को परेशान करने लगे। कई बार उत्पीड़न की शिकायत पर मायके पक्ष के लोग समझाकर भी आए। 21 मार्च 2021 की शाम खबर मिली कि बेटी को ससुराल में मुंह बांधकर केरोसिन डालकर जलाया गया है। जब वे मौके पर गए तो दरवाजे पर ताला लगा मिला। वहां उन्हें जानकारी मिली कि रीतू को जिला अस्पताल ले जाया गया है। वहां पहुंचने पर जानकारी मिली कि पति, जेठ, सास आदि ने उसे जलाया है। रीतू पर उस समय डेढ़ माह की बच्ची मानसी भी थी। युवती ने मृत्यु पूर्व बयान भी दिया। 26 मई को उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई।

# 40 लाख से अधिक की लागत वाली सड़कों के विशेष मरम्मत के लिए विधायक ने लिखा पत्र

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के विधानसभा सदर क्षेत्र से विधयक पलटू राम ने शासन को पत्र लिखकर अपने क्षेत्र की 8 प्रमुख सड़कों की विशेष मरम्मत के लिए स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया है ।

सदर विधायक ने 12 दिसंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में विधानसभा क्षेत्र बलरामपुर सदर के अंतर्गत विशेष मरम्मत योजना के अंतर्गत (40 लाख से अधिक लागत) के संपर्क मार्गो की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की जाए । विधायक ने अपने पत्र में लिखा है कि जनपद बलरामपुर एक आकांक्षी जनपद है । विधानसभा क्षेत्र बलरामपुर सदर के अंतर्गत बाढ़ आने के कारण व अन्य कारणों से क्षतिग्रस्त मार्गो का निर्माण हेतु लोक निर्माण विभाग द्वारा शासन को वित्तीय स्वीकृति हेतु अनुरोध व आगणन प्रेषित किया गया है। मार्गो की स्थित जर्जर होने के कारण आवागमन में आम जनमानस को काफी असुविधा हो रही है। विधायक ने दिन मार्गो के निर्माण हेतु पत्र लिखा है उनमें गैंजहवा संपर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य, चमरूपुर संपर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य, श्रीदत्तगंज गुमडी प्रधानमंत्री सड़क पर त्रिलोकपुर पुल से धर्मपुर तक संपर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य, कपौवा शेरपुर मार्ग से बरगदवा संपर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य, बरगदवा से निरंजनपुर तक संपर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य, गोपियापुर सरदारगढ़ मार्ग से रजवापुर संपर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य, बरईपुर छोटकी सिगाही संपर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य तथा महदेईया से मुजैहनी संपर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य शामिल हैं। पत्र में अनुरोध किया गया है कि संबंधित मार्गो के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में विधानसभा क्षेत्र बलरामपुर सदर के अंतर्गत विशेष मरम्मत योजना के अंतर्गत (40) लाख से अधिक लागत) प्रारम्भिक आगणन की वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया जाए।

# वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के शिक्षा क्षेत्र बलरामपुर सदर क्षेत्र अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय सिंघवापुर में गुरुवार को पीएम श्री योजना के तहत दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार 12 दिसंबर को कम्पो0 वि0 सिंहवापुर में पीएम श्री योजान्तर्गत विद्यालय स्तरीय दो दिवसीय वार्षिकोत्सव एवं खेलकूद प्रतियोगिता तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में खण्ड शिक्षा अधिकारी राम कुमार तथा एआरपी अरुण कुमार मिश्र मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे ।सर्वप्रथम ग्राम पंचायत अध्यक्ष अमरिका प्रसाद द्वारा दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम की शुभारंभ किया गया । कार्यक्रम में एसएमसी अध्यक्ष राघवेन्द्र प्रसाद एवं अभिभावक, फूलमती, कमलदेव सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे । कार्यक्रम आयोजक प्रधानाध्यापक विजय कुमार मिश्र के साथ विद्यालय के शिक्षक सुख्य सुरेश कुमार चौधरी, रघुवंश वर्मा, खुशबू देवी, शिखा सिंह, प्रियंका श्रीवास्तव द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाया गया । खेल शिक्षक जय वृजेश यादव द्वारा व्यवस्थित ढंग से खेलकूद प्रतियोगिता कराया गया । खेल में प्राथमिक संवर्ग से 200 मी0 दौड़ में नीरू (बालक संवर्ग) एवं जूनियर संवर्ग में 200 मी0 दौड़ में सुमिला बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पर रहे। खण्ड शिक्षा अधिकारी बलरामपुर के सामने छात्र-छात्राओं द्वारा रस्सा कसी एवं बोरा दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गयी।

# स्विच मोबिलिटी ने दो नई लो फ्लोर इलेक्ट्रिक सिटी बसों, ईआईवी12 और ई1 को लॉन्च किया

■ नितिन गडकरी ने भारत और दुनिया के लिए स्विच इलेक्ट्रिक बसों की नई श्रृंखला का आधिकारिक रूप से अनावरण किया

**जन एक्सप्रेस । आगरा**



अशोक लीलैंड की सहायक कंपनी और हिंदुजा समूह का हिस्सा, स्विच मोबिलिटी लिमिटेड, जो इलेक्ट्रिक बसों और हल्के वाणिज्यिक वाहनों का एक प्रमुख निर्माता है, ने आज भारतीय बाजार के लिए अपने समकालीन इलेक्ट्रिक बस प्लेटफॉर्म स्विच ईआईवी12 - लो फ्लोर इलेक्ट्रिक सिटी बस का अनावरण किया। यह चेसिस-माउंटेड बैटरी वाली भारत की पहली लो-फ्लोर सिटी बस है, जिसमें 400+ केडब्ल्यूएच से अधिक की स्केलेबल बैटरी क्षमता है।

इस वाहन को भारत के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री माननीय श्री नितिन गडकरी द्वारा हिंदुजा ग्रुप कंपनीज (भारत) के अध्यक्ष अशोक पी. हिंदुजा, अन्य गणमान्य व्यक्तियों और उद्योग के नेताओं की उपस्थिति में लॉन्च किया गया।

इस अवसर पर, यूरोपीय बाजार के लिए डिज़ाइन की गई स्विच ई1 को वर्चुअली हरी झंडी दिखाई गई। इन दोनों बसों में समान डिज़ाइन दर्शन और ईवी आर्किटेक्चर है।

उद्देश्य से निर्मित स्विच ईआईवी12 प्लेटफ़ॉर्म को शहरी शहर के आवागमन के लिए स्वदेशी रूप से डिज़ाइन, विकसित और निर्मित किया गया है, जो प्रदर्शन, सुरक्षा, विश्वसनीयता और आराम में वैश्विक मानक प्रदान करता है। 39 यात्रियों तक की सीटिंग के साथ, स्विच ईआईवी12 अपने सेगमेंट में अग्रणी है, जो ऑपरेटरों के लिए अधिकतम राजस्व क्षमता प्रदान करता है।

हिंदुजा ग्रुप ऑफ कंपनीज (इंडिया) के चेयरमैन श्री अशोक पी. हिंदुजा ने इन वाहनों को लॉन्च करते हुए कहा, ये बसें प्रधानमंत्री के मेक इन इंडिया विजन को समर्पित हैं- भारत में बनी, भारत और दुनिया के लिए। स्विच मोबिलिटी अत्याधुनिक तकनीक और शून्य कार्बन उत्सर्जन वाले नए वाहनों को लॉन्च करने के लिए प्रेरित है, केवल इसलिए क्योंकि भारत में मोदी जी जैसे दूरदर्शी और गडकरी जी जैसे कार्यान्वयनकर्ताओं के कारण शानदार सड़क बुनियादी ढांचा विकसित हो रहा है।

स्विच मोबिलिटी के चेयरमैन श्री धीरज हिंदुजा ने कहा, स्विच ईआईवी12 का लॉन्च और स्पेन के लिए स्विच ई1 को हरी झंडी दिखाना हिंदुजा समूह और अशोक लेलैंड के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है, जो टिकाऊ गतिशीलता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। ईआईवी12 और ई1 के अलावा, स्विच हमारी वैश्विक पेशकशों का विस्तार करने के लिए नए उत्पादों की एक श्रृंखला विकसित कर रहा है।

## लड़की देखने आए सिपाही ने दी जान, घरवालों की अधूरी रह गई इच्छा... सेहरा की जगह कफन में लिपटा मिला बेटा

**जन एक्सप्रेस/नौहझील (मथुरा)**।रवि छुट्टी लेकर आया था। घर आने के बाद उसे बताया भी गया कि उसके लिए लड़की देखने जाना है। यह सुनकर उसने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। उत्तर प्रदेश के मथुरा के नौहझील के गांव तिलका गढ़ी में बुधवार की रात कमरे में फंदे पर सिपाही का शव लटका मिलने से सनसनी फैल गई। परिजन को जानकारी हुई तो वह उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, लेकिन यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गुरुवार को परिजन के साथ शादी के लिए लड़की देखने के लिए जाना था। थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के तिलका गढ़ी निवासी 25 वर्षीय रवि कुमार 2021 में पुलिस में आरक्षी के पद पर भर्ती हुए थे। वर्तमान में उनकी तैनाती अमरोहा के सैदनगली थाने में थी। बुधवार को वह छुट्टी लेकर अपने घर आए थे। शाम को घर की दूसरी मंजिल पर बने कमरे में खाना खाया और वहीं सोने के लिए परिजन को बोल दिया।

# पशु चिकित्सा शिविर में दर्जनों पशुओं का इलाज

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के इंडो नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में तैनात सशस्त्र सीम बल नवीं वाहिनी द्वारा गुरुवार को सीमावर्ती गांव सोनगढा में आयोजित निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर में 27 पशुओं का इलाज किया गया । जानकारी के अनुसार 11 दिसंबर को सशस्त्र सीम बल 9 वीं वाहिनी द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ ए.के. सिन्हा (कमान्डेंट ) सीमांत मुख्यालय लखनऊ द्वारा ओपीडी का आयोजन नौवी वाहिनी बलरामपुर की ष्सीष् समवाय कोयलाबास के अंतर्गत सोनगढ़ा गांव में किया गया । शिविर में कुल 08 लाभार्थियों के 27 पशुओं का इलाज किया गया। शिविर के दौरान पशुपालकों को पशुओं में होने वाले रोगों के बारे में जानकारी दी गई । साथ ही पशुओं की अच्छी तरह से देखरेख करने के बारे में भी ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर मनोरंजन कुमार पाण्डेय (कमांडेंट) नौवीं वाहिनी बलरामपुर व हरीश मिश्रा ग्राम प्रधान एवं नौवी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के पशु चिकित्सालय विभाग के बलकर्मी, जवान व पशुपालक ग्रामीण मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद टांडा के विभिन्न पटलों का किया औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर**



जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने नगर पालिका परिषद टांडा के विभिन्न कार्यालयों/पटलों का किया निरीक्षण। इस दौरान जिलाधिकारी ने कार्यालय के विभिन्न पटलों पर कार्यरत पटल प्रभारी/कर्मचारियों से वार्ता कर उनके दायित्वों की जानकारी ली तथा अभिलेखों के रख - रखाव का भौतिक अवलोकन किया। इस दौरान अभिलेखों का रख-रखाव संतोषजनक पाया गया तथा कार्यालय में बेहतर साफ- सफाई व्यवस्था पाई गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा नजूल अनुभाग, लेखा अनुभाग, कर अनुभाग, जल-कल विभाग, अवर अभियंता सिविल कार्यालय, सहित अन्य अनुभव/ पटलों का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने पेंशन से संबंधित लंबित मामलों को समय से निस्तारित करने के निर्देश दिए। नजूल अनुभाग के निरीक्षण के दौरान नजूल रजिस्टर में दाखिल खारिज एवं अमल दरामद के मामलों के निस्तारण में नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति का गठन कर 7 मार्च, 2024 के उपरांत दाखिल खारिज एवं अमल दरामद के प्रकरणों की जांच कर 10 दिन में आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए तथा समिति की रिपोर्ट आने तक अमल दरामद एवं दाखिल खारिज पर रोक लगाई।

इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा नगर पालिका सभागार में कर- करेत्तर, साफ-सफाई व्यवस्था, निर्माण कार्य आदि सहित विभिन्न कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने संपूर्ण नगर पालिका क्षेत्र में रोजाना डोर-टू -डोर कूड़े का कलेक्शन समय से करने तथा पूरे क्षेत्र में निरंतर बेहतर साफ- सफाई व्यवस्था सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए। सप्ताह में कम से कम दो बार सभी क्षेत्रों में एंटी लार्वा का छिड़काव व फॉगिंग कराने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि सार्वजनिक शौचालयों की भी निरंतर साफ-सफाई कराई जाए। उन्होंने ई ओ नगर पालिका को नगर पालिका क्षेत्र में लगे हैंगिंग डस्टबिन के उपयोगिता की स्थिति की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर पालिका में राजस्व को बढ़ाने हेतु प्रभावी कार्य करने तथा कर वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिए कि विभिन्न पटलों पर 3 वर्ष से अधिक समय से तैनात कार्मिकों का विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा की तथा सभी निर्माण कार्यों की आगणन की विशिष्टियों के अनुरूप तय समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए उन्होंने अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण पर प्रभावी कार्रवाही करने के भी निर्देश दिए।

# पूरनपुर में अधिवक्ता की पिटाई के विरोध में धरना प्रदर्शन, पुलिस से नोंकझोंक

- अपर पुलिस अधीक्षक से वार्ता में नहीं बनी बात, लामबंद रहेंगे अधिवक्ता
- इंस्पेक्टर और मारपीट में दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की मांग



**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

देर रात सड़क हादसे के बाद कोतवाली में तहरीर देने गए अधिवक्ता के साथ मारपीट के विरोध में लामबंद हुए अधिवक्ताओं ने धरना प्रदर्शन कर हंगामा किया। वार्ता के लिए पहुंचे पुलिस क्षेत्राधिकार और उप जिलाधिकारी की मौजूदगी में इंस्पेक्टर के साथ जमकर नोक झोंक हुई। मौके पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक ने प्रगतिशील अधिवक्ता एसोसिएशन के अध्यक्ष और पीड़ित से वार्ता की। एक घंटे चली वार्ता के बाद भी बात नहीं बनी।शुक्रवार अधिवक्ता कलमबंद हड़ताल पर रहकर तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन करेंगे। नगर के मोहल्ला कास्थान निवासी अभिषेक जायसवाल ने बताया कि बुधवार रात्रि लगभग साढ़े नौ बजे पवन कुमार व दिनेश भारती को कार सवार सिपाही ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। एंबुलेंस की मदद से दोनों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। पीड़ितों की ओर से अधिवक्ता अभिषेक जयसवाल व उदित शर्मा को बुलाया गया।दोनों अधिवक्ता चेंबर में बैठकर तहरीर लिख रहे थे। चेंबर में पहुंचे पुलिसकर्मियों ने समझौते कराने की बात कहकर अधिवक्ताओं को कोतवाली में आने की बात कही। अधिवक्ता पीड़ितों को लेकर कोतवाली पहुंचे। आरोप है कि प्रभारी निरीक्षक के निर्देश पर दरोगा व छह से सात सिपाहियों ने अधिवक्ताओं को पकड़ लिया। इसके बाद बुरी तरह से मारपीट की। जेब मे रखा पर्स, मोबाइल, आईडी कार्ड छीन लिया। जिसके बाद हवालात में बंद कर दिया। अधिवक्ता उदित शर्मा ने घटना की जानकारी अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी को दी। इसके बाद पुलिस ने हवालात में बंद अधिवक्ता को छोड़ा। घटना के विरोध में गुरुवार अधिवक्ताओं ने कलम बंद हड़ताल की। जुलूस की शक्ल में तहसील पहुंचे अधिवक्ताओं ने पुलिस के विरोध में नारेबाजी कर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। जानकारी पर महकमे में खलबली मच गई। कुछ ही देर में कोतवाली इंस्पेक्टर नरेश कुमार त्यागी पुलिस क्षेत्राधिकार विशाल कुमार चौधरी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने प्रगतिशील अधिवक्ता एसोसिएशन के अध्यक्ष अमिताभ मिश्रा से वार्ता की। इस दौरान अधिवक्ताओं की इंस्पेक्टर से तीखी नोकझोंक हुई।मामला बिगड़ता देख प्रभारी निरीक्षक मौके से खिसक गए। गुस्साएं अधिवक्ता इंस्पेक्टर और दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की जिद पर अड गए। पुलिस कर्मियों द्वारा मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी गई। इसके बाद अपर पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र कुमार, सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने प्रगतिशील अधिवक्ता एसोसिएशन के अध्यक्ष और पीड़ित के साथ वार्ता की। अपर पुलिस अधीक्षक ने दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की बात कही।इंस्पेक्टर के विरुद्ध जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया।एक घंटे तक चली वार्ता विफल साबित हुई।अधिवक्ता इंस्पेक्टर को हटाए जाने की जिद पर अड़े रहे।

> अधिवक्ता के साथ की गई मारपीट बेहद निंदनीय है। शुक्रवार अधिवक्ता कलमबंद हड़ताल पर रहकर तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन करेंगे। इंस्पेक्टर और दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई न होने तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।
> -अमिताभ मिश्रा, अध्यक्ष प्रगतिशील अधिवक्ता एसोसिएशन पूरनपुर।

> अधिवक्ता की ओर से पुलिसकर्मियों पर मारपीट का आरोप लगाया गया है। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर मामले की जांच की जा रही है।जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> -विशाल चौधरी
> पुलिस क्षेत्राधिकारी पूरनपुर

# महिला आयोग सदस्य पुष्पा पांडे ने विभिन्न विभागों व संस्थाओं का किया निरीक्षण, दिए दिशा नर्देश





**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

गुरुवार को उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पाण्डेय ने जनपद पीलीभीत पहुंचकर विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं का निरीक्षण किया। आयोग के सदस्य सबसे पहले शहर पीलीभीत के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज पहुंची और बालिकाओं से रूबरू हुई, निरीक्षण के दौरान उपस्थिति रजिस्टर देखा । प्रधानाचार्य को कालेज मे साफ-सफाई करानें हेतु निर्देशित किया गया, तत्पश्चात बालिकाओं से बातचीतकी गई। महिला थाना का निरीक्षण करते हुए जहां पर मौजूद एक शिकायतकर्ता से रूबरू हुई और इसकी शिकायत को सुनकर तत्काल कार्रवाई के निर्देश प्रभारी निरीक्षक रीना सिंह को दिए, अपराध रजिस्टर के अवलोकन के दौरान प्रभारी निरीक्षक द्वारा आयोग की सदस्य को अवगत कराया गया, कि वर्ष 2024 में कुल सात शिकायतें थाना स्तर पर पंजीकृत की गई। मिशन शक्ति में सभी स्कूलों में और अधिक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए, थाना पर साफ सफाई संतोष जनक पाई गई प्रभारी निरीक्षक को निर्देश दिया कि जो मामले सुलह समझौते से निपटाए जाते हैं उनको मीडिया में दिया जाए। आयोग के सदस्य द्वारा ललौरीखेड़ा ब्लॉक के ग्राम रूपपुर कमलू में बने आंगनबाड़ी केंद्र पर पहुंची, आंगनबाड़ी केंद्र मे पिछले तीन माह से पोषाहार प्राप्त न होनी कि समस्या से आयोग की सदस्या को अवगत कराया। आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों से माननीय सदस्य ने बातचीत की बच्चों ने कविताएं भी भी सुने, आंगनबाड़ी केंद्रों पर साफ सफाई संतोषजनक पाई गई।

### वृद्धा आश्रम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरखेड़ा का किया निरीक्षण

आयोग की सदस्य समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित ग्राम मचवाखेड़ा के वृद्ध आश्रम का निरीक्षण किया संवासिनियों से बात की, किसी ने भी कोई समस्या नहीं बताई स्टाफ से पंजीकृत लाभार्थियों की संख्या पुछने पर वार्डन ने बताया कि 50 लाभार्थी पंजीकृत हैं । परमानेंट डॉक्टर उपलब्ध न होने पर जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया की परमानेंट डॉक्टर की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। आयोग की सदस्य ने वृद्ध आश्रम में उपस्थित लाभार्थियों के लिए बना, दोपहर के भजन को गुणवत्ता को दिखा, जोकि संतोषजनक पाया गया, एक लाभार्थी द्वारा दिव्यांग प्रमाण पत्र न बन बन पाने की समस्या को आयोग की सदस्या के समझ रखा, जिसके बनवाने के लिए जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिया। इसके पश्चात आयोग की सदस्य बरखेड़ा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची और ओपीडी, वैक्सीनेशन वार्ड, औषधि वार्ड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्सा अधिकारी अनुपस्थित पाए गए इसके संबंध में जिला चिकित्सा अधिकारी से बात करने पर ज्ञात हुआ कि अनुपस्थिति का कारण उनके संज्ञान में नहीं है, जिसको लेकर नाराजगी जाहिर की।, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का शौचालय की साफ सफाई भी संतोषजनक नहीं पाई गई उपस्थित स्टाफ साफ सफाई कराने का निर्देश दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर उपस्थित मरीजों से बातचीत की एवं वैक्सीनेशन भंडारण कक्ष का निरीक्षण संतोष जनक पाया गया। निरीक्षण के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी,बाल विकास परियोजना अधिकारी मरोरी मौजूद रहे।

### उच्च प्राथमिक विद्यालय का किया निरीक्षण

रूपपुर उच्च प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण के दौरान बालिकाओं का शौचालय बंद होने के करण गंदगी दे नाराजगी व्यक्त करते हुए, उपस्थित स्टाफ को निर्देशित किया शौचालय को ठीक करने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाए। विद्यालय का मिड डे मील संतोषजनक पाया गया।

## एक्सप्रेस खबरें...

### बारात में मारपीट करना पड़ा महंगा पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा किया दर्ज

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत।** विगत 9 दिसंबर को विवाह समारोह में हुई कहा सुनी को लेकर लड़की पक्ष की तहरीर के आधार पर लड़के के पक्ष के लोगों पर मुकदमा दर्ज का पुलिस में विवेचना शुरू कर दी हैं। बताते चले की जनपद के थाना कोतवाली क्षेत्र में दो दिन पूर्व विवाह समारोह में हुई कहासुनी के बाद लड़की पक्ष की तहरीर पर लड़के पक्ष के लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नावकूड निवासी रमेश चंद पुत्र बलदेव प्रसाद ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। जिसमे कहा गया कि 9 दिसंबर 2024 को उसकी पुत्री की शादी थी। रात 11 बजे नावकूड़ के खेड़ा बेहरी रोड पर विवाह कार्यक्रम चल रहा था। तभी बारातियों के साथ एक सफेद गाड़ी जिसमें करन चौधरी नमक व्यक्ति अपने अन्य साथियों के साथ आया। उसने अवैध तमंचे से पीड़ित के घर आए मेहमान सुनील पर शराब के नशे में तमंचे की बट से जान से मारने की नीयत से सिर पर वार किए। जिससे सुनील के गंभीर चोटे आई है। बारात में आए कुछ लोगों ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने अपने अन्य साथियों अंशु, नितिन, बब्लू निवासीगण बरेली जिले के बहेड़ी कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शेखुपुरा के साथ मिलकर गाली गलौच करते हुए मारपीट की। मारपीट में रमेश चंद्र व अर्जुन पुत्र रमेश, अमर सिंह पुत्र वेद प्रकाश और श्री कृष्ण पुत्र ताताराम, एक अन्य बालक को भी शरीर में गंभीर चोटे आई है। पीड़ित के घर के बाहर खड़ी दो बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### दहेज की मांग को लेकर विवाहिता से की मारपीट पांच लोगों के खिलाफ थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत।** जनपद के थाना कोतवाली क्षेत्र में दहेज प्रताड़ना में गैर जनपद रामपुर के निवासी पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट हुई दर्ज जनपद के मोहल्ला बेनी चौधरी निवासी जैबुल निशां ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। जिसमे कहा गया कि उसकी शादी पांच साल पूर्व रामपुर जनपद के थाना मिलक के गांव घोसीपुरा गंगापुर निवासी मोहम्मद अजीम पुत्र जमील के साथ हुई थी। शादी में परिवार वालों ने बुलेट मोटर साईकिल सहित दहेज में दिया था, लेकिन उससे ससुराल पक्ष के पति मोहम्मद अजीम, देवर रफीक, महबूब पुत्रगण जमील, सास हसीना पत्नी जमील व चचिया ससुर नन्हे पुत्र छुटटू संतुष्ट नहीं थे। दहेज में 2 लाख रूपये नकद की मांग करने लगे। उसके भाईयों ने कई बार 20 हजार व 50 हजार रूपये दिये लेकिन फिर भी ससुराल पक्ष के लोग नहीं माने। 10 दिसंबर 2024 को सुबह करीब 6 बजे दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को उक्त लोगों ने मारपीट की। उसके पति अजीम ने जान से मारने की नीयत से गिराकर गर्दन पर पैर रख दिया। जिससे उसके गले में काफी सूजन आ गयी। इसके बाद बच्चों के साथ उससे घर से निकाल दिया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली राजीव कुमार सिंह ने बताया कि नामजद रिपोर्ट दर्ज कर मुकदमे की विवेचना की जा रही है।

### भट्टे पर लेवर लाने के नाम पर 178000 रुपए की धोखाधड़ी,पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत।** भट्टे पर ईट पथाई के लिए लेवर लाने के नाम पर 178000 हजार रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। बीसलपुर थाना क्षेत्र के गांव मुसेली निवासी मैसर अली ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में बताया है कि भट्टे पर ईट पथाई के नाम पर थाना माधौटांडा के गुलाब टांडा निवासी अयूब शाह पुत्र महबूब शाह ने अपने खाते में डलवा लिए और पैसा वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। बीसलपुर पुलिस को इस बारे में तहरीर दी गई लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बीसलपुर पुलिस ने अयूब शाह क्यूम शाह पुत्रगण महबूब शाह निवासी गुलाब टांडा थाना माधौटांडा जनपद पीलीभीत के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

# पूर्व प्रधान को समझौता करना पड़ा महंगा, किया तमंचे से फायर, सुरक्षित

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

जनपद के थाना जहानाबाद के अंतर्गत आने वाले गांव कनकोर निवासी ने थाना जहानाबाद पुलिस को दी तहरीर में बताया कि एक पक्ष के लोगों ने गाली गलौज करते हुए तमंचे से फायर कर दिया जिससे मैं बाल बाल बच पाया हालांकि पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है बताते चलें कि दो पक्षों के बीच हो रही मारपीट में समझौता कराना पूर्व प्रधान को महंगा पड़ गया। एक पक्ष ने पूर्व प्रधान के साथ गाली गलौच करते हुए तमंचे से फायर कर दिया। जिसमे वह बाल बाल बच गया। पुलिस ने पूर्व प्रधान की तहरीर के आधार पर हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम कनाकोर निवासी सत्येंद्र कुमार पुत्र रामेश्वर दयाल ने जहानाबाद पुलिस को तहरीर दी। जिसमे कहा गया कि वह 11 दिसंबर 2024 को दोपहर सवा तीन बजे गांव की सीमा में स्थिति कढ़ेराम की दुकान पर बाल कटवाने गया था। वहां पर पड़ोस में ही जनसेवा केंद्र की दुकान पर हरवंश पुत्र बुद्ध सेन गंगवार, अर्पित पुत्र प्रेम नारायण उर्फ बड़े, नीतीश पुत्र डालचंद निवासीगण ग्राम कनाकोर किसी अन्य व्यक्ति से लड़ाई झगड़ा कर रहे थे। उसने विवाद कर रहे लोगों का बीच बचाव करा दिया। जिससे नाराज होकर आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौच करना शुरू कर दी। विरोध करने पर हरवंश ने अपनी गोट में रखा तमंचा निकालकर उसके ऊपर जान से मारने की नीयत से फायर झोंक दिया। जिसमे वह बाल-बाल बच गया। फायरिंग होने के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। प्रभारी निरीक्षक जहानाबाद मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# 19 लख रुपए लेकर ना तो दी कंबाइन दी ना ही रुपए लौटाएं

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

**अमरिया।** अमरिया थाना क्षेत्र के ग्राम भैंसहा निवासी लवजीत सिंह उर्फ लवी कंबाईन की वर्कशॉप का काम करता है। वह किसानों को नई कंबाईन बना कर बेचता है। किसान मोहम्मद सलीम पुत्र कमालुद्दीन निवासी चिड़ियादाह पीसे आरोपी ने 19 लाख रुपये ले लिए लेकिन न तो कंबाईन दी और न ही रुपये वापस किए। एसपी के आदेश पर थाना अमरिया पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक अमरिया प्रमेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि धोखाधड़ी के मुकदमे में फरार चल रहे आरोपी अमरिया थाना क्षेत्र के भैंसहा फार्म निवासी लवजीत सिंह उर्फ लवी पुत्र सतपाल सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क किनारे युवक का मिला शव

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



जनपद के थाना गजरौला क्षेत्र में सड़क किनारे युवक का शव पड़ा मिलने से हा हा कार मच गया।

सूचना पर पहुंची थाना गजरौला पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भिजवाया। थाना गजरौला क्षेत्र के सुहास मार्ग पर गुरूवार सुबह ग्रामीणों ने सड़क किनारे एक युवक का शव पड़ा देखा। शव मिलने की सूचना पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। सूचना पुलिस को दी गई तो गजरौला पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान थाना गजरौला क्षेत्र के ग्राम पिपरिया भजा निवासी 32 वर्षीय धाराजीत के रूप में हुई। सूचना पाकर मृतक के परिजन भी आ गए। परिजनों ने बताया कि मृतक अत्यधिक शराब का सेवन करता था। थानाध्यक्ष गजरौला जगदीप सिंह मलिक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा। हालांकि मृतक युवक अपने पीछे अपनी पत्नी धनदेई दो छोटे मासूम बच्चे बेटी कंचन 9 वर्ष आर्यन उम्र 7 वर्ष और माता हरकुमारी का रोता हुआ छोड़ गया।

# मौलाना कलीम समेत 7 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा अमित को अब्दुल्ला बनाने के मामले में दोबारा भेजे गए समन

**जन एक्सप्रेस । मुजफ्फरनगर**

मुजफ्फरनगर में चरथावल के अमित प्रजापति का धर्मांतरण कर अब्दुल्ला बनाने के प्रकरण में अदालत में हाजिर नहीं होने पर आरोपियों को दोबारा समन जारी किए गए हैं। एसीजेएम द्वितीय कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 25 जनवरी नियत की। चरथावल थाने में अमित प्रजापति ने 10 नवंबर 2021 को मुकदमा दर्ज कराया था। पीड़ित का कहना था कि फर्नीचर शोरूम में काम करते समय उसकी मुलाकात सलीम के साथ हुई थी। मई 2014 में आरोपी उसे फुलत स्थित मदरसा जामिया इमाम शाह वलीउल्लाह इस्लामिया ले गया। मौलाना कलीम सिद्दीकी ने कलमा पढ़वाकर उसका धर्म परिवर्तन करने के बाद नया नाम अब्दुल्ला रखा था। पुलिस ने मौलाना



कलीम सिद्दीकी, हाजी सलीम, दिलशाद, जाहिद मुल्ला, नौशाद, मोमीन और इसरार प्रधान के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। आरोपियों के खिलाफ 17 अप्रैल 2022 को आरोप पत्र दाखिल कर दिया गया था। गुरुवार को एसीजेएम द्वितीय कोर्ट में प्रकरण की सुनवाई हुई। आरोपी अदालत में हाजिर नहीं हुए। अदालत ने दोबारा समन जारी करने के आदेश दिए।

### देवबंद में सिखाई गई थी उर्दू

पीड़ित ने पुलिस को बताया था कि उसे जमात में ले जाकर नमाज व कलमा पढ़ना सिखाया गया था। वर्ष 2015 में उसे मदरसा देवबंद में उर्दू व अरबी भाषा सीखने के लिए भेजा गया था। 25 अक्तूबर 2021 को उसकी पिटाई की गई और गोमांस खाने का दबाव बनाया गया, जिसके बाद वह जान बचाकर भाग आया था।

### कलीम भी मुकदमे में आरोपी

फुलत के मौलाना कलीम को दूसरे प्रकरण में लखनऊ में उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। एटीएस ने मौलाना को 21 सितंबर 2021 को मेरठ में गिरफ्तार किया था।

# एनआईए ने म्यांमार से आए दो संदिग्ध हिरासत में लिए, भारत विरोधी गतिविधि में शामिल होने का शक

**जन एक्सप्रेस । सहारनपुर**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और पुलिस की संयुक्त टीम ने देवबंद के दारुल उलूम क्षेत्र में छापा मारकर दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है। टीम दोनों से पूछताछ कर रही है। बताया गया है कि ये संदिग्ध म्यांमार (बर्मा) के रहने वाले हैं। देश विरोधी गतिविधियों में इनके शामिल होने का शक है। एनआईए और पुलिस की टीम बृहस्पतिवार को दारुल उलूम क्षेत्र के मोहल्ला अब्दुलहक (टपरी) पहुंची। टीम ने यहां से दो संदिग्ध विदेशी नागरिकों को हिरासत में लिया है, जो किराए पर कमरा लेकर रह रहे थे और एक मदरसे में तालीम हासिल कर रहे थे। इनके देशविरोधी गतिविधियों में संलिप्त होने का शक है। टीम उनकी पहचान और नागरिकता की पुष्टि के लिए जांच कर रही है। बताया गया कि कार्रवाई के दौरान टीम ने संदिग्धों के ठिकानों से कुछ दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए हैं, जिनकी जांच की जा रही है। एनआईए ने एक स्थानीय युवक से भी पूछताछ की है। जानकारी मिली है कि उक्त युवक ने अपनी आईडी से संदिग्ध को सिम कार्ड दिलाया था। हालांकि अभी एनआईए की टीम या स्थानीय अधिकारियों ने इस संबंध में कोई जानकारी नहीं दी है।

# अध्यक्ष डॉ अभिषेक रावत और सचिव डॉ देवी प्रसाद पुष्पजीवी चुने गये

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

**शाहगंज।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) द्वारा चुनाव सम्बन्धित बैठक ज्योत्स्ना भवन में आयोजित किया गया। बैठक में नये कार्यकाल हेतु अध्यक्ष एवं सचिव का चुनाव सम्पन्न हुआ। मुख्य चुनाव अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डा रफिक फारुकी एवं रिटर्निंग अधिकारी डा डी के गुप्ता रहे। इन्हीं के नेतृत्व में चुनाव सम्पन्न हुआ। सर्व सम्मति से आर्थोपेडिक सर्जन डा अभिषेक रावत को ध्वनिमत से नया अध्यक्ष चुना गया। वहीं शिशु रोग विशेषज्ञ डा देवी प्रसाद पुष्पजीवी सचिव निर्वाचित हुये। पूर्व अध्यक्ष डा एस एल गुप्ता एवं पूर्व सचिव डा सुधाकर मिश्र ने आगांतुक चिकित्सकों का आभार व्यक्त कर नव निर्वाचित अध्यक्ष और सचिव को बधाई दी। नव निर्वाचित अध्यक्ष डा अभिषेक रावत ने कहा कि संगठन ने जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है उसे तन मन धन एवं सच्ची निष्ठा व लगन से पूरा करने का प्रयास रहेगा। चिकित्सकों के हित के साथ साथ मरीजों को भी यथा सम्भव मदद मिले यह भी प्रयास होगा। चिकित्सकीय पेशे में आई गिरावट को दूर कर निर्धनो की मददगार बने चिकित्सक ऐसी मेरी सोच है। जिससे डाक्टर का सम्मान समाज में स्थापित रहे। महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देने हेतु चिकित्सकों का आभार प्रकट किया। इस दौरान डा डी एस यादव, डा महेंद्र यादव, डा जावेद अहमद, डा जे पी दूबे, डा रुचि मिश्रा, डा महफूज अहमद, डा आकांक्षा सिंह, डा सुनील दुबे, डा वाहिद, डा अब्दुलाह आदि चिकित्सक मौजूद रहे।

# राज्यमंत्री केपी मलिक के भाई की स्क्रैप फैक्ट्री में भीषण आग

**जन एक्सप्रेस । बागपत**

खेकड़ा कस्बे में दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे स्थित स्क्रैप की फैक्ट्री में आग लग गई। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने घंटों प्रयास कर आग पर काबू पाया। दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे पर खेकड़ा तहसील के पास राज्यमंत्री केपी मलिक के भाई रविंद्र मालिक की गो ग्रीन के नाम से स्क्रैप फैक्ट्री है। बृहस्पतिवार सुबह



करीब नौ बजे अचानक फैक्ट्री के गोदाम में आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने उग्र रूप धारण कर लिया। आसमान में धुएं के गुबार उड़ने लगे। पता लगने पर कर्मचारियों ने फैक्ट्री मालिक के साथ ही दमकल कर्मियों को आग लगने की सूचना दी। दमकल कर्मी मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में जुट गए। आग बुझाने के लिए घंटों तक मशक्कत की। चार गाड़ियों ने करीब दो घंटे बाद आग पर काबू पाया। करीब दो महीने पहले भी इसी फैक्ट्री के गोदाम में शॉर्ट सर्किट से आग लगने पर लाखों रुपए कीमत का स्क्रैप जल गया था।

# धान क्रय मे छोटे किसानो को प्राथमिकता दें: अमित कुमार पांडेय

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

- सहायक आयुक्त सहकारिता ने किया मछलीशहर के धान क्रय केंद्रो का निरीक्षण

**मछलीशहर।** सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक जौनपुर अमितकुमारपांडेय ने बुधवार को मछलीशहर के धान क्रय केन्द्रो का निरीक्षण किया। इस दौरान एडीसीओ मछलीशहर विजय कुमार और एडीओ मछलीशहर भी साथ थे। बी पैक्स रामपुर खुर्द के निरीक्षण मे अब तक 22 किसानो से 1507 कुंतल धान खरीद पाई गई।मौके पर 216 बोरे उपलब्ध पाए गये। सहायक आयुक्त ने जिलाप्रबंधक पीसीएफ को आनलाईन बोरे तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए सहायक आयुक्त द्वारा मछलीशहर के हीरामनपुर, रामपुर चौथर, गरियाँव, सोहासाँ, नीभापुर, बनवीरपुर, मुस्तफाबाद व सलारपुर धान क्रय केन्द्र के धान खरीद की भी समीक्षा की गई। उन्होने क्रय नीति के अनुसार छोटे तय किसानो के धान खरीद को प्राथमिकता देने के भी निर्देश दिए। रामपुर, बणवीरपुर, घघरिया, भीलमपुर, निभापुर, सोहासा, भीलमपुर और गरियाँव केन्द्रो से धान की शून्य डिलीवरी पर सहायक आयुक्त ने नाराजगी व्यक्त की और संबंधित क्रय एजेंसी को तत्काल डिलीवरी कराने के निर्देश दिए। सहायक आयुक्त ने एडीसीओ मछलीशहर और संबंधित एडीओ को भी निर्देश दिये कि धान क्रय केन्द्रो पर अवशेष धान का कम से कम 80 प्रतिशत संबंधित मिलों को डिलीवरी करा कर सीएमआर डिलीवरी सुनिश्चित करायें। सहायक आयुक्त ने कहा कि धान क्रय मे कोई लापरवाही बर्दाश्त नही होगी।सभी केन्द्र प्रतिदिन निर्धारित समय तक खुले रहेंगे और केन्द्र प्रभारी केन्द्र पर नियमित रूप से उपस्थित रहें। धान बेचने वाले किसानो का भुगतान 48 घंटो के भीतर सुनिश्चित कराया जाएगा।

# थानागद्दी चौकी अंतर्गत चौबीस घंटा में दूसरी वारदात से दहल उठा

- नाबालिक युवती को देर रात अगवा कर अधमरा छोड़ भागे
- वाराणसी ले जाते समय युवती ने रस्ते में तोड़ा दम

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



स्थानीय कोतवाली के थानागद्दी चौकी अंतर्गत बुधवार को चूड़ी व्यापारी की नृशंक हत्या को चौबीस घंटे भी नहीं बिता कि बराई( अवदर )गांव में दलित नाबालिक युवती गुरुवार की भोर में बदहवास हालत में मिली जिसको उपचार हेतु वाराणसी ले जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया मौत की खबर गांव में होते ही हड़कंप मच गया। मिली जानकारी के अनुसार बराई( अवदर )गांव मुन्नी देवी पत्नी रमेश कुमार का परिवार खाना खा कर सो गया गुरुवार की भोर अचानक गांव का ही एक लड़का मुन्नी देवी को जगा कर बेटी के बदहवास होने की बात बताई।लड़के की बात को सुन परिवार आवक हो उठा आनन फानन ने नट बस्ती पहुंच देखा तो बेटी बदहवास थी परिजन बेटी को गोद में उठा कर किसी तरह घर लाया गया।तत्पश्चात उपचार हेतु सिंधौरा निजी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने नाबालिक युवती की हालत नाजुक देख लेने से मना कर किया जिसके बाद परिजन वाराणसी ले जा रहे थे कि रस्ते में ही युवती ने दम तोड़ दिया।मौत की खबर होते ही ग्रामीणों ने हड़कंप मच गया।घटना की सूचना होते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया वही सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे एस पी डॉ अजय पाल शर्मा,एस पी सिटी अरविंद कुमार शर्मा पहुंच घटना की जानकारी जुटाई सुरक्षा के मद्देनजर गांव में भारी पुलिस फोर्स मौजूद रही। बता दे कि दबी जुबान में ग्रामीण दुष्कर्म होने की बात कह रहे हैं।ग्रामीणों के अनुसार मृतका का पिता रमेश कुमार रोजी रोटी के लिए सूरत में रहता है

# शिक्षकों, प्रधानों के समन्वय से हो रहा विद्यालयों का कायाकल्प : विधायक

जन एक्सप्रेस । बस्ती



हरैया ब्लाक के जनप्रतिनिधियों एवं प्रधानाध्यापकों की ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला बीआरसी परिसर में खण्ड शिक्षा अधिकारी विजय आनन्द की अध्यक्षता में गुरुवार को संपन्न हुई। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि हरैया विधायक अजय सिंह और विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष हरैया कौशलेंद्र प्रताप सिंह राजू ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित करके किया। मुख्य अतिथि ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानों और प्रधानाध्यापकों के आपसी समन्वय से परिषदीय विद्यालयों का कायाकल्प हो रहा है। उत्कृष्ट शिक्षकों, शिक्षामित्रों और ग्राम प्रधानों का उदाहरण देते हुए कहा कि अन्य लोग भी इन्हीं की राह पर चलते हुए विद्यालयों के साथ साथ बच्चों का सर्वांगीण विकास करें। विशिष्ट अतिथि ने कहा कि नगर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों का कायाकल्प कराया जा रहा है और कंप्यूटर लैब से सुसज्जित किया जा रहा है। कहा कि आगे भी लगातार सहयोग जारी रहेगा। उन्होंने प्रधानाध्यापकों से गुणवत्ता युक्त मध्यान भोजन बनाने की अपील किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने डीबीटी, शारदा, विद्यालय प्रबंध समिति, ऑपरेशन कायाकल्प, निपुण भारत मिशन, आईसीटी लैब, बालिका शिक्षा, स्मार्ट क्लास आदि के बारे में विस्तार से बताया। कार्यशाला के संदर्भदाता एआरपी गिरिजेश बहादुर सिंह, उमेश सिंह, उदय प्रताप सिंह ने कायाकल्प और निपुण भारत मिशन के संबंध में विस्तृत ढंग से बताया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रधानों और शिक्षकों, शिक्षामित्रों को अतिथियों द्वारा अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन गिरिजेश बहादुर सिंह ने किया। इस अवसर पर अर्जुन सिंह, परशुराम सिंह मुन्ना, अखिलेश सिंह, निर्मल सिंह, बाबूलाल ओझा, संतोष शुक्ल, रामप्यारे, राजकुमार तिवारी, सत्यराम वर्मा, रवीश कुमार मिश्र, विवेक कान्त पाण्डेय, प्रेमसागर, सर्व देव सिंह, डॉ योगेश सिंह, आनंद सिंह, नरेंद्र पाण्डेय, जगदंबा द्विवेदी, अरुण शुक्ल, विद्यासागर वर्मा, शैलेश सिंह, इश्तियाक अहमद, नईमुद्दीन, मानिक राम वर्मा, चिन्मय राय, जयशंकर मिश्र, बालकृष्ण मिश्र, प्रदीप मिश्र, शैलेंद्र गौतम, भारती शुक्ला, मीरा चौधरी, हरिकेश सिंह, प्रभात सिंह, संजीत सिंह, सुजीत सिंह, राजा ओझा, अजय ओझा, राकेश सिंह, गौरव सिंह, अवधेश सिंह, मोहम्मद यूनुस, अमरचंद, हरी सिंह, हनुमान दुबे, प्रशांत सिंह, उपेंद्र तिवारी, गुलाम अशरफ, मनोज मिश्र, जितेंद्र कुमार, कंचन वर्मा, आरती पाण्डेय, ममता पाण्डेय, निरुपमा तिवारी, प्रियंका सिंह, राकेश प्रकाश श्रीवास्तव, सुनील कुमार, ऋषि सिंह, राजेश वर्मा, जमुना, रवि, राकेश आदि मौजूद रहे।

## समेकित शिक्षा के अंतर्गत एक्सपोजर विजिट में दिव्यांग बच्चों ने देखी रमणीय कानपुर की झलक

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के परिषदीय स्कूलों के बच्चों ने समग्र शिक्षा के अंतर्गत मंडलायुक्त अमित गुप्ता (कानपुर मंडल) की अध्यक्षता में प्रदत्त तथा महानिदेशक स्कूल शिक्षा के दिशा निर्देशो केअनुक्रम में बेसिक शिक्षा विभाग के परिषदीय स्कूलों में अध्यनरत दिव्यांग बच्चों को आज दिनांक 12/12/2024 को ÷कानपुर दर्शन÷ एक्स्पोज़र विजिट हेतु कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम एवं मोतीझील हाथी पार्क तथा कारगिल पार्क का भ्रमण कराया गया। श्रीमती दीक्षा जैन सीडीओ के सहयोग से सुरजीत कुमार सिंह जिबेशि अधिकारी, कानपुर नगर के संरक्षण एवं डिंपल रानी जिला समन्वयक, समेकित शिक्षा के नेतृत्व में आयोजित इस भ्रमण यात्रा में जनपद के बिल्हौर, ककवन, शिवराजपुर और चौबेपुर सहित सभी विकासखंड से कुल 150 दिव्यांग बच्चों (ष्ट्ठ्ठस्ह) ने प्रतिभाग किया। ÷कानपुर दर्शन÷ भ्रमण का प्रमुख उद्देश्य परिषदीय विद्यालय में नामांकित दिव्यांग बच्चों में आत्मविश्वास जगाना, उन्हें समानता का एहसास कराना, विद्यालय एवं शिक्षको के प्रति लगाव का अनुभव कराते हुए उनके जीवन में उमंग भरना रहा। डिंपल रानी (ष्ठ्ष्ट) ने हरी झंडी दिखाकर तीन बसों द्वारा सभी बच्चों को गंतव्य की ओर रवाना किया डिंपल रानी (ष्ठ्ष्ट) ने हरी झंडी दिखाकर तीन बसों द्वारा सभी बच्चों को गंतव्य की ओर रवाना किया जहाँ एक ओर कानपुर के विश्व विख्यात ग्रीन पार्क स्टेडियम पहुंचकर बच्चे अति उत्साह से भर गए। इतना बड़ा मैदान और खेलने के समान को देखकर ताली बजाकर बच्चों ने खुशी व्यक्ति की। भ्रमण के दूसरे चरण में कानपुर के प्रसिद्ध मोती झील स्थित हाथी पार्क में बच्चों ने तरह-तरह के सुंदर झूलों का आनंद उठाया। इन बच्चों के लिए हरा भरा वातावरण अपने शिक्षकों के साथ प्यार भरा व्यवहार तथा सुंदर रंग- बिरंगे झूले झूले का अवसर खाने के लिए मनचाहा नाश्ता व भोजन खाकर बच्चे अति प्रसन्न हुए। कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था, संचालन, सुरक्षा का निर्वहन डॉ. अलका गुप्ता (स्त्रन्न) तथा स्पेशल एजुकेटर टीम से अंजनी पांडे, गरिमा सचान संजय पांडे जूलियट प्रसाद अनिल पांडे नीलम सक्सेना अपराजिता, राकेश, अंजली सिंह विजय कुमार मंजू लता रिचा सिंह गरिमा तथा डॉ. प्रगति रघु मीडिया प्रभारी द्वारा किया गया निश्चित तौर से बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा चलायी जा रही यह योजना समेकित शिक्षा में दिव्यांग बच्चों की स्थिति को और मजबूत करने सफल रहेगी।

## सफलता के लिए लक्ष्य निर्धारित करना सबसे जरूरी : एसडीएम




जन एक्सप्रेस । बस्ती

हरैया विधानसभा के महिला औद्योगिक इंटर कॉलेज बस्थनवाँ के परिसर में सफलता की कुंजी अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन हरैया विधायक अजय सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी हरैया विनोद कुमार पाण्डेय ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि सफलता के लिए लक्ष्य निर्धारित करना सबसे जरूरी है और उस लक्ष्य प्राप्ति के लिए पूरे मनोयोग से कठिन परिश्रम अनिवार्य है। सफलता का अर्थ केवल नौकरी पाना नहीं है बल्कि सफलता का असली अर्थ है प्रसन्नता। कहा कि हमारी बेटियां आज किसी भी क्षेत्र में लड़कों से पीछे नहीं है। विधायक ने संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में अभिभावक खुद के सपनों को बच्चों से साकार करना चाहते हैं जो कि गलत है। बच्चे जो सपने देखे, अपनी प्रतिभा के अनुसार जो स्वयं की करने की इच्छा हो वह करें तो ज्यादा अच्छा होगा। प्रधानाचार्य विनोद कुमार पाठक ने कहा कि अनुशासन के साथ कठिन परिश्रम सफलता के लिए जरूरी है। सफलता पाने के लिए निरंतर सीखते रहना चाहिए, सीखने से अनुभव का विकास होता है। कहा कि गलतियों से सीखें, लेकिन उन्हें दोहराएं नहीं। इस अवसर पर थाना प्रभारी परशुरामपुर दिनेश चंद्र वर्मा, थानाध्यक्ष छावनी विजय कुमार दूबे, अखिलेश सिंह, निर्मल सिंह, संदीप कुमार, सुधीर, उमेश दास, सर्वेश कुमार, विनोद कुमार पाठक, विनोद शुक्ल, अशोक कुमार मौर्य, मनोज कुमार, आदि उपस्थित रहे।

## वर्दी पहन वाहन चालकों से वसूली करने वाला फर्जी सिपाही गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी उन्नाव व क्षेत्राधिकारी बीघापुर के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बीघापुर पुलिस द्वारा वाहन चालकों से अवैध वसूली करने वाले फर्जी सिपाही को गिरफ्तार किया गया आज दिनांक 12.12.2024 को थाना बीघापुर पुलिस द्वारा अवैध रूप से पुलिस की वर्दी पहने हुए वाहन चालको से वसूली करते हुए अभियुक्त शिव बक्स पुत्र वंश बहादुर उम्र करीब 26 वर्ष निवासी ग्राम निवाजीखेड़ा पोस्ट विजयमऊ थाना सरेनी जनपद रायबरेली को ओमप्रकाश की दुकान के पास कस्बा बीघापुर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक अदद टेरीकाट की पैंट, अंगोला शर्ट व उत्तर प्रदेश पुलिस लिखी हुई मोनोग्राम लगी हुई पुलिस जैकेट व काले रंग के जूते, लाल बेल्ट एवं चपलास तथा बैरट कैप एवं एक अदद पीतल का ताज तथा एक अदद जाली आइडेंटी कार्ड हस्ताक्षर युक्त तथा एक अदद रोहित सिंह नाम की नेम प्लेट अंग्रेजी व हिंदी में लिखा है व उत्तर प्रदेश पुलिस के एक जोड़ी बैज तथा एक अदद सीटी डोरी व 7300 रुपए नकद (100-100 के 73 नोट) व एक अदद मोटरसाइकिल पैशन प्रो नंबर क्क33,ह 9765 जिसके वाइजर पर स्क्क तथा पीछे की नंबर प्लेट के नीचे मडगार्ड पर अंग्रेजी में पुलिस लिखा हुआ मिला। अभियुक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0 266/24 धारा 204/318(4)/338/336(2)/340(2)ब्नहस् का अभियोग पंजीकृत कर मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर विधिक कार्यवाही की जा रही हैं गिरफ्तार करने वाली टीम में मुख्य रूप से उ0नि0 लक्ष्मण प्रसाद पाण्डेय थाना बीघापुर उन्नाव का0 नरेन्द्र कुमार थाना बीघापुर जनपद उन्नाव का0 विंकल कुमार थाना बीघापुर जनपद उन्नाव का0 सत्यवीर थाना बीघापुर जनपद उन्नाव उपस्थिति रहे।




## शिवराजपुर कस्बे में रैली निकालकर बिजली विभाग अधिकारियों ने उपभोक्ताओं को जागरूक किया

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में शिवराजपुर विद्युत विभाग के अधिकारियों ने ओटीएस एकमुश्त समाधान योजना के तहत बिजली उपभोक्ताओं को बकाया बिल जमा करने का अवसर प्रदान किया है। इस योजना के तहत, उपभोक्ता अपने बकाया बिजली बिल को किस्तों में जमा कर सकते हैं और सरचार्ज में 100त्न छूट का लाभ उठा सकते हैं। शिवराजपुर विद्युत उपखंड के एसडीओ अतुलेंद्र कुमार और जेई विमलेश दुबे ने बताया कि सरकार की तरफ से 15 तारीख को एकमुश्त समाधान योजना कैंप के माध्यम से बिल जमा किए जाएंगे। इस योजना का लाभ उठाने के लिए उपभोक्ताओं को पंजीकरण कराना होगा जो विद्युत विभाग की वेबसाइट पर या सीएससी के माध्यम से किया जा सकता है। योजना को प्रचारित करने के लिए अधिकारियों ने कस्बे भर में रैली निकालकर जनता को जागरूक किया। इस दौरान एसडीओ अतुलेंद्र कुमार, जेई विमलेश दुबे और अन्य बिजली कर्मी मौजूद रहे।

## डीएम ने की जनकल्याण योजनाओं की समीक्षा

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधीं सभागार में जनकल्याणकारी योजनाओ के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई। उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं के लंबित लाभार्थियो के आधार प्रमाणीकरण के कार्य को ब्लाक एवं नगर पंचायतो से समन्वय स्थापित कर समय से पूर्ण किया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये है कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत 1405 लक्ष्य के सापेक्ष अभी 719 जोडो का विवाह सम्पन्न हुआ है जो कम है, लक्ष्य के सापेक्ष निर्धारित समय सीमा के भीतर विवाह कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अत्याचारो से उत्पीड़ित अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के पात्र व्यक्तियो को आर्थिक सहायता योजना से लाभ दिया जाये। आईसीडीएस विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए पात्र लाभार्थियो के आवेदन भराकर लाभान्वित किया जाये।

## एक्सप्रेस खबरें...

### उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या का कार्यक्रम हुआ सुनिश्चित

जन एक्सप्रेस। उन्नाव। राज्य महिला आयोग सदस्या श्रीमती एकता सिंह का कार्यक्रम सुनिश्चित हुआ है जिसमें मुख्य रुप से प्रदेश में महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जनपद में जनसुनवाई भ्रमण कार्यक्रम जनपद उन्नाव के सुनिश्चित हुआ है।

### छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। विकास खण्ड हरख क्षेत्र की ग्राम पंचायत बंगाला बाजार में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में कक्षा सात में पढ़ने वाली बालिका की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पिता को बीमार होने की सूचना विद्यालय द्वारा दी गई। आननफानन में विद्यालय पहुंचे पिता ने स्कूल में साथ पढ़ने वाली अपनी भतीजी के साथ बैठकर बेहोश हालत में अस्पताल पहुंचे। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने बालिका को मृत्यु घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है। कस्तूरबा गांधी विद्यालय में बालिका की मौत के बाद हडकंप मच गया। बालिका की मौत को लेकर अभिभावकों व ग्रामीणों में काफी नाराजगी भी थी। ज़ैदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम फतुल्लापुर मजरे मचौची निवासी सुरेश चंद्र की पुत्री आंचल (14) कक्षा सात में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में पढ़ती थी। साथ में पढ़ने वाली चचेरी बहन अंजलि ने बताया कि रात में बुखार चढ़ा हुआ था। जब शौचालय रात में गई तो गिर भी गई थी। सुबह विद्यालय द्वारा दवा दी गई थी। लेकिन उल्टी काम नहीं पड़ रही थी। जबकि पिता सुरेश चंद्र ने बताया कि तीन बजे के करीब विद्यालय से फोन आया कि आपकी बेटी की तबीयत अचानक खराब गई है। खबर सुनते ही आनन फानन में स्कूल पहुंचे तो बेटी बेहोश अवस्था में थी। जिसको स्कूल की टीचर्स द्वारा डॉक्टर को दिखाने के लिए कहा गया। बेहोश बेटी को चचेरी बहन के साथ लेकर ज़ैदपुर अस्पताल पहुंचे।



## यशस्वी ग्राम प्रधान के सम्मान को जाने के दौरान महिला ग्राम प्रधान का ग्रामीणों ने फूल माला पहनकर स्वागत किया

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

विकासखंड हसनगंज की ग्राम पंचायत सिघनापुर की ग्राम प्रधान तारावती पाल द्वारा अपने कार्यकाल में खेलकूद मैदान पंचायत भवन पानी की टंकी जल संरक्षण हेतु तालाब बच्चों की पढ़ाई के लिए पुस्तकालय की स्थापना प्राईमरी स्कूलों के कायाकल्प के साथ एल ई डी टी वी से स्कूलों में पढ़ाई जैसे अब तक कराए गए विकास कार्यों के अलावा गांव में दहेज प्रथा नशा और अशिक्षा के खिलाफ गांव वालों को जागरूक करके कई लोगों को जहां नशा मुक्त किया है वहीं पर गांव के बच्चों में शिक्षा को बढ़ावा मिला हैं जिसके कारण ग्राम प्रधान तारावती पाल को सिंघनापुर ग्राम पंचायत की जनता ने उनका फूल मालाओं से स्वागत एवम फूलों की वर्षा कर हर्ष उल्लास के साथ गाजे बाजे की धुन पर नृत्य करते हुए साथ कानपुर के लाजपत नगर के एक गेस्ट हाउस के सभागार में यशस्वी ग्राम प्रधान का सम्मान लेने जाने हेतु विदा किया उक्त जानकारी उनके पुत्र ग्राम विकास अधिकारी पुत्तन लाल पाल ने दी इस अवसर पर भैयालाल कलावती सीमा लाल बहादुर लाला राम विनोद आशू बिन्दा छोटेलाल सोनी अनित रोहित सूरज छोटू जगन्नाथ मौर्या बिटोला श्याम दुलारी सूरज पाल रामजीवन रज्जन लाल पाल अनूप लोधी सहित इस विदाई समारोह के हिस्सा बनें।

### महिला के हत्यारे को आजीवन कारावास की सजा

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। महिला की हत्या संबंधी एक मुकदमे का फैसला सुनाते हुए अपर जिला जज कमल कांत श्रीवास्तव ने कातिल को दोषी करार देकर आजीवन कारावास व 15 हजार रूपये अर्थदंड से दण्डित किया। जिला सहायक शासकीय अधिवक्ता मथुरा प्रसाद वर्मा ने अभियोजन कथानक का ब्योरा देते हुए बताया कि वादी मुकदमा पवन कुमार पुत्र राधे निवासी मदारपुर थाना कुर्सी की मां राधा रावत उम्र 45 वर्ष के पति राधे लाल का देहांत हो गया था। इस कारण वादी की मां राधा ने अपने देवर मोहन के साथ नवरात्रि में बतौर पत्नी रहने लगी थी किंतु मोहन रावत वादी की मां राधा को मारता पीटता था। इस कारण राधा पुनः अपने बच्चो के साथ/वादी के साथ रहने लगी थी। इससे मोहन रावत राधा से नाराज रहने लगा तथा कई बार राधा पर साथ रहने का दबाव बनाने लगा किन्तु राधा ने मोहन रावत के साथ रहने से मना कर दिया। इसी नाराजगी के चलते 14 जनवरी 2020 को मौका पाकर घर के पीछे से राधा के घर मे घुसकर, दरवाजा बंद कर राधा की बांका से काट कर निर्मम हत्या कर दी थी। हत्या करने के बाद मोहन रावत बांका लहराता हुआ भाग निकला था।

## ककवन ब्लॉक के औरोंताहरपुर माइनर सफाई की पोल खुली लगभग 100 बीघा फसल जलमग्न

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर



बिल्हौर तहसील क्षेत्र में प्रशासनिक लापरवाही व भ्रष्टाचार की वजह से क्षेत्र के रजबहों में सिल्ट सफाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। ताजा मामला ककवन विकास खण्ड के औरोंताहरपुर माइनर का है जहाँ पर ठेकेदार द्वारा अधूरी सफाई छोड़ दी ग?ई तथा माइनर में जब पानी छोड़ा गया तो सिल्ट के अवरोध की वजह से लहरियापुर गाँव में आसपास के क?ई किसानों की फसलें जलमग्न होकर खराब हो ग?ईं हैं। यहाँ अवगत कराना है कि क्षेत्र से गुजरे लगभग सभी रजबहों में सिल्ट सफाई की सिर्फ औपचारिकता भर की ग?ई है। रजबहे उसी तरह से चोक हैं। स्थानीय प्रशासन आँख बंदकर बैठा रहता है। बिना किसी नुकसान व शिकायत के गुणवत्ता चेकिंग आदि कुछ नहीं किया जाता है। ग्रामीण गोविंद कश्यप आदि की सूचना पर जब ककवन ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विनय यादव पहुँचे तो उन्होंने इस स्थिति को उपजिलाधिकारी बिल्हौर को इस घटना से अवगत कराया तथा किसानों के हुए नुकसान के लिए सरकारी मदद दिलाने को कहा व ग्रामीणों ने बातया चाठिन से हीरा निवादा तक नहर साफ ही नही हो पायी पानी छोड़ दिया गया आस पास के लगभग 100 बीघा से ज्यादा किसानो का नुकसान हो गया गेहूं और आलू की फ़सल मे पानी भर गया उन्होंने सभी रजबहों की सफाई गुणवत्ता की जाँच कराने का भी आग्रह किया है। इस शिकायत पर उपजिलाधिकारी रश्मि लांबा के आदेश पर नायब तहसीलदर सीपी राजपूत ने मौके का निरीक्षण कर रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी है नायब तहसीलदार ने बताया कि किसानों का नुकसान हुआ है सिंचाई विभाग की घोर लापरवाही रही है।

प्रधान के भ्रष्टाचार की खबर पर अधिकारियों ने लिया संज्ञान

## पंचायत कार्य मे मिली अनियमितता श्रमदान में डाला गया कार्य

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

पंचायतों में व्याप्त भ्रष्टाचार के अनावरण शिकायतें अक्सर होती रहती हैं। कुछ स्थानो पर जिम्मेदार अधिकारी संज्ञान लेते हैं, तो कुछ जगहों पर मिलीभगत से भ्रष्टाचार परवान चढ़ा है। हाल ही जन एक्सप्रेस समाचार पत्र में शीर्षक श्कागजों पर प्रधान ने कर दी खुदाई फोटो से फोटो लगाकर चला रहे काम की खबर प्रकाशित हुई थी। तत्पश्चात खबर सार्वजनिक होते ही अधिकारियों ने प्रकरण संज्ञान लिया। कमोली ग्राम पंचायत मे इटौरा से रामबाग तक चल रहे पटाई कार्य को श्रमदान में डाल दिया गया।

> कुछ दिनों पहले जन एक्सप्रेस अखबार में खबर छपी थी। इसके बाद मौके पर कुछ कमियां भी देखी गई। इसी वजह से सारे कार्य को निरस्त कर दिया गया है। सभी कार्य को श्रमदान में डाल दिया गया है।
>
> –विनोद कुमार, सचिव
> ग्राम पंचायत कमोली, बाराबंकी


कागजों पर प्रधान ने कर दी खुदाई फोटो से फोटो लगाकर चला रहे काम

## एसपी की चौखट पहुंचा पीड़िता, वन दरोगा पर पैसा लूटने का आरोप

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी



थाना जैदपुर अन्तर्गत एक सप्ताह पूर्व वन दरोगा के ऊपर गाड़ी चढ़ाकर घायल करने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। एक तरफ जहां वन दरोगा ने थाना जैदपुर में डीसीएम मालिक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करवाया है। वहीं दूसरी तरफ डीसीएम मालिक ने पुलिस अधीक्षक को षिकायती पत्र देकर वन दरोगा और उनके सहयोगियों के विरुद्ध 50 हजार रुपये लूटने का आरोप लगाया है। पुलिस अधीक्षक ने जांच के निर्देष दिए हैं। पुलिस अधीक्षक को दिये गये षिकायती पत्र में जनपद गोण्डा के थाना परसपुर के ग्राम राजापुर निवासी जितेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र देवदत्त सिंह ने यह आरोप लगाया है कि रायबरेली जनपद से अपनी डीसीएम गाड़ी पर कोयला लाद करके गोण्डा के लिए निकला था। बीती 3 दिसम्बर की रात्रि को हरख चौराहे के निकट वन क्षेत्र हरख में कार्यरत एक वन दरोगा ने अपने सहयोगियों के साथ एक अल्टो कार से मेरा पीछा किया मैने गाड़ी दो किलोमीटर दूर आगे पेट्रोल पम्प पर जाकर रोक दी। पीड़ित जितेन्द्र प्रताप ने आगे बताया कि वन दरोगा नषे में था उसने वर्दी नही पहन रखी थी। मुझसे अवैध तरीके से पैसा मांगने लगा और गाली ग्लौज करने लगा जब मैने विरोध किया तो उसके साथियों ने मेरी जमकर पिटाई भी कर दी और मुझे और मेरी गाड़ी को लेकर वन क्षेत्राधिकारी कार्यालय हरख में लाकर बंद कर दिया। रात को ही वन कर्मियों ने मुझे जैदपुर पुलिस के हवाले कर दिया। जैदपुर थाने में मैं लगभग 18 घण्टे बंद रहा उसके बाद मुझे एसडीएम कोर्ट में भेज दिया गया। जहां से जमानत होने के बाद मैने हरख कार्यालय जा करके अपनी गाड़ी की चाभी मांगी लेकिन मुझे चाभी नही मिली। गाड़ी में मेरे कागजात और लगभग 50 हजार रुपये रखे थे। वह सारा पैसा वन दरोगा ने लूट लिया पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि वन दरोगा ने झूठी चोट दिखाकर मुकदमा भी पंजीकृत करवाया अगर इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच हो जाये तो सारी हकीकत सामने आ जायेगी। पुलिस अधीक्षक ने षिकायती पत्र को गम्भीरता से लेते हुए जांच के निर्देष दिए हैं।

### कम राजस्व वसूली पर डीएम ने सख्ती बरतने को कहा

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में राजस्व कार्यों एवं कर-करेत्तर की आयोजित बैठक के दौरान विद्युत, वाणिज्य कर एवं स्टाम्प लक्ष्य के सापेक्ष वसूली कम पाये जाने पर निर्देश दिये कि शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित की जाये। आबकारी अधिकारी को निर्देश दिये कि सभी आबकारी निरीक्षक सक्रिय होकर क्षेत्र में भ्रमणशील रहे। क्वालिटी, क्वांटिटी, और रेट पर विशेष ध्यान रखा जाये। अवैध/मिलावट शराब विक्रेताओं पर कठोर कार्यवाही सुनिश्चित करें। आईजीआरएस व राजस्व वादों का निस्तारण सरकार की प्राथमिकता में है। असंतुष्ट फीडबैक की वजह से जनपद की रैंक खराब हो रही है। इसलिए शिकायतों के निस्तारण के समय गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। अधिकारी उदासीन रवैया न अपनायें। मुकदमों का निस्तारण प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित करें।

## बांग्लादेशी हिन्दुओं के साथ चल रहा भयानक त्रासदी का दौर : तोगड़िया

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

**फतेहपुर-बाराबंकी।** जिस तरीके से इजराइल यहूदियों पर हो रहे हमलों का जवाब गाजा पर हमले करके दे रहा है उसी तरीके से बांग्लादेश में हो रहे अत्याचार को खत्म करने के लिए भारत को भी बांग्लादेश में अत्याचारियों को ठोकने की जरूरत है। कुम्भ मेले में विष्व हिन्दू परिषद् द्वारा पांच सेवाओं का काम किया जायेगा। उक्त विचार अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद व बजरंग दल के प्रमुख प्रवीण भाई तोगड़िया ने गुरुवार को फतेहपुर पहुंचने पर एक प्रेस वार्ता के दौरान दिये। उन्होने कहा कि बांग्लादेशी हिन्दुओं के साथ लूटपाट और भयानक त्रासदी का दौर चल रहा है अब समय का गया है कि हिन्दुओं को बचाने के लिए भारत को भी इजराइल की तर्ज पर अत्याचारियों को ठोकने की जरूरत है, और भारत देश इस समय सक्षम भी है। हिन्दुओ को अब कम से कम तीन औलादें जरूर पैदा करनी चाहिये। कुम्भ मेले में दो से तीन करोड लोगो की सेवा करने के लिए 40 ट्रक चावल और 30 हजार किलोग्राम नमक और भोजन, जलपान की व्यापक व्यवस्था का इंतजाम किया गया है। कशमीरी नेता फारूक अब्दुल्ला को रोहंगिया मुसलमानों को उन्हे अपने घर मे रख लें भारत उन्हे नही रखेगा। देर शाम पहुंचने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया गया। पटेल चौराहे पर जोरदार नारेबाजी के बीच कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल मालाएं भेंट की। इस मौके पर जिला महामंत्री शुभम सोनी, के के जैन, सत्यम जोशी, श्रवण कुमार जोशी, करूणा शंकर शुक्ला, मदन गोपाल गुप्ता, दद्दन सिंह, शिवम सोनी, अंकित जोशी, मानस गुप्ता, विनय सिंह वर्मा आदि मौजूद थे।

# संसद परिसर में मिमिक्री करना अपरिपक्वता, कॉलेज के लड़के की तरह व्यवहार करते हैं राहुल : जेपी नड्डा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने संसद परिसर में मिमिक्री करने पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की आलोचना की। नड्डा ने कसते हुए कि उनका व्यवहार कॉलेज के लड़के जैसा था। राज्यसभा के नेता नड्डा ने कहा, भारत के उप राष्ट्रपति का पद संविधानिक है और राहुल गांधी उनकी मिमिक्री कर रहे हैं और इस तरह के वीडियो बनाकर उन्हें उकसा रहे हैं।

### कॉलेज के दिनों की याद दिलाता है राहुल का व्यवहार

नड्डा ने कहा, यह उनका (लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी) अपरिपक्व और बचकाना व्यवहार था। यह मुझे अपने कॉलेज के दिनों की याद दिलाता है, जब विपक्ष और सत्तापक्ष के छात्र इसी तरह के व्यवहार करते थे। कांग्रेस पार्टी और सोनिया गांधी ने इस पर एक शब्द भी नहीं कहा है। भाजपा नेता ने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी ने लोकतांत्रिक प्रणाली को कई बार नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने कहा, कांग्रेस मुद्दों को टालने और भटकाने की कोशिश कर रही है। देश के लोग बहुत परेशान हैं, जब से उन्हें पता चला कि जॉर्ज सोरोस नाम का व्यक्ति हमारे देश की स्थिरता को नुकसान पहुंचाना चाहता है। देश यह जानना चाहता है कि सोनिया गांधी और जॉर्ज सोरोस के बीच क्या संबंध हैं। हम इस मुद्दे को लेकर जनता के बीच जाएंगे।



### उप राष्ट्रपति धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव

विपक्षी गठबंधन इंडिया ने 10 दिसंबर को राज्यसभा के सचिवालय में अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था। विपक्षी गठबंधन के दलों ने प्रेस कॉन्फ्रेस में आरोप लगाया था कि राज्यसभा के सभापति संसद की कार्यवाही में पक्षपातपूर्ण तरीके से फैसले ले रहे हैं। खरगे ने आरोप लगाया था कि राज्यसभा के सभापति खुद सरकार के प्रवक्ता की तरह व्यवहार कर रहे हैं और इससे उनकी पदोन्नति की उम्मीद है।

### राहुल गांधी ने संसद परिसर में लिया था मॉक इंटरव्यू



राहुल गांधी को दस दिसंबर को संसद परिसर में एक मॉक इंटरव्यू करते हुए देखा गया था, जिसमें वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अरबपति कारोबारी गौतम अदाणी का मुखौटा पहने हुए लोगों के साथ सवाल-जवाब कर रहे थे। जेपी नड्डा ने राज्यसभा के सभापति के खिलाफ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आरोप की भी आलोचना की और कहा कि कांग्रेस प्रमुख खरगे ने कल राज्यसभा सभापति के खिलाफ आरोप लगाए। मल्लिकार्जुन खरगे एक वरिष्ठ नेता हैं, उन्हें जानकारी होनी चाहिए कि सभापति का फैसला अंतिम और अपरिवर्तनीय होता है। इस तरह के आरोप लगाना निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है।

### 'खरगे को संसद में बोलने के लिए मिला था पर्याप्त समय'

नड्डा ने यह भी कहा कि खरगे को संसद में बोलने के लिए पर्याप्त समय मिला था। लेकिन उन्होंने कहा कि वह बोलेंगे नहीं। उन्हें चेंबर से बोलने के लिए आमंत्रित किया गया था। लेकिन उन्होंने मना कर दिया। यह दिखाता है कि कांग्रेस पार्टी का मकसद सदन में सहयोग करना नहीं है। वह संसद के कामकाज में बाधा डालना चाहते हैं।

# फर्जी कागज़ों के खेल ने पहुंचाया जेल

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गाजियाबाद**



करोड़ों की संपत्ति को फर्जी दस्तावेजों के आधार पर कब्ज़ा करने वाले गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा गिरफ्तारी के बाद बड़े घटना का खुलासा हुआ है।

प्राप्त सूचना के अनुसार 19 सितम्बर को साहिबाबाद थानांतर्गत खसरा नंबर 1162, 1218,1217/2, 1255/1,1275 ,1274 एवं 1271 की बेशकीमती जमीन पर फर्जी पेपर बनाकर कब्ज़ा करने वालों के खिलाफ गैंगस्टर अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया । जिसके विवेचना के दौरान वांछित अभियुक्त राजकुमार गर्ग पुत्र सूरजमल गर्ग को पुलिस ने गिरफ्तार किया ।

घटना के बाबत गिरफ्तार आरोपी राजकुमार ने बताया कि वह प्रॉपर्टी डीलिंग का कार्य करता है। जिससे होने वाली आय से अपना परिवार चलाता है। 2017 में उसे कहीं से पता चला कि साहिबाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत अर्थला मेट्रो स्टेशन के पास बेशकीमती करोड़ों की जमीन खाली पड़ी है। जो किसी 149 गाजियाबाद निवासी राजकुमार अग्रवाल संयुक्त हिन्दू परिवार के नाम पंजीकृत है। चूंकि राजकुमार अग्रवाल अथवा उनका कोई परिजन यहां नहीं रहते इसका फायदा उठाकर राजकुमार गर्ग द्वारा बेशकीमती जमीन पर कब्ज़ा करने की नीयत से अपने आधार ,पैन और वोटर आईडी कार्ड में अपना नाम राज कुमार गर्ग के स्थान पर राजकुमार अग्रवाल करवा लिया । उसके बाद बेशकीमती जमीन के फर्जी कागजात तैयार करवाए । उसके बाद समस्त पुराने अपने अभिलेख हटाते हुए बैंकिंग खाते भी हटा दिए । फर्जीवाड़े की नीयत से नए नाम और नए खाते के द्वारा लेनदेन शुरू किया गया । उसके बाद अर्थला के खसरा संख्या 834, 840, 841, 1162, 1163, 1217/2, 1218, 1244, 1252, 1254, 1255/1, 1259, 1260, 1261, 1262, 1271, 1273, 1274, 1275, 1276, 1287, 1280, 1288, 1292, 1293, 1295, 1296, 1297, 1317, 1392 ,1397 के फर्जी पार्टनरशिप डीड, मुख्तारनामा , और अनुबंध पत्र तैयार करवाए । उसके बाद जमीनों के क्रय विक्रय के नाम पर मार्केट से खूब पैसे उगाही किए । एडवांस के नाम पर खूब लूटे । जिससे परेशान होकर पीड़ितों ने शिकायत दर्ज करवाई । पीड़ित रविन्द्र सिंह, पुत्र कारण सिंह, दिलीप सिंह पुत्र प्रवेंद्र सिंह की शिकायत पर आरोपी पुलिस के चुंगल में फंस गया । गिरफ्तार आरोपी अभियुक्त के खिलाफ थाना साहिबाबाद में 7 मुकदमे पंजीकृत हैं। चार मुकदमे तो 2024 में दर्ज हुए हैं। जबकि पहला मुकदमा 2020 में दर्ज हुआ ।




### सुप्रीम कोर्ट का आदेश, धार्मिक स्थलों पर नए मुकदमे नहीं दायर किए जाएंगे, न ही सर्वेक्षण का आदेश दिया जाएगा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार को निर्देश दिया कि धार्मिक स्थलों या तीर्थस्थलों के संबंध में कोई नया मुकदमा दर्ज नहीं किया जा सकता है या जिला अदालतों द्वारा सर्वेक्षण का आदेश तब तक नहीं दिया जा सकता है जब तक कि उपासना स्थल अधिनियम, 1991 की वैधता से संबंधित मामला उसके समक्ष लंबित है। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा, ÷जब मामला इस अदालत के समक्ष विचाराधीन है तो क्या अन्य लोगों के लिए इस पर अपना हाथ नहीं डालना उचित नहीं होगा।÷ शीर्ष अदालत ने कहा कि हालांकि नए मुकदमे दायर किए जा सकते हैं लेकिन उन्हें पंजीकृत नहीं किया जाएगा और जिला अदालतों द्वारा कोई प्रभावी आदेश पारित नहीं किया जाएगा।

### केंद्र को दिया चार हफ्ते का समय

साथ ही शीर्ष अदालत ने 1991 के कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने के लिए केंद्र सरकार को चार सप्ताह का और समय दिया। याचिकाओं के एक समूह पर विचार करते हुए अदालत ने यह भी कहा कि कानून के क्रियान्वयन की मांग करने वाली याचिका पर भी केंद्र द्वारा कोई जवाब दाखिल नहीं किया गया है। नवगठित पीठ ने नए मुकदमों पर विचार करने पर रोक लगाने के आदेश के विरोध को खारिज कर दिया। कानून की वैधता को चुनौती देने वालों की ओर से पेश वकीलों ने इस आदेश का विरोध किया था। पीठ ने कहा, ÷मुकदमे दायर किए जाने पर भी कोई कार्यवाही नहीं की जा सकती। जब मामला इस अदालत के समक्ष विचाराधीन है तो क्या दूसरों के लिए इस पर रोक लगाना उचित नहीं होगा। जब तक हम मामले की जांच नहीं कर लेते, तब तक कोई प्रभावी आदेश या सर्वेक्षण आदेश पारित नहीं किया जा सकता।

# सरकारी विभागों में रिक्त पदों पर हो रहीं भर्तियां

### केंद्रीय मंत्री ने राज्यसभा में दिया जवाब



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने सरकारी विभागों और मंत्रालयों में रिक्त पदों को लेकर बड़ी जानकारी साझा की। केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने राज्यसभा में कहा कि केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों में रिक्तियों को समयबद्ध तरीके से भरा जाता है। सदन में सरकार से पूछा गया था कि क्या मंत्रालय, विभाग, पीएसयू में रिक्त पदों पर भर्ती की जा रही है? क्योंकि केंद्र सरकार के तहत हर मंत्रालय, विभाग, पीएसयू 2019 से शून्य भर्ती और बहुत कम भर्ती होने के कारण 30 से 60 प्रतिशत तक कर्मचारियों की कमी है। केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि रिक्तियों और भर्तियों का विवरण संबंधित मंत्रालय, विभाग, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा रखा जाता है। सरकार द्वारा शुरू किए गए रोजगार मेलों के जरिये रिक्त पदों को भरा जा रहा है। अब तक विभिन्न राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों के 40-45 शहरों में 13 रोजगार मेले आयोजित किए गए हैं। इसमें मंत्रालयों, विभागों, संबद्ध संगठनों और सीपीएसयू ने कई लाख नियुक्ति पत्रों का वितरण किया है। उन्होंने कहा कि रिक्तियां होना और उनको भरा जाना, बैकलॉग रिक्तियां एक सतत प्रक्रिया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (राज्य ब्यूरो प्रमुख- संतोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)